♦ आश्विन शुक्ल पक्ष 03 विक्रम संवत 2079 ♦ डालटनगंज (मेदिनीनगर) , बुधवार 28 सितम्बर 2022 ♦ वर्ष-29 अंक-339 पृष्ठ-12, मूल्य ₹1.50

ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

शारदीय नवरात्र | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | www.rastriyanaveenmail.com

तृतीय : चंद्रघंटा

यह देवी दुर्गा के नौ रूपों में से तीसरा रूप है। नवरात्रि के तीसरे दिन इनका पूजन किया जाता है। नवरात्रि उपासना में तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व है और इस दिन इन्हीं के विग्रह का पूजन-आराधन किया जाता है। इस दिन साधक का मन 'मणिपूर' चक्र में प्रविष्ट होता है।

पिण्डज प्रवरारूढ़ा चण्डकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते मह्यम् चन्द्रघण्टेति विश्रुता॥

मां का यह स्वरूप शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्द्धचंद्र है, इसीलिए इन्हें चंद्रघंटा कहा जाता है। इनका शरीर स्वर्ण के समान उज्ज्वल है। इनके दस हाथ हैं। दसों हाथों में खड्ग, बाण आदि शस्त्र सुशोभित रहते हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी मुद्रा युद्ध के लिए उद्यत रहनेवाली है। इनके घंटे की भयानक चडंध्वनि से दानव, अत्याचारी, दैत्य, राक्षस डरते रहते हैं। नवरात्र के तीसरे दिन साधक का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां चंद्रघंटा की कृपा से साधक को अलौकिक दर्शन होते हैं। मां चन्द्रघंटा की कृपा से साधक के समस्त पाप और बाधाएं विनष्ट हो जाती हैं।

मार्च 2023 तक 25.50 लाख किसानों को केसीसी प्रदान करने का लक्ष्य

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में

- ⇨ किसानों के लिए खेती की राह आसान कर रहा केसीसी
- ⇨ अतिरिक्त तीन प्रतिशत ब्याज में मदद कर रही राज्य सरकार
- ⇨ अबतक 19.50 लाख से अधिक केसीसी स्वीकृत

झारखण्ड के किसानों को अनवरत किसान क्रेडिट कार्ड से आच्छादित करने की प्रक्रिया चल रही है। जिसका प्रतिफल है कि 15 सितम्बर 2022 तक 19,18,511 केसीसी धारक राज्य में हो गये हैं। जबकि सितम्बर 2021 के बाद 5,34,331 नये केसीसी को स्वीकृति दी गयी है। यह किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) राज्य के किसानों के लिए वरदान साबित हुआ है। केसीसी के माध्यम से किसानों को खेती के लिए आसान ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे जहां किसानों को खेती में सहायता मिल रही है, वहीं उन्हें साहूकारों के चंगुल से भी मुक्ति मिल रही है। वर्तमान सरकार के प्रयास से कृषि ऋण में लगातार सुधार हो रहा है। यही वजह है कि राज्य गठन के बाद से दिसम्बर 2019 तक मात्र 409 करोड़ रुपये किसानों के बीच वितरित किये गये। जबकि वर्तमान सरकार द्वारा 900 करोड़ रुपये से अधिक स्वीकृत किया गया।

केसीसी के लिए सतत बढ़ते कदम : केसीसी के तहत जून 2021 में 420.74 करोड़, अगस्त 2021 में 581.53 करोड़, अक्टूबर 2021 में 685.16 करोड़, दिसम्बर 2021 में 914.2 करोड़ एवं अप्रैल 2022 में 1313.36 करोड़ की राशि बैंक द्वारा स्वीकृत की गयी है। वहीं, अप्रैल 2022 में 17.76 लाख, सितम्बर 2022 में 19.50 लाख किसानों को केसीसी प्रदान किया गया। दिसम्बर 2022 तक 22.50 लाख एवं मार्च 2023 तक 25.50 लाख किसानों को केसीसी प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

क्या है केसीसी : किसान क्रेडिट कार्ड ऋण किसानों को सात प्रतिशत ब्याज पर उपलब्ध होता है, जिसे समय सीमा के अंदर वापस करने पर तीन प्रतिशत ब्याज भारत सरकार द्वारा माफ किया जाता है। इस दिशा में राज्य सरकार द्वारा यहां के किसानों की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त तीन प्रतिशत ब्याज में मदद की जा रही है। इस प्रकार समय सीमा के अंदर किसान द्वारा ऋण वापस किये जाने पर किसान को मात्र एक प्रतिशत ब्याज का बोझ पड़ता है। अबतक राज्य सरकार के प्रयास से 8,96,108 किसानों का केसीसी आवेदन पत्र पंचायत स्तर पर कैंप लगाकर अभियान स्वरूप सृजित किया गया।

किसान भाई-बहन योजना का लाभ लें

मुख्यमंत्री के निदेश पर जल्द सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शुरू किया जायेगा। इसके तहत छुटे हुए किसानों को केसीसी का लाभ दिया जायेगा। फिलहाल घर-घर अभियान चलाकर एवं केसीसी शिविर लगाकर केसीसी से वंचित किसानों को आच्छादित करने की प्रक्रिया चल रही है। मालूम हो कि 23 जून 2022 को राज्य के सभी प्रखंडों में मेगा किसान क्रेडिट कार्ड वितरण कैंप का आयोजन किया गया ताकि ज्यादा से ज्यादा किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड से आच्छादित किया जा सके। इससे पहले भी 08 जून 2022 को राज्य के सभी जिलों में जिला स्तर मेगा किसान क्रेडिट कार्ड वितरण कैम्प का आयोजन किया गया था।

> - मुख्यमंत्री के आदेश पर युद्ध स्तर पर किसानों को केसीसी मुहैया कराया जा रहा है। कृषक मित्र, एटीएम, बीटीएम एवं वीएलडब्लू टोला-टोला घूम कर किसानों से केसीसी फॉर्म भरवा रहें हैं। फलस्वरूप वर्ष 2021 के बाद से अप्रत्याशित रूप से सबसे अधिक केसीसी आवेदन भरवाये गये हैं।
>
> **- निशा उरांव, निदेशक, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग।**

अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार, पूछताछ में जुटी पुलिस

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र के हमीदगंज मुहल्ला स्थित विनय मोड़ के पास से पुलिस ने हथियार के साथ कुछ लोगों को पकड़ा। सूत्रों के अनुसार पकड़े गये युवकों के पास से बरामद हथियार के बारे में पुलिस पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार सोमवार की बीती रात पुलिस को सूत्रों से सूचना मिली की हमीदगंज के स्थानीय विनय मोड़ के पास कुछ शरारती तत्व के लोग हल्ला हंगामा और मारपीट कर रहे हैं। घटना की जानकारी मिलते ही टीओपी वन प्रभारी रेवा शंकर राणा घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस को देखते ही युवक वहां से भागने लगे। मौके पर पुलिस ने कुछ युवकों को पकड़ा और तलाशी ली। तलाशी के क्रम में युवकों के पास से हथियार बरामद किया गया। जिन्हे पुछताछ के लिए थाना लाया गया। जहां पुलिस उन युवकों से हथियार कहां से लाया और किस वजह से हथियार लेकर घुम रहे थे। इस संबंध में पूछताछ कर रही है। वहीं पुलिस ने संदेह के आधार पर अन्य युवकों को भी पकड़कर उनसे पूछताछ कर रही है। वहीं टीओपी वन प्रभारी रेवा शंकर राणा ने बताया कि पकड़े गये युवकों से पूछताछ के बाद घटना के बारे में खुलासा किया जायेगा।

आईआईएम रांची के निदेशक ने सीएम से की मुलाकात

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम), रांची के निदेशक प्रोफेसर दीपक कुमार श्रीवास्तव ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

एनआईए की पीएफआई के कई ठिकानों पर छापेमारी

नयी दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और पुलिस ने मंगलवार को पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएपआई) के देशभर में कई ठिकानों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि छापेमारी के दौरान कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। एनआईए द्वारा मंगलवार सुबह पीएपआई के दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और कर्नाटक सहित आठ राज्यों में स्थित परिसरों पर छापे मारे। अंतिम सूचना मिलने तक छापेमीर जारी थी। दिल्ली में रोहिणी में छापेमारी की गयी। दिल्ली पुलिस ने कहा कि इस 30 लोगों को हिरासत में लिया गया है। एनआईए और प्रवर्तन निदेशालय ने 22 सितम्बर को देश में कई जगहों पर छापेमारी की और 100 से अधिक पीएफआई सदस्यों को गिरफ्तार किया।

झामुमो ने नये सिरे से बनाया मीडिया पैनल

रांची। झामुमो ने पार्टी के निर्णयों, कार्यक्रमों व समसामयिक विषयों पर मीडिया में पक्ष देने के लिए नये सिरे से पैनल बनाया है। इस पैनल में साहिबगंज के लिए सांसद विजय हांसदा, दुमका के लिए विजय कुमार सिंह, सुनीता सोरेन, गिरिडीह के लिए विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, सरफराज अहमद, बोकारो के लिए योगेंद्र प्रसाद, रांची के लिए सांसद महुआ माजी, मनोज कुमार पांडेय, तनुज खत्री, पूर्वी सिंहभूम के लिए विधायक समीर मोहंती, मोहन कर्मकार, प्रो. अशोक कुमार सिंह, धनबाद के लिए डॉ. नीलम मिश्रा को अधिकृत किया गया है। पार्टी के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने आदेश निर्गत किया है कि अपने आचरण से पार्टी की मर्यादा रखते हुए ये अपना वक्तव्य मीडिया को देंगे।

आकाशीय बिजली गिरने से बच्चे की मौत

मेदिनीनगर। पलामू जिला के छतरपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम हुटूकदाग में सोमवार की देर शाम आकाशीय बिजली गिरने से एक बच्चे की मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि छतरपुर थाना क्षेत्र के अनिल यादव के लगभग दस वर्षीय पुत्र बबलू कुमार की मौत आकाशीय बिजली गिरने से हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए अनुमंडलीय छतरपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान बालक की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एम्बुलेंस द्वारा मेदिनीनगर भेज दिया है। इस घटना से परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

महीनों से पोस्टिंग के इंतजार में तीन आईपीएस अधिकारी, नहीं मिल रहा वेतन

रांची। झारखंड पुलिस के तीन आईपीएस अधिकारियों को वेटिंग फॉर पोस्टिंग होने के कारण वेतन नहीं मिल रहा है। जानकारी के मुताबिक, डीआईजी रैंक के अधिकारी सुनील कुमार भास्कर व एसएसपी रैंक के अधिकारी सुरेंद्र कुमार झा को 13 जुलाई के बाद मुख्यालय भेज दिया गया है। इनकी अभी तक कहीं तैनाती नहीं की गयी है, ऐसे में उनके वेतन की निकासी नहीं हो रही है। सुरेंद्र कुमार झा रांची के एसएसपी के पद पर तैनात थे। वहीं, एसपी रैंक के ही अधिकारी धनंजय कुमार सिंह को नौ अप्रैल को देवघर एसपी के पद से हटाया गया था, इसके बाद कहीं पोस्टिंग नहीं दी गयी थी। ऐसे में उन्हें भी तब से वेतन नहीं मिल रहा। हालांकि, बाद में डीआईजी सुनील भास्कर को डीआईजी जैप का अतिरिक्त ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

प्रधानमंत्री एक अक्टूबर को करेंगे देश में 5जी सेवा का शुभारंभ

नयी दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक अक्टूबर को देश के पांचवी पीढ़ी की दूरसंचार सेवा 5जी को लांच करेंगे। राजधानी के प्रगति मैदान में एक अक्टूबर से चार अक्टूबर तक चलनेवाले इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) के उद्घाटन के अवसर पर श्री मोदी इस सेवा को शुरू करनेवाले हैं। हालांकि, इस संबंध में आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं दी गयी है लेकिन दूरसंचार मंत्रालय के सूत्रों का कहना है कि प्रधानमंत्री उस दिन देश में 5जी इंटरनेट सेवा की शुरुआत कर सकते हैं। आईएमसी के उद्घाटन के अवसर पर संचार, इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी मौजूद रहेंगे। इसका आयोजन दूरसंचार विभाग और टेलीकॉम सेवायें देनेवाली कंपनियों ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

ईडी के खुलासे पर गरमायी राजनीति

अधिकारियों की संलिप्तता बता भाजपा ने घेरा

हेमंत सोरेन से हो पूछताछ : बाबूलाल

नवीन मेल संवाददाता

रांची। राज्य में एक हजार करोड़ से अधिक के अवैध खनन को लेकर ईडी की चार्जशीट पर लगातार राजनीति गरमायी हुई है। पूरे मामले में भाजपा ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार व प्रशासनिक अधिकारियों की संलिप्तता बता वर्तमान सरकार को घेरा है। वहीं, निर्दलीय विधायक सरयू राय ने ईडी से मांग की है कि ईडी पूरे मामले में वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ साथ पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को भी समन करे।

प्रशासनिक अधिकारियों की भूमिका की जांच हो : दीपक प्रकाश

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा है कि हेमंत सरकार में हुए खनन घोटाले में सीधे तौर पर मुख्यमंत्री और उनके करीबी प्रतिनिधियों के नाम तो अब जग जाहिर हो चुके हैं, लेकिन इतने बड़े पैमाने पर अवैध खनन बिना अधिकारियों के मिली भगत के संभव नहीं है, राज्य के सभी प्रशाशनिक अधिकारियों की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए।

हेमंत, रघुवर दो समन करे ईडी : सरयू राय

जमशेदपुर पूर्वी विधायक सरयू राय ने कहा है कि अवैध ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

भाजपा विधायक दल के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि साहिबगंज खानलूट का माल पंकज मिश्रा से प्रेम प्रकाश, प्रेम से अमित अग्रवाल और अमित उसे हेमंत सोरेन के लिए नामी-बेमानी निवेश करते थे। बाबूलाल ने कहा है कि अमित से पूछताछ हुई। अब ईडी को हेमंत सोरेन को बुलाकर एके-47, चेक-पासबुक के राज और उन पैसों के निवेश की पूछताछ करनी चाहिए। बालूलाल मरांडी ने कहा है कि सिर्फ साहिबगंज जिले में एक हजार करोड़ का घोटाला, वह भी सिर्फ एक पत्थर अवैध खनन से, यह सिर्फ माफिया-गुंडे व सत्ताधारी के बस की बात नहीं। इसमें साहिबगंज से लेकर रांची तक बैठे कुछ अधिकारियों की संलिप्तता है। बाबूलाल मरांडी ने ईडी व आयकर विभाग से जांच की मांग की है।

अक्टूबर से बदल जायेंगे कई नियम

- ब्यूरो

नयी दिल्ली। अक्टूबर से कई नये नियम लागू हो जायेंगे। अब आयकर देनेवाले अटल पेंशन योजना में निवेश नहीं कर सकेंगे। वित्त मंत्रालय की ओर से जारी किये गये एक नोटिफिकेशन के अनुसार एक अक्टूबर 2022 के बाद से अटल पेंशन योजना के तहत करदाता नहीं जुड़ सकेंगे। वहीं, अगर पोस्ट ऑफिस में आपका बचत खाता है तो आप अटल पेंशन योजना के तहत आवेदन दे सकते हैं। हालांकि, यदि आपने पहले ही इस योजना को ले चुके हैं, तो आप पर नये बदलाव का कोई असर नहीं होगा। वहीं, अगर एक करदाता होते हुए भी आपने इस योजना को सब्सक्राइब किया है, तो ऐसी स्थिति में खाता बंद कर आपका पैसा लौटा दिया जायेगा। इस योजना के तहत सब्सक्राइबर को पांच हजार रुपये तक पेंशन लाभ देने का प्रावधान है।

बदलेंगे डेबिट और क्रेडिट कार्ड से भुगतान के **नियम :** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के निर्देशों के अनुसार एक अक्टूबर से डेबिट और क्रेडिट कार्ड से भुगतान की प्रक्रिया में टोकनाइजेशन की व्यवस्था लागू हो जायेगी। यह लागू हो जाने के बाद से मर्चेंट, पेमेंट एग्रीगेटर और पेमेंट गेटवे ग्राहकों के कार्ड से जुड़ी जानकारी अपने पास सेव नहीं रख पायेंगे। आरबीआई की इस गाइडलाइन का उद्देश्य कार्ड से खरीदारी के दौरान धोखाधड़ी पर रोक लगाना है।

म्यूचुअल फंड में निवेश के लिए नॉमिनेशन **जरूरी :** अगर आप भी म्यूचुअल फंड्स में निवेश करते हैं या भविष्य में करने की इच्छा रखते हैं, तो ऐसे में आपके लिये एक अक्टूबर के बाद से नॉमिनेशन की जानकारी देना अनिवार्य हो जायेगा। नॉमिनेशन डिटेल नहीं देनेवालों को एक डिक्लेरेशन देकर यह बताना होगा कि उन्हें नॉमिनेशन की सुविधा नहीं चाहिए। यह नियम बीते एक अगस्त से ही लागू होने वाला था, लेकिन फिर इसे बढ़ाकर एक अक्टूबर से लागू करने का निर्णय लिया गया।

10 करोड़ रु. से अधिक के कारोबारवाले व्यापारियों के लिए ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

झारखंड के चार जिलों में आयोजित रोजगार कैम्प में चयनित 822 युवतियां हुसूर रवाना

नवीन मेल संवाददाता

रांची। केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने मंगलवार को हटिया रेलवे स्टेशन से हुसूर (तमिलनाडु) के लिए एक विशेष ट्रेन (संख्या-08633) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस विशेष ट्रेन से टाटा समूह की कंपनी टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड द्वारा झारखंड के चार जिलों- खूंटी, सरायकेला, चाईबासा एवं सिमडेगा में आयोजित भर्ती अभियान में कुल 1898 चयनित उम्मीदवारों में से 822 लड़कियों के पहले बैच को ले जाया गया। इस अवसर पर हटिया स्टेशन के प्रतीक्षालय में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि जनजातीय क्षेत्र की युवतियों को रोजगार मिलने से न केवल उनके परिवार का बल्कि पूरे भारत का भविष्य स्वर्णिम होगा। सबका साथ, सबका विश्वास के साथ आज जनजातीय कार्य मंत्रालय के प्रयासों की बदौलत रोजगार के नये अवसर इनकी प्रतीक्षा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समृद्ध भारत की परिकल्पना में यह प्रयास भी एक कड़ी है। श्री मुंडा ने कहा कि आज देश सेवा पखवाड़ा मना रहा है। इस मौके पर मैं यह कहना चाहूंगा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के साथ उन्हें समान अवसर भी दो। रोजगार भर्ती अभियान में चयनित सभी लोग लर्निंग-अर्निंग के साथ-साथ आगे की उच्चशिक्षा भी प्राप्त कर सकेंगे। हमारे देश की महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं, चाहे नावाचार हो या विनिर्माण का ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

भारत के इतिहास में पहली बार सुप्रीम कोर्ट कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग

2018 में लाइव स्ट्रीमिंग पर तत्कालीन सीजेआई ने दिया था ऐतिहासिक फैसला

नयी दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठों की सुनवाई की लाइव स्ट्रीमिंग मंगलवार से शुरू हो गयी। पिछले सप्ताह देश के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस यूयू ललित के बुलावे पर सर्वोच्च अदालत के सभी जजों की हुई मीटिंग में फैसला हुआ था कि 27 सितम्बर से लाइव स्ट्रीमिंग की जायेगी। फैसले के तहत पहली बार मंगलवार को इतिहास बन गया जब तीन अलग-अलग संवैधानिक पीठों की सुनवाई का लाइव प्रसारण किया गया।

पहले दिन इन चार मुद्दों पर सुनवाई का लाइव प्रसारण : मंगलवार को पहले दिन तीन संवैधानिक पीठों की लाइव स्ट्रीमिंग हुई। इनमें एक पीठ ने सवर्ण गरीबों को 10 प्रतिशत आरक्षण के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई की। वहीं, दूसरी पीठ में केंद्र और दिल्ली सरकारों की शक्तियों और शिवसेना का असली हकदार कौन, चुनाव आयोग को अभी यह तय करने से रोकने लिए उद्धव ठाकरे गुट की याचिका जबकि तीसरी पीठ में ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन के मुद्दे पर सुनवाई हुई। तीनों पीठ की लाइव स्ट्रीमिंग सुप्रीम कोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट के साथ-साथ यूट्यूब पर भी की गयी। नेशनल इन्फॉर्मेटिक्स सेंटर पूरी प्रक्रिया का संचालन ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

सुप्रीम कोर्ट का होगा अपना लाइव स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म

संयोग की बात है कि तीन जजों की बेंच की अध्यक्षता कर रहे सीजेआई जस्टिस यूयू ललित ने सोमवार सुबह को एक वकील से कहा था कि जल्द ही सुप्रीम कोर्ट का अपना लाइव स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म होगा। दरअसल, वकील ने अपील की थी कि अगर यूट्यूब पर सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई की लाइव स्ट्रीमिंग की प्लानिंग है तो उसकी कॉपीराइट की व्यवस्था की जाये। तब सीजेआई ने कहा कि अभी कुछ दिनों तक ही यूट्यूब पर लाइव स्ट्रीमिंग होगी, उसके बाद जल्द ही अपना प्लेटफॉर्म होगा। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस ने कहा है कि सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई की लाइव स्ट्रीमिंग के लिए शीर्ष अदालत के पास अपना प्लेटफॉर्म होगा। चीफ जस्टिस यूयू ललित की अगुआई वाली बेंच के सामने ऐडवोकेट ने मामला उठाया और कहा कि सुप्रीम कोर्ट को लाइव स्ट्रीमिंग को कॉपीराइट के जरिये सुरक्षित रखना चाहिए। इस मामले को एडवोकेट ने अर्जेंट सुनवाई के लिए कोर्ट के सामने उठाया था। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट प्रॉसिडिंग्स की लाइव स्ट्रीमिंग को कोई भी व्यक्ति मोबाइल, टैब, लैपटॉप आदि में कहीं भी बिना किसी दिक्कत के देख सकता है।

न्यूज गैलरी

वैश्य जागृति मंच ने थाना प्रभारी को किया सम्मानित

हरिहरगंज। पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास को वैश्य जागृति मंच तथा अन्य गणमान्य लोगों ने गुलदस्ता देकर स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दी। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि थाना क्षेत्र में कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखना मेरी पहली प्राथमिकता होगी । जनता के लिए मेरे दरवाजे हमेशा खुले है। मौके पर भोला गुप्ता, राजीव रंजन, महादेव यादव, गंगा जायसवाल, विश्वदीप कुमार, बुधन सिंह यादव, जेपी गुप्ता, अरविंद पासवान, लखन यादव, कृष्णा सिंह, अखिलेश विश्वकर्मा, पंकज जायसवाल, विकाश यादव, राजेश शौंडीक, अशोक जायसवाल, निरंजन प्रसाद, अरुण जायसवाल, संजय जायसवाल सहित कई लोग मौजूद थें।

दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आज

हरिहरगंज। दुर्गा पूजा को लेकर प्रखंड क्षेत्र में विधि – व्यवस्था व शांतिपूर्ण तरीके से पूजा संपन्न कराने के लिए बुधवार को संध्या चार बजे थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की जायेगी। इसकी जानकारी पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने दी। साथ ही उन्होंने शांति समिति के सदस्यों समाजसेवी व जनप्रतिनिधियों से बैठक में शामिल होने की अपील की है।

ग्यारह हजार वोल्ट की चपेट में आने से दो मवेशी की मौत

पांकी। प्रखंड के हेरुम गांव में सोमवार की संध्या लगभग पांच बजे 11000 वोल्ट के बिजली के तार की चपेट में आने से हेरूम गांव निवासी बासुदेव यादव के 2 मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार हेरूम गांव निवासी बासुदेव यादव अपने भैंसों को गांव से सटे खेतों में चरा रहा था। इसी बीच खेत के ऊपर से गुजरे 11000 वोल्ट का बिजली का तार नीचे झूल रहा था। जिसकी चपेट में दो भैंस आ गये। जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। वहीं अन्य मवेशियों को किसान बासुदेव यादव ने अपनी सूझबूझ से बचाया। व मामले की जानकारी बिजली विभाग के कर्मियों को देकर बिजली सप्लाई बंद करवाई। आपको बता दें कि घटना के बाद से किसान का रो रो कर बुरा हाल है व इस घटना से उन्हें लगभग पचास हजार की आर्थिक क्षति हुई है।

35 हजार रूपए मूल्य संपत्ति की हुई चोरी, प्राथमिकी दर्ज

हुसैनाबाद। देवरी ओपी क्षेत्र के मिस्त्री लाइन कॉलोनी निवासी रवि कुमार चौधरी के घर चोरों ने क्वार्टर में घुसकर नगदी, आभूषण समेत करीब ,35 हजार रुपए मूल्य की संपत्ति चुरा ले गए। इस संबंध में भुक्तभोगी ने देवरी ओपी में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। आवेदन में कहा गया है कि इस घटना में नगदी आभुषण समेत करीब 35 हजार रुपए मूल्य संपत्ति की चोरी कर ली गई है। उधर ओपी प्रभारी इंद्रदेव राम ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है।

थाना परिसर में बुधवार को होगी शांति समिति की बैठक

पांकी। थाना परिसर में दुर्गा पूजा शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न कराने हेतु 28 सितंबर दिन बुधवार की दोपहर करीब 3 :00 बजे पांकी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। उक्त जानकारी देते हुए पांकी थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने प्रखंड क्षेत्र के तमाम जनप्रतिनिधियों, व्यवसायियों सहित पूजा कमेटी के लोगों एवं प्रबुद्ध जनों से उक्त बैठक में शामिल होने की अपील की है।

पांच सूत्री मांगों को लेकर नगर पंचायत कर्मियों का धरना आठवें दिन भी जारी

हुसैनाबाद। झारखंड लोकल बॉडीज इम्प्लाइज फेडरेशन के आह्वान पर हुसैनाबाद नगर पंचायत कर्मियों का चल रहे अनिश्चितकालीन हड़ताल के आठवें दिन भी नगर पंचायत कर्मियों ने कार्यालय के सामने धरना दिया। संघ के हुसैनाबाद अध्यक्ष उमेन्द्र ठाकुर ने कहा कि वे अपने संघ के वरीय पदाधिकारी के साथ रांची में वार्ता के लिए पहुंचे हैं। अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर आंदोलन कर रहें है। इस दौरान सरकार कई बार मांगो को पूरा करने का आश्वासन भी दिया। लेकिन कर्मचारियों की मांगें अब तक पूरी नहीं हुई है। सरकार जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं करती हड़ताल जारी रहेगा। वैसे इस मुद्दे पर मंगलवार को रांची सचिवालय में वार्ता है। उसके बाद आगे की रणनीति तय करने की बात कही है। मौके पर संघ के उपाध्यक्ष प्रदीप पासवान, सचिव अवधेश कुमार, विकास कुमार, रविरंजन कुमार, धर्मेंद्र कुमार पासवान, मदन राम, अर्जुन कुमार,मदन राम, अशोक चौधरी,बादल कुमार, गुड़िया कुंवर,लीला देवी, आलोक विश्वकर्मा, अशोक चौधरी, पनवा देवी समेत कई लोग शामिल हैं।

समाजसेवी ने निजी खर्च से बनवाई सड़क

हरिहरगंज। प्रखंड के खड़गपुर पंचायत के मुखिया काजल कुमारी के ससुर समाजसेवी सत्येंद्र मेहता ने निजी खर्च से सड़क का निर्माण कराया। उन्होंने बताया कि खड़गपुर गांव के राम भरोसा राम के घर से बटाने नदी कारगिल मैदान तक सड़क नहीं थी। आने–जाने के लिए पगडंडी का उपयोग करते थे। जिससे परेशानी का सामना करना पड़ता था। कई नवयुवक सैनिक परीक्षा के लिए दौड़ लगाने तथा अन्य कार्य के लिए जाने के लिए पगडंडी का उपयोग करते थे। इसे देखते हुए जेसीबी से मिट्टी मोरंग का सड़क निर्माण कराया गया है। सड़क निर्माण कराने पर गांव के कई लोगों ने प्रशंसा करते हुए कार्य पर खुशी जाहिर की है। साथ ही इस कार्य के लिए आभार जताया।

पीडीएस दुकान निलंबित करने की अनुशंसा

हैदरनगर। प्रखण्ड क्षेत्र के मां शारदा एसएचजी जनवितरण प्रणाली बीरधावर के खिलाफ ग्रामीणों की शिकायत पर प्रखंड प्रमुख मोहम्मदगंज ने जांच की। जांच के दौरान पाया गया कि मां शारदा एसएचजी जनवितरण प्रणाली की बीरधवर स्थित दुकान से लाभुको को पांच किलो की जगह चार किलो अनाज दिया जाता है। साथ ही लाभुको के साथ दुकान संचालक का व्यवहार भी काफी तीखा रहता है। प्रखंड प्रमुख ने बताया कि मां शारदा एसएचजी जनवितरण प्रणाली को सितंबर माह का अनाज गोदाम से प्राप्त हों गया है। मगर माह का अंत होने वाला है। लेकिन अभी तक लाभुक को अनाज नहीं दिया गया है। प्रखंड प्रमुख के जांच के आधार पर अंचल पदाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को पत्र लिखकर मां शारदा एसएचजी जनवितरण प्रणाली की दुकान को निलंबित करने की अनुसंशा की है।

ज्ञान विज्ञान से भी ऊपर हैं देवी धाम शक्ति पीठ मंदिर की आस्था

अंधविश्वास की अदभुत प्रेत मेला,आस्था हैं या वहम

नवीन मेल संवाददाता

हैदरनगर। पलामू प्रमंडल के हैदरनगर देवी शक्तिपीठ जहां पर शारदीय नवरात्र हो फिर चैत्र नवरात्र दोनों इस पवित्र त्योहार में यहां एक अजीबो गरीब मान्यता हैं । जहां लगती हैं अदभुत प्रेत मेला जहां ज्ञान विज्ञान और कानून को चुनौती दी जाती रही हैं । जहां की आस्था से प्रत्येक वर्ष बिहार और झारखंड ही नही लगभग उत्तर मध्य भारत के आधा दर्जनों से ज्यादा राज्यों के लाखों भक्तगण इस माता शक्तिपीठ के दरबार मे हाजरी लगाते हैं । यह तो सनातन धर्म मे आस्था हैं। लेकिन इसी आस्था के भीड़ में सबसे दिलचस्प भीड़ यहां भूत और प्रेत की मेला मानी जाती हैं । जहां कथित प्रेत बाधा से ग्रसित लोग बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। सरकार ने कानून तो बनाया मगर उन मंदिरों में कथित प्रेत बाधा से ग्रसित लोगों को लेकर आने वाले ओझा गुणियों की सुरक्षा के प्रशासन प्रबंध करती है। देष में यह कैसा कानून है। जिसमें एक ओर सजा का प्रावधान है तो दूसरी ओर

उन्हें सुरक्षा व सुविधायें मुहैया करायी जाती है। इस शक्तिपीठ के वर्षों पुरानी परंपरा व आस्था के साथ शारदीय नवरात्र की पूजा के साथ श्रदालुओं का आना शुरू हो जाता है। मंदिर में पूजा को लेकर बड़ी संख्या में कथित प्रेत बाधा से पीड़ित लोग पहुंचने लगे हैं। मंदिर में चारों ओर अंधविश्वास का बोल बाला है। ओझा गुणियों के साथ अधिक संख्या महिलाओं की होती है। उनमें भी वैसी महिलायें अधिक होती हैं, जो अशिक्षित, हरिजन व पिछड़ी जाति से आती हैं। उन भोले भाले लोगों को ओझा गुणी अपने जाल में फसाकर अंधविश्वास की दलदल में झोंक दिया करते हैं। मंदिर में आश्विन शुक्ल पक्ष एकम से दशमी तक चलता है। मंदिर में पूजा शुरू होने के साथ ही ओझा गुणी व प्रेत बाधा से ग्रसित पीड़ित लोग अपना डेरा जमा लिए है। मां भगवती के गीतों के साथ ढोल व तासा की ध्वनि से गुंजायमान है। मंदिर में पहुंचे श्रद्धालुओं से हैदरनगर शहर में चहल पहल बढ़ गई है। पूरा क्षेत्र भक्ति के रंग में डूब गया है। देवी धाम के पुजारी सुरेन्द्र दास ने बताया कि कोरोना के बाद इस बार भीड़ ज्यादा बढ़ने की प्रबल संभावना हैं। जहां भग्तों की मन्नत मांगने वाले का संख्या मॉ भगवती के दरबार में पहुंचना शुरु हो गया हैं। श्रद्धालुओं ने बताया कि मॉ भगवती की इस माह में महिमा बढ़ जाती है। भक्तों का आना जाना दिनों दिन बढ़ रहा है। मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से श्रदालुओं का पूरा ख्याल रखी जाती हैं। मंदिर में आने वाले भक्तों को सुविधा ज्यादा से ज्यादा मिले ,इसका पूरा प्रयास समिति करती है। देवी धाम परिसर में श्रीराम जानकी मंदिर, भगवान शिव के मंदिर के अलावा सबसे बड़ी बात है कि इसी परिसर में जिन्न बाबा का स्थान का चबुतरा है। राम रहीम की यह संस्कृति अद्भुत व बेमिशाल है। श्रदालु मॉ भगवती की पूजा अर्चना के बाद सामान्य रूप से जिन्न स्थान में फातेहा कराते और चादर चढ़ाते एवं मुर्गो को दाना चरवाते है। वैसे यह सिलसिला सालों भर चलता रहता है। इसके बाद मां की पूजा के बाद प्रेत बाधा से ग्रसित लोग सामान्य रूप से भाई बिगहा स्थित कर्बला में भी अनुष्ठान को पूरा कराने जाते है।

सिगसिगी मुखिया,जेई रोजगार सेवक को लगा जुर्माना

कूप निर्माण में बरती गई अनियमितता के आरोप में सुनवाई

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। मनरेगा के तहत सामाजिक अंकेक्षण का प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को विश्रामपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में सम्पन हुआ। जिसमें विश्रामपुर प्रखंड के तीन पंचायतों के योजनाओं के सम्बंध में मिली शिकायत की सुनवाई कर ज्यूरी के सदस्यों ने कई निर्णय लिया। ज्यूरी में लोकपाल शंकर कुमार, जिला पार्षद विजय रविदास, बीडीओ प्रशान्त हेम्ब्रम,वही राज्य की ओर से अजय कुमार एवं स्मिता तिर्की शामिल थी। जनसुनवाई में प्रखंड के सिगसिगी , पंजरी कला और बघमनवा पंचायत की योजनाओं में मिली शिकायत की सुनवाई की गई। जिसमें सिगसिगी के एक सड़क में काम से अधिक निकासी कर लेने के आरोप में 60 हजार रुपये रिकवरी का आदेश दिया गया। वहीं विश्वनाथ यादव के कूप निर्माण में भी 16 हजार रिकवरी का आदेश दिया गया। वहीं मेट, कनीय अभियंता, मुखिया, रोजगार सेवक को 500 ,500 रुपये जुमार्ना लगाया गया। इसीतरह पंजरी कला पंचायत में सात ऐसे एमबी मिला। जिसपर प्राधिकृत अधिकारी का हस्ताक्षर एवं मुहर नहीं था। उस आलोक में मुखिया, जेई, रोजगार, सेवक सहित अन्य कर्मी पर प्रति व्यक्ति पांच पांच सौ रुपए जुमार्ना लगाया गया। इसीतरह अन्य कई योजनाओं में भी कार्रवाई की गई।

थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आहुत

पाटन। थाना परिसर में दशहरा पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आहुत की गयी। जिसकी अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक विष्णु देव पासवान ने की तथा संचालन थाना प्रभारी प्रकाश कुमार ने किया। थाना परिसर में दोनों समुदाय के लोग पहुंचे थे। बैठक में थाना प्रभारी प्रकाश कुमार ने बताया कि दुर्गा पूजा शांतिपूर्वक मनायें। उन्होंने कहा किअशांति फैलाने वाले को चिन्हित कर दंडित किया जाएगा। सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी गई है ,कोई भी व्यक्ति भ्रामक खबर नहीं फैलायेंगे। प्रशासन पूरी तरह से हर जगह मुस्तैद है । मौके पर पहुंचे अंचलाधिकारी लालबाबू किशनपुर ओपी प्रभारी विनोद कुमार राम, दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष समेत दोनों समुदाय के लोग तथा पंचायत के मुखिया, ग्रामीण उपस्थित थे।

गहन युवा नामांकन अभियान तरहसी प्रखंड में शुरू

नवीन मेल सवांददाता

तरहसी। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के स्वायत्त निकाय, नेहरू युवा केंद्र पलामू के तत्वावधान में तरहसी प्रखंड में क्लब के सदस्यों द्वारा गहन युवा नामांकन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान दल प्रत्यक्ष सघन संपर्क कर ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, शासकीय एवं कार्मिकों, संस्थाओं एवं अन्य व्यक्तियों तथा युवाओं से सपंर्क कर उन्हें अभियान संदेशों से अवगत करायेगे। गहन युवा नामांकन अभियान का उद्देश्य है। आगामी नेहरू युवा केंद्र पलामू (युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार) के द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम जैसे - भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, क्विज कंपटीशन, प्रखंड स्तरीय, जिला स्तरीय, राज्य स्तरीय देश स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम इत्यादि तथा खेल मंत्रालय के द्वारा आयोजित किए जाने वाले विभिन्न प्रकार के खेल, व कौशल को बढ़ावा देने हेतु आयोजित किए जाने वाले विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण जैसे सिलाई- कढ़ाई, कंप्यूटर एजुकेशन, ब्यूटीशियन इत्यादि मे युवाओं की भागीदारी बढ़े। इस अभियान के तहत युवा मंडलों एवं उनके सदस्यों के डेटाबेस को भी अपडेट किया जा रहा है। इन युवा क्लबों के माध्यम से कौशल विकास कार्यक्रम, पर्यावरण सरंक्षण, स्वास्थ एवं टीकाकरण संबंधी प्रचार-प्रसार, ग्राम स्तर पर योगाभ्यास, फिटनेस एवं खेलों को बढ़ावा देने वाले उपक्रम, पड़ोस युवा संसद, चित्रकला, अतंरराज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रमों साहसिकता शिविरों एवं राष्ट्रीय एकता शिविरों हेतु प्रतिभागी चयनित व मनोनीत किये जाते है । इसी क्रम में अभियान दल आज कामेश्वर प्रसाद मेमोरियल शिक्षण संस्थान तरहसी तथा 10+2 स्कूल तरहसी में अभियान चलाया तथा युवाओं का नामांकन किया।

सफाईकर्मियों के हड़ताल से नवरात्र में सड़कों पर लगा कूड़े का अम्बार

युवाओं ने किया कूड़ा कचरा साफ,लोगों में हो रही हैं सराहना

नवीन मेल संवाददाता

हैदरनगर । जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र समेत पूरे झारखण्ड में लोकल बॉडीज इम्प्लाइज फोडरेशन के आवाह्न पर अनिश्चितकालीन हड़ताल से पूरा शहर में गंदगी और कूड़ा कचड़ा का ढेर लगा हुआ है। जिसके कारण नवरात्र जैसे पवित्र त्योहार में श्रद्धालुओं को उसी गंदगी के ढेर पर चलना पड़ रहा हैं । हालांकि नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार का कहना है कि इन लोंगो की मांग राज्य सरकार से है, जो मेरे अधीन में नही हैं इसके बाद भी इनलोगो को मैं आग्रह किया हूं कि त्योहार में श्रम सहयोग करें ।इधर शहर के युवाओं ने अंबेडकर चौक, गांधी चौक,महावीर जी भवन सहित अन्य जगहों पर कूड़ा कचरा को विधिवत सफाई अभियान चलाया और देर रात्रि में श्रद्धालुओं के आने जाने वाले मुख्य बाजार की सड़क को साफ किया तथा आम लोगो से अपील किया कि आप लोगो से आग्रह है कि जबतक त्यौहार चल रहा हैं तब तक अनावश्यक रूप से सड़क पर कुड़ाकचरा नही बिगे जिससे श्रद्धालुओं को दिक्क हो। प्रदीप पटेल ने कहा कि स्वेम को जागरूकता और समाज

स्वच्छता,ही सबसे बड़ा पूजा हैं हम लोग इस कथन से प्रेरित होकर शहर का सफाई अभियान चलाया हैं वहीं शक्ति पासवान ने कहा कि हमलोग भगवान के भरोसे क्यों बैठे हो सकता है भगवान हमारे भरोसे बैठें हों शहर में गंदगी कई दिनों से चर्चा का केंद्रबिंदु बना है लेकिन सब राजनीति कर रहे है हम युवा हैं यह हमलोगों का कर्तव्य होना चाहिए।इधर शहर में शोशल मीडिया हो हर चौक चौराहों पर इन युवाओं का इस अभियान के लिए चर्चा हैं तथा लोगो ने खूब सराहना किया हैं।मौके पर दिनेश पासवान, राजकुमार राज, संजीत पासवान, मनीष पटेल, मंटू पटेल, अजीत मोदनवाल, चंदन भगत, मनीष कश्यप, विकास उर्फ भोनी ,आयुष उर्फ झुम्मन पासवान आदि दर्जनों युवा लोग शामिल थे।

जिले के पर्यटन स्थलों पर चला स्वच्छता जागरुकता अभियान

नवीन मेल संवाददाता

हैदरनगर। पर्यटन निदेशालय झारखंड के निर्देश पर उपायुक्त पलामू ने जिला के पर्यटन स्थलों पर स्वच्छता जागरुकता अभियान का नोडल पदाधिकारी जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा को नामित किया है। 16 सितंबर से 30 सितंबर तक सभी पर्यटन स्थलों की साफ सफाई के साथ उन स्थलों पर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा ने पलामू जिला के हैदरनगर देवी धाम, हुसैनाबाद के मुरली पहाड़ी, मोहम्मदगंज के भीम चूल्हा, लाठिया के सूर्य मंदिर व चेगौना धाम में साफ सफाई का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित स्थलों के प्रबंधन समिति के अलावा नागरिकों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर पर्यटन स्थल परिसर में डस्टबीन, झाड़ू समेत अन्य सामग्री भी उपलब्ध कराने का काम किया। नोडल पदाधिकारी उमेश लोहरा ने कहा कि पर्यटन स्थलों पर लोगों का आना जाना अधिक होता है। गंदगी से बीमारी फैलने का खतरा अधिक होता है। उन्होंने सांकेतिक रूप से स्थलों पर सफाई अभियान भी चलाया। उन्होंने कहा कि प्रबंधन समिति की जवाबदेही बनती है। उन्हे परिसर की साफ सफाई के साथ लोगों को गंदगी नहीं करने की हिदायत भी देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थलों पर आने वाले पर्यटकों को जहां तहां गंदगी नहीं करना चाहिए। जगह जगह डस्टबीन की व्यवस्था है। उन्हे सुखा या गिला कचरा उसी में डालना चाहिए। श्री लोहरा ने हैदरनगर देवी धाम व भीम चूल्हा मोहम्मदगंज में उपस्थित पर्यटकों को स्वचछता के प्रति जागरूक भी किया।

राम लीला देखने व सुनने से ही मनुष्य के सारेपाप कट जाते हैं: संस्कार सोनी

नवीन मेल संवादाता

पांकी। प्रखंड के नवडीहा वन पंचायत के मंगलपुर गांव में शारदीय नवरात्रा के शुभ अवसर पर रात्रि में चलने वाला रामलीला कार्यक्रम का उद्घाटन से पहले बजरंग दल के अध्यक्ष संस्कार सोनी को दुर्गा पूजा कमेटी के द्वारा पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। इसके बाद पांकी बजरंग दल के अध्यक्ष संस्कार सोनी उर्फ गोलू सोनी ने फीता काटकर रामलीला कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर लोगो को संबोधित करते हुए बजरंग दल के अध्यक्ष संस्कार सोनी उर्फ गोलू सोनी ने कहा कि भगवान राम की लीला मात्र देखने और सुनने से ही मनुष्य के सारे पाप कट जाते हैं। यह मनुष्य जीवन हमें बहुत मुश्किल से मिला है। इसलिए हमें इस भाग दौड़ भरी जिंदगी का थोड़ा समय निकालकर भगवान की भक्ति में लगाना चाहिए। सोनी ने कहा कि आप लोग रामलीला का कार्यक्रम शांति पूर्वक देखें। मौके पर, दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष उमेश कुमार, कोषाध्यक्ष चंदन कुमार, अखिलेश कुमार, शुभम गुप्ता अवि गुप्ता, संतोष माली, राजू गुप्ता, सीमांत ठाकुर, अनुज पासवन, छोटू गुप्ता सहित क्षेत्र के सैकड़ों लोग मौजूद थे।

पूजा कमिटी ने स्वच्छता अभियान चलाकर पूजा पंडाल की सफाई की

नवीन मेल संवाददाता

सगालीम। प्रखंड में दुर्गा पूजा मानने को लेकर हरेक जगह की कमेटी ने श्रद्धा सुमन से मां की सेवा में लीन दिखाई दे रहे हैं। चाहे वह सजावट में हो या सर सफाई सभी कार्यों में कार्यकर्ताओं ने जोर शोर से पूजा सफल कराने में जुटे हुए हैं । पांकी प्रखंड के आसेहार पंचायत में नवयुवक संघ के द्वारा पूरे पंडाल के साथ साथ मंदिर में भी स्वच्छता अभियान चलाकर सभी जगह पर साफ सफाई किया । मौके पर कमिटी के अध्यक्ष गणेश प्रजापति ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूम धाम से दशहरा मनाया जायेगा । उन्होंने सभी ग्रामीणों से आग्रह किया की शांति पूर्वक से दशहरा मनावें व सभी लोग तन मन धन से सहयोग करें । ताकि पूजा में कोई दिक्कत न हो और हर वर्ष की भांति इस वर्ष और धूमधाम से दशहरा मना सके। मौके पर अध्यक्ष गणेश प्रजापति,कौशल किशोर बच्चन,अमृत यादव,कोषाध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा,पिंटू नवीन कुमार, नीरज चंद्रवंशी, सनी कुमार,आशुतोष कुमार,अनूप प्रजापति, सौरभ प्रजापति, आदर्श सिंह, अमन कुमार, विनय प्रजापति के साथ कमिटी के सभी लोग उपस्थित थे।

आपसी सौहार्द के साथ दशहरा पर्व मनाने का लिया संकल्प

एसडीओ ने सीसीटीवी कैमरा लगाने का दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। थाना परिसर में दुर्गा पूजा व दशहरा को शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर मंगलवार को शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें दोनों समुदाय के लोगों ने आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने का संकल्प लिया। इसकी अध्यक्षता हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण ने की। जबकि संचालन थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने किया। बैठक में दशहरा व दुर्गा पूजा शांतिपूर्वक संपादन के लिए विचार विमर्श किया गया। बैठक में दुगार्पूजा समिति के सदस्यों ने कई विंदुओं पर ध्यान आकृष्ट कराया। लोगों ने संध्या समय महावीर भवन के पास महिला पुलिस, वाहनों का रोक आदि विंदुओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। इसके अलावा विसर्जन स्थल पर उचित प्रकाश की व्यवस्था करने की बात कही। प्रशासन द्वारा शांतिपूर्वक संचालन के लिए हर सहयोग का आश्वासन दिया गया। मौके पर एसडीओ कमलेश्वर नारायण ने कहा कि हम सभी मिलजुलकर पर्व त्योहार को मनाने का कार्य करें। हुसैनाबाद की जो परंपरा रही है। उसे बरकरार रखने की जरूरत है। यहां आपसी सौहार्द के साथ पूजा की जाती रही है। उन्होंने पूजा समिति के सदस्यों को पंडाल में सीसी टीवी कैमरा लगाने की बात कही। साथ-साथ वलेंटियर को अलग पहचान के साथ सक्रिय रहने का निर्देश दिया। वहीं पूजा समिति ने शहर के साथ पूजा पंडालों की सफाई कराने के लिए बात रखी। वहीं दुकानदारों को हड़ताल के कारण हो रही परेशानी को देखते हुए इधर उधर कचरा नहीं फेंकने की अपील की गई। मौके पर मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष शशि कुमार, उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, नंद कुमार, डॉ. आरके रंजन, डॉ.विकास कुमार, महिला थाना प्रभारी सुरबाला भृंगराज, एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, दिनेश कश्यप, ओमप्रकाश अग्रवाल, वार्ड पार्षद राजेन्द्र पाल, उदय सोनी, अर्जुन प्रसाद गुप्ता, सुहैल आलम, सचिन आनंद, सैयद तक्की हुसैन रिजवी, अमीन खान, राकेश तिवारी, सूर्यनाथ पासवान, अनुज चौधरी, मनीष धीरज, मोहिउद्दीन अंसारी, उमेश चौधरी आदि मौजूद थे।

Government of Jharkhand
Office of the Executive officer, Nagar Panchayat Manjhiaon

Notice Inviting Tender
E-tender reference No- NPM/06/2022-23

Sl. N.	Tender ID	Head	Name of Work	Estimated value	Earnest Money	Tender Fee	Completion of work
1	UDHD/NPM /06 /01/22-23	नागरिक सुविधा	Construction of RCC drain from Nand Kishor Rajak house to Dhumdhum Saw house via Yaswant Vishwkarma House at ward no 06.	1638000	32800	5000	60 Days
2	UDHD/NPM/ 06 /02/22-23	नागरिक सुविधा	Construction of RCC drain from Muni Chaudhary house to Lalan Saw house at ward no 06.	2125200	42600	5000	60 Days
3	UDHD/NPM/ 06 /03/22-23	नागरिक सुविधा	Construction of RCC drain from Pramod Saw house to Sanjeev Chandravanshi house via Jitendra Mali house at Ward no 06.	2489600	49800	5000	60 Days.
4	UDHD/NPM/ 06 /04/22-23	नागरिक सुविधा	Construction of RCC drain from Jalminar to Vinay Pandey house to Tin Muhan tak via Yogeshwar Thakur at Ward no 04.	1112900	22300	5000	60 Days.
5	UDHD/NPM/ 06 /05/22-23	नागरिक सुविधा	Construction of RCC drain from main road to Suresh ram house at Ward no 01.	2317900	46400	5000	60 Days.
6	UDHD/NPM/ 06 /06/22-23	नागरिक सुविधा	Construction of RCC drain from Suresh Ram house to Ramadhar Ram house at ward no 01, Part- 2	1935200	38800	5000	60 Days.
7	UDHD/NPM/ 06 /07/22-23	नागरिक सुविधा	Construction of RCC drain from Yogendra Mali house to Sarswati Kunwar house via Vijay Ram house at Ward no 06.	1152000	23100	5000	60 Days.
8	UDHD/NPM/ 06 /08/22-23	नागरिक सुविधा	Construction of RCC drain from Nandu Ram hoiuse to Manoj Ram house at Ward no 02.	1028100	20600	5000	60 Days.
9	UDHD/NPM/ 06 /09/22-23	शहरी परिवहन मद	Construction of PCC road from Bablu Dom house via Rampyari Ram to lallu Saw house at Ward no 05.	2274500	45500	5000	60 Days.

1	Date of Publication of Tender on Website	08.10.2022 at 5:00 P.M.
2	Last Date/Time for Receipt of e-tender on website	18.10.2022 till 5:00 P.M.
3	Date of Opening e- tender	19.10.2022 at 4:00 P.M.
4	Last Date of Receipt of hard copy cost of Bid Document & EMD	19.10.2022 till 3:00 P.M
5	Name & Address Of Office inviting tender	Executive Officer, Nagar Panchayat Manjhiaon.
6	Contact No. of Procurement officer	6201517767
7	Helpline number of e- procurement cell	6207078704, 7979987072

NOTE : Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website

Executive Officer
Nagar Panchayat Manjhiaon.

PR.NO.278634 Urban Development(22-23):D

उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी लोगों की समस्याएं

पेंशन संबंधित सभी मामलों का हुआ ऑन द स्पॉट निष्पादन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। उपायुक्त अंजानेयुलू दोड्डे ने मंगलवार को जनता दरबार में आमलोगों की समस्याएं सुनी। इसमें जिले के अलग-अलग हिस्सों से आमलोग शिकायत लेकर आये थे। उपायुक्त ने एक-एक कर आमलोगों से मिलकर उनकी शिकायत सुनी और प्राप्त शिकायतों पर संबंधित पदाधिकारियों को उचित कार्रवाई का निर्देश दिया। इस अवसर पर उपायुक्त श्री दोड्डे द्वारा कुछ समस्याओं का त्वरित समाधान भी किया गया। उपायुक्त के समक्ष समस्या लेकर पहुंचे आमलोगों ने

रास्ता बंद होने, पेंशन, पथ निर्माण से संबंधित,भू-अर्जन,सामाजिक सुरक्षा, अतिक्रमण, इलाज,राशन कार्ड, आपूर्ति, मुआवजा से संबंधित भुगतान आदि की शिकायत की। जनता दरबार में पाण्डु से आये बरत पाल ने उपायुक्त के समक्ष अपना पेंशन स्वीकृत करने हेतु आवेदन दिया। जिसपर उपायुक्त ने सहायक सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी को आवेदन अग्रसारित करते हुए उचित करवाई करने हेतु निर्देशित किया। जिसके बाद उसकी पेंशन की स्वीकृति दे दी गई। जनता दरबार में इसके अलावा आवास का लाभ दिलाने, विद्युत समस्या, अंचल आमीन द्वारा भूमि सीमांकन नहीं करने, मूल भूत सुविधा पानी की सुविधा मुहैया कराने समेत अन्य आवेदन आये जिन्हें उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया।

दुर्गापूजा महोत्सव का 10वां अधिवेशन शुरू

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शिवबेल घोरही में दुर्गा पूजा महोत्सव के 10 वें अधिवेशन की शुरूआत किया गया। जिसमें पोलपोल कला पंचायत के मुखिया पुष्पा देवी ने दीप प्रज्वलित कर व

फीता काटकर अधिवेशन का शुरूआत किया। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि धर्म के मर्म को समझने की जरूरत है। धर्म हमें सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है । जब जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ा है, तब तब भगवान को अवतार लेना पड़ा है । इस मौके पर शिक्षक सह समाजसेवी भरदुल सिंह ने कहा कि कर्म ही धर्म है, मनुष्य कर्म से महान होता है। इसलिए धर्म का सम्मान करना चाहिए। जो सबको अच्छा लगे ,वैसा कार्य करना चाहिए। अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि श्रीराम का चरित्र अनुकरणीय हैं। रामचरित मानस हमे जीवन जीने की कला सिखाता है। अधिवेशन में स्वामी अरुण शास्त्री महाराज ने श्रीराम कथा का रस्वादन कराया व भगवान श्रीराम के महिमा की बखान की। इस मौके पर नव युवक विकास समिति के अध्यक्ष ध्रुप पाल,सोनू कुमार सिंह, सुभाष सिंह, दीपक सिंह, करण कुमार सिंह ,जोगेंद्र सिंह, अजय कुमार यादव,सोनू प्रजापति ,मोहन सिंह ,उमेश सिंह, रविंदर सिंह ,रामचंद्र सिंह, बिहारी सिंह ,राजनाथ सिंह, मनोज चौधरी ,चंदन चौधरी ,शक्ति सिंह, पिंटू सिंह ,पवन कुमार पाल, राकेश सिंह समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

बीएड प्रवेश परीक्षा 23 को आवेदन आमंत्रित

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (जेसीइसीइबी) ने राज्य के 136 बीएड कॉलेजों (सत्र 2022-24) में नामांकन के लिए 24 सितंबर से तीन अक्तूबर तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया है। परीक्षा 23 अक्तूबर 2022 को ली जायेगी। परीक्षा के लिए रांची, धनबाद, जमशेदपुर बोकारो, दुमका और मेदिनीनगर जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न केंद्रों पर व्यवस्था किया गया है। पर्षद द्वारा पूर्व में आठ जून तक ऑनलाइन आवेदन मांगे गये थे। लेकिन मामला हाइकोर्ट में जाने के कारण प्रक्रिया स्थगित कर दी गयी थी। ऐसे में वैसे अभ्यर्थी जो पूर्व में आवेदन नहीं कर पाये थे। वे भी तीन अक्तूबर तक आवेदन कर सकते हैं।

स्नातक में 50 प्रतिशत अंक जरूरी:- आवेदन करने के लिए स्नातक में कम से कम 50 प्रतिशत अंक लानेवाले विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। वही इस वर्ष स्नातक में शामिल होनेवाले अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं।

कितना है आवेदन शुल्क:-आवेदन शुल्क के रूप में सामान्य व इडब्ल्यूएस अभ्यर्थी के लिए एक हजार रुपये, बीसी वन व बीसी टू अभ्यर्थी के लिए 750 रुपये, एससी/ एसटी व महिला अभ्यर्थी के लिए 500 रुपये निर्धारित किये गये हैं। दिव्यांग अभ्यर्थी को कोई शुल्क नहीं लगेगा। दूसरे राज्यों के अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकेंगे।

परीक्षा 100 अंकों की होगी:- प्रवेश परीक्षा 100 अंकों की होगी। प्रश्न बहुवैकल्पिक (एमसीक्यू) होंगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.25 अंक काटा जायेगा। लैंग्वेज में कुल 30 प्रश्न होंगे, इनमें 15 प्रश्न हिंदी व 15 अंग्रेजी के होंगे। टीचिंग एप्टीट्यूड में कुल 40 प्रश्न पूछे जायेंगे।

निगम कर्मियों ने किया दो दिनों का श्रमदान

मेयर व डिप्टी मेयर ने लोगों से साथ देने की अपील की

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। बीते एक सप्ताह से निगम में निगम कर्मियों का राज्यव्यापी हड़ताल चल रहा है। जिससे शहर में चारों ओर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। इसी के बीच महापौर अरुणा शंकर, उपमहापौर मंगल सिंह एवं पार्षदों के पहल पर निगम कर्मियों ने आगामी त्योहारों को देखते हुए दो दिन के लिए श्रमदान करने की शुरूआत

की है। मंगलवार की सुबह में सभी कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर शहर की सफाई प्रारंभ की। कर्मियों ने बताया कि उनकी मांगे पूरा नहीं होने पर वह दो दिन के बाद पुनः हड़ताल पर चले जायेंगे। निगम के कर्मियों के इस पहल को महापौर एवं उप महापौर ने सराहना किया है। मौके पर अशोक सिंह ,इश्तियाक शाह, वार्ड पार्षद प्रदीप अकेला, धीरेंद्र पांडे, लाल बाबू, मोहम्मद कलाम, सोमेश सिंह, दीपक सिंह, राजन सिंह, जितेंद्र सिंह एवं कई वाडो के वार्ड पार्षद एवं सफाई कर्मी मौजूद रहे। **मेयर व डिप्टी मेयर में किया अपील :** महापौर अरुणा शंकर एवं उप महापौर मंगल सिंह ने बाजार क्षेत्र के दुकानदारों से अपील की है कि दुकानदार अपनी-अपनी दुकानों में डस्टबिन रखें और निगम की गाड़ी आने पर डस्टबिन में जमा कचरे को इस गाड़ी में डाल दें । कचरे को रोड पर ना फेके। पूजा पंडालों के आसपास एवं मेन रोड की सफाई पर इस दो दिन में विशेष रुप से ध्यान दिया जायेगा । जब तक निगम कर्मी हड़ताल पर हैं । तब तक सभी आम जनमानस से सहयोग की अपील करते हैं । कचरे को एक जगह जमा करके रखें ,इधर उधर ना फेंके, जिससे कचरा उठाने में परेशानी ना हो।

नौ शक्तियों के दूसरे स्वरूप ब्रह्मचारिणी की हुई अराधना

मानव जीवन की कृतार्थ के लिए सत्संग जरूरी: डॉ प्रज्ञा

नवीन मेल संवाददाता

नावा बाजार। प्रखंड मुख्यालय स्थित श्री संकटमोचन सिद्धि धाम महावीर मंदिर नावा बाजार में दुर्गा पूजा समिति के तत्वावधान में शारदीय नवरात्र के पावन बेला पर भगवती दुर्गा की नौ शक्तियों का दूसरा स्वरूप ब्रह्मचारिणी का आराधना पुरोहित विरेन्द्र पांडे द्वारा वेद मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना की गई। समिति द्वारा आकर्षक पंडालों का निर्माण बंगाल के कारीगरों द्वारा कराया गया। वही उत्तर प्रदेश कानपुर से पधारे प्रवचन कर्ता डॉ प्रज्ञा मिश्रा द्वारा प्रतिदिन 8 से 12 तक राम कथा कहीं जा रही है एवं विशेष आकर्षक मां दुर्गा की प्रतिमा का अंतिम स्वरूप कारीगरों द्वारा प्रदान की जा रही है। प्रखंड मुख्यालय स्थित श्री संकट मोचन सिद्धी धाम महावीर मंदिर दुर्गा पूजा पंडाल में शारदीय नवरात्र के पावन बेला पर उत्तर प्रदेश के कानपुर जिला से पधारी प्रवचन कर्ता डॉ प्रज्ञा मिश्रा के मुखारविंद से प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रवचन कर्ता प्रज्ञा मिश्रा द्वारा श्रीराम चरित्र मानस पर पुष्पांजलि करते हुए भगवान श्रीराम के संकीर्तन से प्रारंभ कर श्रीराम कथा की बखान करते हुए कहा कि मानव जीवन के कृतार्थ के लिए सत्संग जरूरी है । सत्संग के बिना मानव पशु के समान है।

पलामू जलसहिया संघ ने डीडीसी को ज्ञापन सौंपा

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिला के जल सहियाओं ने मंगलवार को अपने पिछली मांगों को लेकर उपायुक्त पलामू के समक्ष एक दिवसीय धरना का कार्यक्रम किया । जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पिंकी विश्वकर्मा ,एवं संचालन जिला सचिव प्रीति गुप्ता के द्वारा पांच सूत्री मांगों का ज्ञापन डीडीसी मेघा भरद्वाज को सौंपा गया। मौके पर उपस्थित डीडीसी ने कहा कि पेयजल स्वच्छता विभाग सचिव का लेटर आ गया है,जल्द ही आप लोगों का भुगतान

किया जायेगा । मौके पर काफी संख्या में जलसहिया उपस्थित थी। जिसमें मुख्य रुप से विमला देवी, सविता देवी, विभा देवी, गुड़िया देवी ,ललिता देवी, हसीना खातून, चंद्र किरण ,देवी इत्यादि शामिल थी।

अग्रसेन जयंती पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। स्थानीय विष्णु मंदिर के सत्संग भवन में अग्रसेन जयंती पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें छोटे-छोटे बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चॉकलेट रेस म्यूजिकल चेयर रेस ,एक मिनट प्रतियोगिता , फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अखिल भारतीय नारनौलिया अग्रवाल महासभा के सभापति प्रमोद अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि में अखिल भारतीय नागालिया अग्रवाल महासभा के उपसभापति कंचन अग्रवाल ,मुख्य अतिथि के रूप में सदर एसडीओ पदाधिकारी राजेश शाह एवं छतरपुर डीएसपी अजय अग्रवाल उपस्थित हुए । पुरस्कार वितरण एवं धन्यवाद ज्ञापन क्लब के अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल के द्वारा किया गया । सोमवार को सुबह 10:00 से श्रीविष्णु मंदिर सत्संग भवन में महाराजा अग्रसेन का पूजा अर्चना एवं प्रसाद वितरण किया गया। दोपहर 3:30 से एक भव्य शोभायात्रा श्रीविष्णु मंदिर के प्रांगण से निकाली गई । जो शहर का भ्रमण करते हुए पुनः विष्णु मंदिर में पहुंचकर समापन हुआ । इसमें हमारे क्लब के सदस्यों एवं नरनोलिया अग्रवाल महिला संगठन के सदस्यों का भरपूर सहयोग एवं समर्थन रहा । इसमें मुख्य रूप से क्लब के संरक्षक ध्रुव अग्रवाल, शैलेंद्र अग्रवाल, राकेश अग्रवाल ,प्रमोद अग्रवाल ,जवाहर अग्रवाल,अरुण अग्रवाल, जवाहर लाल अग्रवाल एवं क्लब के अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद अग्रवाल ,उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल ,प्रदीप अग्रवाल,सचिव नवीन अग्रवाल,उपसचिव अनूप अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल ,कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल, उप कोषाध्यक्ष पवन कुमार अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, देवेंद्र अग्रवाल, पंकज अग्रवाल एवं महिला संगठन के अध्यक्ष संजू अग्रवाल, सचिव रीता अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अंजू अग्रवाल एवं उनकी पूरी टीम हमारे हर कार्यों में अपनी आम भूमिका निभाई। जिसके लिए यह सभी बधाई के पात्र हैं।

न्यूज गैलरी

मां ब्रह्मचारिणी स्वरुप की पूजा अर्चना की गई

पांडू। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पांडू ग्राम रतनाग में मां दुर्गा पूजा समिती द्वारा आयोजित उत्सव समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध समाजसेवी सह राजद नेता नरेश प्रसाद सिंह ने पंडाल में मां दुर्गे की मां ब्रह्मचारिणी स्वरुप की पूजा अर्चना की। रामलीला रंग मंच पर श्रीराम मां जानकी एवं महाबली हनुमान जी के प्रतिमा के पास दीप प्रज्वलित कर रामलीला रंगमंच कार्यक्रम का फीता काट कर शुभारंभ की । मौके पर धर्मदेव सिंह यादव, पांडू पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि विगन प्रसाद साव , महेन्द्र प्रसाद साहू, कृष्णा प्रसाद साहू एवं ग्राम पंचायत रतनाग के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

सतबरवा गैंगरेप के दुष्कर्मियों को फांसी की सजा दी जाये : अनुज

मेदिनीनगर। सदर प्रखंड के रजवाडीह मुखिया सह अधिवक्ता अनुज त्रिपाठी ने कहा है कि पलामू समेत पुरे झारखण्ड में दुर्ष्कम की घटना तेजी से बढ़ रही है। सतबरवा थाना के बकोरिया गांव के भलुवाही पहाड़ी के पास 22 बर्षीय विबाहित महिला के साथ 6 लोगों ने बलात्कार किया। राज्य में महिलाओं की सुरक्षा नहीं है। अपराधी खुलेआम तांडव कर रहे हैं। हेमंत सोरेन सरकार मुकदर्शक बनी है। अपराधी बेलगाम हो गये हैं झारखण्ड में आये दिन अखबारों के पन्नों पर महिलाओं के सुरक्षा को तार तार करने की खबर आ रही है। सतबरवा गैंगरेप की घटना झारखण्ड समेत पुरे देश को कलंकित किया है। हेमंत सरकार बड़ी-बड़ी डिंग हाक रही है। कि राज्य में महिलाएं सुरक्षित है, लुट संस्कृति सरकारी घोषणा को मुंह चिढ़ा रही है। कानून व्यवस्था पूरी तरह फेल है। हेमंत सरकार को थोड़ा भी शर्म हया बचीं है तो इस्तीफा दें । सतबरवा गैंगरेप के दुष्कर्मियों को स्पीडीली ट्रायल कर फांसी की सजा दी जाये।

मजदूरों का महासम्मेलन संपन्न

मेदिनीनगर। मजदूरों का महासम्मेलन बर्मा माईंस डनलप मैदान जमशेदपुर में आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य रूप से असंगठित कामगार कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद्ध उदित राज, उपाध्यक्ष संजय गांबा और झारखण्ड कामगार के प्रदेश अध्यक्ष शैलेश पाण्डे ,पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार ,सांसद् गीता कोड़ा , बेरमो विधायक अनुप सिंह और स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता शामिल हुए। इस महासम्मेलन में डॉ उदित राज ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में मजदूर ही वापसी करायेगें। संजय गाबा ने कहा कि कांग्रेस मजदूरों के हक की आवाज उठायेगी। इस महासम्मेलन में पलामू प्रमण्डल के कोअर्डिनेटर सह असंगठित कामगार के चेयरमैन अनिल कुमार सिंह को जिम्मेवारी दी गई है। उन्होंने कहा की मजदूरों के कांग्रेस मजदूरों के लिए आवाज उठाया है।

पंचायत सचिव के अभ्यर्थियों ने कांग्रेस अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा

मेदिनीनगर। पलामू सहित राज्य के सभी जिलों से आये सैकड़ो की संख्या में पंचायत सचिव के अभ्यर्थियों ने मंगलवार को सबसे पहले मुख्यमंत्री आवास पहुंचे। जहां मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी नियुक्ति की मांग की जानी थी। लेकिन मुख्यमंत्री की व्यस्तता के कारण मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव ने अभ्यर्थियों से मिला। उन्होंने अभ्यर्थियों को आश्वासन दिया कि जल्द की इस प्रक्रिया में बैठक कि जायेगी और नियुक्ति संबंधी सकारात्मक निर्णय लिया जायेगा। इसके बाद अभ्यर्थियों ने कांग्रेस भवन गये और कांग्रेस के अध्यक्ष से मिलकर ज्ञापन सौंपा। अभ्यर्थियों में बताया कि पंचायत सचिव के नियुक्ति में किसी भी प्रकार का अब कोई बाधा नही है। सुप्रीम कोर्ट ने भी नियुक्ति पूरी करने का आदेश दिया है। गौरतलब है कि विगत पांच वर्षो से पंचायत सचिव की नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है। सभी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद भी अभी तक अभ्यर्थियों की नियुक्ति नही हो पाई है। अभ्यर्थियों के द्वारा लगातार धरना,आंदोलन किया जा रहा है। सरकार में शामिल कांग्रेस के कई विधायको में भी पंचायत सचिव के नियुक्ति की मांग सरकार से की है।

व्यवसाय में उन्नति ही विकास की पहचान है :सोनू सिंह

मेदिनीनगर। किसी भी शहर में व्यवसाय में वृद्धि ही विकास की पहचान है। बढ़ता व्यवसाय यह बताता है कि शहर के लोगों की आर्थिक स्थिति में वृद्धि हो रही है। ये बातें इंडियन रोटी बैंक के राष्ट्रीय संरक्षक सोनू सिंह नामधारी ने सैलून और रेडीमेड दुकान के उद्घाटन के बाद कही। सोनू सिंह नामधारी ने कहा कि व्यवसाय में वृद्धि होने से शहर की भौगोलिक क्षेत्र का तो विकास होता ही है साथ ही बाहर के व्यवसायियों को भी व्यवसाय करने के लिये आमंत्रण देता है। जिससे नये नये व्यवसाय से आम लोगों को बेहतर सुविधा मिलती है। सोनू सिंह नामधारी ने स्थानीय महिंद्रा आर्केड में शीतल वर्ल्ड ऑफ ग्लैमनिस सैलून और जेड फैशन मेंस वियर कपड़ा दुकान का उद्घाटन किया। इस अवसर पर जेड फैशन मेंस वियर के जीशान खान,शीतल सैलून की शीतल सोनी,हुसैन खान,शमीम अहमद,गोपाल दास,कमलेश दुबे,प्रमोद सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

प्राचीन संस्कृति की धरोहर है रामलीला:आनंद

मेदिनीनगर। प्राचीन संस्कृति की धरोहर है रामलीला । उक्त बातें श्रीरामचरितमानस नवाह्न पारायण यज्ञ समिति के अध्यक्ष आनंद सिंह ने कहीं । वे सोमवार को पोलपोल बाजार में आयोजित रामलीला कार्यक्रम के उदघाटन के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि रामलीला के माध्यम से भगवान मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के चरित्रों का चित्रण किया गया है। उन्होंने कहा कि रामलीला हिन्दू धर्मावलंबियों का प्राचीन संस्कृति है। जो वर्तमान में विलुप्त होती जा रही है। इसे बचायें रखने की जरूरत है। मौके पर रामलीला कलाकारों के द्वारा रामलीला का मंचन किया गया। कलाकारों ने कला प्रदर्शन कर दर्शकों और श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया । मौके पर भगवान भोलेनाथ की झांकी निकाली गई। समिति के शशि सिंह, शिव कुमार सिंह, उमेश प्रसाद ,संजय कुमार सिंह, जेपी सिंह, ललित सिंह,लिलेश्वर सिंह ,संतोष कुमार पांडे, गुड्डू प्रसाद, मनोज कुमार ,सुशील सिंह, अखिलेश सिंह ,उमाशंकर सिंह,विनोद ठाकुर समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे ।विदित हो कि रामलीला का कार्यक्रम नवमी तिथि तक रात्रि 9:00 बजे से आरम्भ होगा ,जो देर रात तक चलेगा।

न्यूज गैलरी

लोहरगाड़ा गांव में पुलिस ने एक क्विंटल जावा महुआ किया नष्ट

केतार। अवैध महुआ शराब निर्माण और बिक्री पर रोक लगाने के लिए हरिहरपुर ओपी पुलिस काफी सख्ती बरत रही है। अवैध महुआ शराब के खिलाफ पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा के निर्देश पर सोमवार की देर शाम हरिहरपुर ओपी के एस आई आर बी शर्मा ने लोहरगाडा.गांव में छापेमारी अभियान चलाया।इस अभियान के दौरान पुलिस ने चार घरों में छापेमारी अभियान चलाकर करीब एक क्विटल जावा महुआ व शराब बनाने की उपकरण और वर्तन बरामद कर मौके पर ही नष्ट कर दिया। पुलिस की आने की सुचना मिलते ही शराब कारोबार में संलिप्त लोग फरार हो गए। पुलिस ने इस धंधा को छोड़ने की चेतावनी दी और कहा की इस कारोबार में संलिप्त लोगों पर करवाई की जाएगी। इस सम्बन्ध में हरिहरपुर ओपी प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने कहा की ओपी क्षेत्र में अवैध कारोबार संचालित नहीं होने दिया जाएगा, अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों को चिन्हित कर उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा की अवैध महुआ शराब निर्माण और बिक्री के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

व्यवसायिक संघ के बैनर पर कालिख पोतने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग

भवनाथपुर। भवनाथपुर व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष नितीश कुमार ने थाना प्रभारी को आवेदन देकर व्यवसायिक संघ के बैनर पर कालिख पोतने वाले असामाजिक तत्व के लोगों पर करवाई करने की मांग की है। दिए आवेदन में लिखा है कि भवनाथपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पूरे भवनाथपुर बाजार क्षेत्र में भवनाथपुर व्यवसायिक संघ का पूजा एवं त्यौहार की शुभकामना संदेश हेतु बैनर लगाया गया था लेकिन वनांचल ग्रामीण बैंक बाजार के पास लगा अध्यक्ष नीतीश कुमार गुप्ता एवं सचिव नवल किशोर प्रसाद के बैनर पर असामाजिक लोगों के द्वारा बैनर पर कालिख पोता गया है। जिससे पूरे व्यवसाई में आक्रोश व्याप्त है। दिए आवेदन में लिखा है कि 2 दिनों के अंदर संलिप्त व्यक्ति पर जांच उपरांत करवाई करें। अन्यथा हम सभी व्यवसाई संवैधानिक रूप से कार्रवाई करेंगे। जिसकी जवाबदेही प्रशासन की होगी। आवेदन देने वालों में अध्यक्ष नीतीश कुमार, सचिव नवल किशोर प्रसाद, बृजेश कुमार, अवध किशोर गुप्ता, अभिषेक कुमार, अजय सा, शमशेर अली, राजेश कुमार मेहता, जयसिंह, बुधन ठाकुर,विजय कुमार गुप्ता, अशोक कुमार गुप्ता, पिंटू ठाकुर सहित बड़ी संख्या में व्यवसायियों के नाम शामिल है।

योग और आयुर्वेद को धरातल पर गांव-गांव तक पहुंचाना है: बीडीओ

श्री बंशीधर नगर। ट्रॉमा सेंटर में मंगलवार को आयुष पखवाड़ा एवं आयुष चौपाल का आयोजन किया गया .कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्रवण राम,अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी,आयुष चिकित्सक डॉ रामानुज प्रसाद उपस्थित थे। इस अवसर पर बीडीओ श्रवण राम ने कहा कि योग और आयुर्वेद को धरातल पर गांव गांव तक पहुंचाना है और योग के माध्यम से अपने शरीर को पूरी तरह से स्वस्थ रखना है। उन्होंने कहा कि आज के समय में अपने खानपान को बदलकर सभी को पूर्ण स्वस्थ रखने का सिर्फ एक ही माध्यम है वह है योग। उन्होंने कहा योग पुरातन है और इसका समाधान अपने शरीर में ही है। दवा कुछ ही देर के लिए लाभदायक हो सकता है लेकिन योग और आयुर्वेद से आप आजीवन स्वस्थ रह सकते हैं। आयुष्मान भारत पखवाडा में बताया गया कि अधिक से अधिक लोगों को आभा कार्ड बनाकर स्वास्थ्य से लाभान्वित किया जाए। कार्यक्रम के अंत में बिरसा जीवन आयुष किट लोगो के बीच वितरण किया गया। मौके पर योग प्रशिक्षक शशि कुमार चौधरी, योग प्रशिक्षका प्रियंका द्विवेदी, विपेश राज तामंग, करुणा कुमारी,सुनीता कुमारी, दिलीप कुमार,ओम कुमार सहित सहिया साथी उपस्थित थे।

आंगनबाड़ी केंद्र का किया शिलान्यास

भवनाथपुर। ढिकुलिया टोला में प्रखण्ड प्रमुख शोभा देवी, मुखिया बेबी देवी एवं बीडीसी चन्दन कुमार ठाकुर ने संयुक्त रूप से आंगनबाड़ी केंद्र का शिलान्यास किया। मौके पर प्रखण्ड प्रमुख ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बन जाने से टोला के छोटे- छोटे बच्चों के पढ़ाई करने में सुविधा होगी, वहीं आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण किया जा रहा है । भवनाथपुर मुखिया बेबी देवी ने कहां कि ढिकुलिया टोला आदिवासी बाहुल्य टोला है। यहां आंगनबाड़ी भवन नहीं रहने के कारण पांच वर्ष के छोटे बच्चों को नियमित पोषाहार और नर्सरी की पढ़ाई सुव्यवस्थित ढंग से नहीं हो पाती थी। मौके पर पंचायत सेवक अजित सिंह, झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष चंदन ठाकुर, छोटन सिंह, राकेश रवि, कौशल कुमार सिंह, प्रदीप बैठा,जोखु सिंह सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

सड़क दुर्घटना में एक घायल

गढ़वा । गढ़वा नगर उंटारी एनएच 75 पर पडुआ के समीप मोटरसाइकिल दुर्घटना में रमना थाना क्षेत्र के भागोडीह गांव निवासी महेंद्र कुमार चंद्रवंशी घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के संबंध मे बताया जा रहा है कि महेंद्र गढ़वा से अपने घर जा रहा था इसी बीच पान खाने के लिए पदुआ के समीप रूका हुआ था तभी अचानक सामने से आ रहा पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दिया इसके बाद आसपास के लोगों द्वारा उठाकर सदर अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया । जहां महेंद्र का इलाज चल रहा है।

खरौंधी थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक, बोले थाना प्रभारी

दशहरा पर्व पर विशेष निगरानी होगी

नवीन मेल संवाददाता

खरौंधी(गढ़वा)। थाना परिसर में दुर्गा पूजा तथा दशहरा महापर्व को लेकर मंगलवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमे 20 सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक ने कहा प्रखंड में आज तक किसी भी त्योहार को दोनो समुदाय के लोग मिलजुलकर मानते आए है। किसी त्योहार में कभी कोई बिबाद नही हुआ है। ठीक उसी तरह दुर्गा पूजा तथा दशहरा पर्व को भी प्रखंडवासी मिलजुलकर मनाएंगे।

प्रमुख आभा रानी ने कहा प्रखंडवासी हमेशा किसी भी त्योहार को मिलजुलकर मानते आए है। इस वर्ष भी प्रखंडवासी दुर्गा पूजा तथा दशहरा पर्व को भी शांति पूर्ण मनाएंगे। वही खरौंधी प्रशासन भी इस पर्व पर अतिरिक्त गस्ती निकलकर निगरानी करने का काम करेंगे।

थाना प्रभारी अभय कुमार ने

कहा दुर्गा पूजा तथा दशहरा पर्व पर प्रसासन द्वारा विशेष गस्ती निकलकर निगरानी करेगी। प्रखंडवासी दुर्गा पूजा के दौरान क्षेत्र में किसी भी समस्या के लिए थाना को अवगत कराये। प्रशासन उस समस्या का समाधान समय रहते ऑन स्पॉट करने की काम करेगी। बीडीओ गणेश महतो ने कहा दुर्गा पूजा तथा दशहरा महापर्व पर प्रशासन अतिरिक्त गस्ती निकलकर निगरानी करेंगे। वही प्रखंडवासी भी इस पर्व पर प्रशासन का सहयोग करेंगे। आपके सहयोग से ही सरारती तत्व के लोगो पर अंकुश लगाया जा सकता है। बैठक का संचालन सेवानिवृत शिक्षक राजकेश्वर प्रसाद यादव ने किया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव, सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान, उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य, पूर्व उपप्रमुख गोरखनाथ चौधरी, चंदनी मुखिया रामगहन मेहता, कूपा मुखिया प्रमोद राम, सिसरी मुखिया पति उदय अलबेला, मझिगावां मुखिया पति सतीश सिंह, राजी मुखिया पति संतोष कुमार सिंह, अरंगी पूर्व मुखिया शिवकुमार यादव, करिवाडीह मुखिया मंशा देवी, एसआई अरुण सिंह, विवेकानंद यादव, रामपृत गुप्ता सहित दोनो समुदाय के लोग उपस्थित थे।

करिवाडीह में रामायण सीरियल का शुभारंभ

खरौंधी (गढ़वा)। प्रखंड के करिवाडीह पंचायत में मुखिया मंशा देवी तथा पंचायत समिति सदस्य विकास कुमार सिंह ने पंचायत के करिवाडीह बस स्टैंड के समीप सोमवार को दुर्गा पूजा तथा सीरियल का शुभारंभ फीता काटकर किया। इसमें मुखिया मंशा देवी ने कहा पंचायत में विभिन्न कमेटी के द्वारा नवरात्रि के शुभ अवसर पर जगह जगह दुर्गा पूजा तथा सीरियल का आयोजन किया जा रहा है। इस तरह के आयोजन से आसपास के क्षेत्रों में भक्तिमय वातावरण तैयार होता है। इस तरह का आयोजन कर कमेटी के लोगो ने सराहनीय कार्य किया है। इस कार्यक्रम में मुझसे जो सहयोग होगा, निश्चित रूप से करेंगे। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष अक्षय कुमार रजक, कोषाध्यक्ष देवाशीष सिंह, अभिजीत सिंह, सचिव शिशु पाल, बबन सिंह, धर्मेंद्र यादव, काजू बैठा आदि उपस्थित थे।

15 साल से अधूरे पड़े सामुदायिक भवन का निर्माण पूर्ण करायेंगे मंत्री

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। जिले के मेराल प्रखंड अंतर्गत मेराल पश्चिमी पंचायत में पिछले 15 वर्षों से अधूरा पड़े सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर पूर्ण कराएंगे। मंगलवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्रामीणों ने मंत्री श्री ठाकुर को इस समस्या से अवगत कराते हुए बताया कि दुर्गा मंदिर के समीप स्थित इस सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य पिछले 15 वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है। आसपास में कोई भी सार्वजनिक भवन नहीं होने से गांव के लोगों को शादी, विवाह सहित अन्य समारोह के आयोजन में काफी परेशानी होती है।

इस समस्या की जानकारी मिलने के बाद मंत्री श्री ठाकुर ने तत्काल इस अधूरे पड़े सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य स्वयं पूर्ण कराने की घोषणा किया। साथ ही

मंत्री ने नारियल फोड़ कर कार्य का शुभारंभ भी कर दिया। इसका निर्माण कार्य मंत्री श्री ठाकुर के सौजन्य से किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि क्षेत्र में कोई भी समस्या हो उसे प्राथमिकता के आधार पर हर हाल में दूर किया जाएगा। मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, प्रवक्ता धीरज दुबे, विकास सिंह कुशवाहा, संजय सिंह, आशीष अग्रवाल, दिलीप गुप्ता, नवीन तिवारी, राजेश बैठा सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

डंडई में नाट्य मंचन कार्यक्रम का जनप्रतिनिधियों ने किया उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

डंडई । दुर्गोत्सव महापर्व के अवसर पर सोमवार से प्रखंड क्षेत्रों में नाटक मंचन कार्यक्रम होना शुरू हो गया है। इस बीच प्रखंड के कई गांव में कहीं नाटक मंचन कार्यक्रम हो रहा है, तो कहीं रामलीला व रासलीला के साथ-साथ प्रोजेक्टर के माध्यम ग्रामीणों को रामायण और महाभारत का सीरियल दिखा लाया जा रहा है । डंडई के देवी धाम स्थल पर आयोजित नाटक मंचन कार्यक्रम का सोमवार रात्रि विधिवत उद्घाटन किया गया । उद्घाटन करने पहुंचे थाना प्रभारी सुनील कुमार पटेल, मुखिया धनवंती देवी, समाजसेवी महावीर राम, रामा प्रसाद, राजकुमार गुप्ता, रामचंद्र प्रजापति,करीम सिंह,रणविजय सिंह इत्यादि लोगों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया । उसके बाद लोगों के द्वारा बारी-बारी से मंच का

संबोधन किया गया। पश्चिमी भाग बीडीसी प्रतिनिधि मिथिलेश कुमार ने कहा कि दुर्गोत्सव बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रत्येक का पर्व है ।इस पर्व में आपसी द्वेष को लोगों को भूलने की जरूरत है ।उन्होंने कहा कि जिस तरह लोग भयमुक्त वातावरण में होकर मां दुर्गे की पूजा अर्चना करते हैं उसी तरह सभी तरह के शिकवे को भूल कर लोग एक दूसरे से गले मिलेंगे ।

केतरी गांव में वित्तिय जागरूकता शिविर का आयोजन

बैंकिंग प्रणाली के संबंध में दी गयी कई जानकारी

नवीन मेल संवाददाता

केतार। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के तत्वावधान में मंगलवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय केतरी में वित्तिय साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम शिविर का शुभारंभ जेआरजीबी के जिला कोडिनेटर लक्ष्मण राम, जेआरजेबी जिला काउंसलर राजीव कुमार दुबे, शाखा प्रबंधक अभिषेक कुमार,जेएस एलपीएस के सीसी बसंत कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरूआत किया। इस शिविर में जेआरजीबी जिला काउंसलर राजीव कुमार दुबे ने उपस्थित खाताधारकों को बैंक में मिलने वाली सभी सुविधाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। साथ ही बैंक के खाता

खुलवाने में बैंक खाता में नॉमिनी का नाम, मोबाइल नम्बर, आधार नम्बर होना होना अनिवार्य बताया। खासकर महिलाओं को छोटी छोटी बचत की राशि जामा करने की सलाह दी। उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधान मंत्री जीवन ज्योति योजना प्रत्येक घर के सदस्यों को कराने की सलाह दी ताकि भविष्य में कोई भी अनहोनी होने और परिवार को बैंक द्वारा लाभ मिल सके। साथ ही बैंक में लेन देन करने की सलाह दी।

शाखा प्रबंधक अभिषेक कुमार ने कहा की आजकल साइबर क्राईम बढ़ गई है। इसको लेकर खाताधारकों को अनजान नम्बर से आये फोन से सावधान रहने की जरूरत है। मौके पर मुखिया प्रमोद कुमार,सीसी वसंत कुमार विकास कुमार, मुकेश विश्वकर्मा, गोखुल कुमार, विभा देवी , शिला देवी, जयशंकर प्रसाद, बब्लू चौधरी, बिहारी चौधरी, दुर्गेश ठाकुर, जयराम चौधरी,बसरोपण पासवान सहित अन्य दर्जनों लोग उपस्थित थे।

आठवीं कक्षा के छात्र का बुखार से निधन

केतार। थाना क्षेत्र के बेलाबार गांव निवासी सद्दाम हुसैन का 12 वर्षीय पुत्र ताज मोहम्मद का मौत मंगलवार को अत्यधिक बुखार के कारण इलाज के दौरान रांची ले जाने के क्रम में हो गई। मृतक का शव बेलाबार गांव में पहुंचते ही कोहराम मच गया। वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मुकुन्दपुर पंचायत के मुखिया मुंगा साह ने मृतक के घर पहुंचकर परिजनों का ढांढस बढ़ाया।इस दौरान मृतक के पिता ने बताया की पंद्रह दिनों से बुखार की शिकायत थी जिसके बाद विभिन्न अस्पतालों में इलाज कराया लेकिन तबियत में सुधार नहीं हुआ। अंततः रांची ले जाने के क्रम में रास्ते में ही मौत हो गई। उक्त छात्र मध्य विद्यालय केतार का आठवीं कक्षा का छात्र था।

युवा टाइगर क्लब पूजा कमेटी के सदस्यों ने दिया धरना, कहा

फर्जी मुकदमा वापस ले, सीआई पर हो कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता

धुरकी। अंचल क्षेत्र के टाटीदीरी गांव के युवा टाइगर क्लब पुजा कमिटि के सदस्य व ग्रामीणो ने नवरात्र के पहले दिन नवरात्र के पाठ कथा का बहिष्कार करने तथा इस बार दशहरा नही मनाने का निर्णय लिया है। वह सोमवार को अपनी मांग को लेकर पुजा पंडाल के निकट चौ पाल मे धरना-प्रदर्शन पर बैठ गए टाटीदीरी मे पुजापाठ व रासलीला के लिए अनुदान की गई। भुमि पर से कब्जा हटाने के लिए अपनी मांग पर डटे हुए थे। कमिटी के सदस्यों को कहना था कि जब तक हम लोग पर किया गया। फर्जी मुकदमा वापस नही होता है तथा सीआइ विभुति नरायण सिंह के इशारे पर अंचल कार्यालय मे बिचौलिए लोगो पर अंकुश लगाकर सीआइ पर कार्रवाई नही होगा तब-तक वे लोग

धरना-प्रदर्शन पर बैठे रहेंगे और पूजा-पाठ नही करेंगे।

वहीं पूजा कमिटी व ग्रामीणो के धरना-प्रदर्शन की जानकारी मिलने पर झामुमो के युवा नेता ताहिर अंसारी विधायक प्रतिनिधी अखिलेश यादव रामप्रवेश गुप्ता धरना-प्रदर्शन के स्थल पर पहुंचे हुए थे। इसके बाद नेता ताहिर ने फोन से एसडीओ सीओ और डीएसपी से विवादित भुमि के संबंध मे बातचीत किया। वहीं बातचीत करने के बाद नेता ने प्रदर्शन कर रहे पुजा कमिटी व ग्रामीणो से बातचीत करते हुए कहा की उक्त अधिकारियो से बातचीत उन्होने कई है, तथा 28 सितंबर को एसडीओ सीओ के उपस्थिती मे विवादित भूमि का मापी किया जाएगा। इसके बाद धरना-प्रदर्शन कर रहे कमिटी के लोग नेता के बातो को सुनकर धरना-प्रदर्शन समाप्त कर दिया। वही पुजा कमिटी के सदस्यो ने छः घंटे के बाद धरना प्रदर्शन को खत्म कर कहा की उन्होने धरना-प्रदर्शन समाप्त किया है, परंतु पुजापाठ नही करेंगे। कमिटी के सदस्यो ने कहा की जबतक उक्त भुभि से अवैध कब्जा व सीआइ विभुती नरायण सिंह द्वारा किया गया झूठा मूकदमा वापस लेकर तथा सीआई पर कायार्वाई नही होगी तब वे लोग इसबार दशहरा नही मनाएंगे।

श्री बंशीधर नगर में भाजपा नेताओं ने मनाया सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम

नवीन मेल संवाददाता

श्री बंशीधर नगर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाये जा रहे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत मंगलवार को संयुक्त रूप से श्री बंशीधर नगर शहरी व ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष के नेतृत्व में लोकल फॉर वोकल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम जिला प्रभारी लवली आनंद ने कहा कि स्थानीय वस्तु के निमार्ताओं के अनुसार बाजार में फाइबर, प्लास्टिक और थर्मोकॉल के समान आने से इनके व्यवसाय पर भारी असर पड़ा है। जिससे इनके परिवार के भरण पोषण नही हो रहा है। मैं प्रधानमंत्री जी का ध्यान इनकी समस्याओं की ओर आकृष्ट करवा कर इनके व्यव्साय को कैसे संरक्षण किया जाए और इन्हें एक विशेष मार्केट

दिया जाए इसकी मांग करती हूं। मौके पर मण्डल अध्य्क्ष कनिष्क कुमार, ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष विकास कुमार, अनुमंडल प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, रामप्रवेश कुमार, संजय कांस्यकार, लाला पासवान, सुधीर प्रजापति, मुकेश प्रजापति मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

प्रमुख ने सीओ से 24 घंटे के अंदर मांगा स्पस्टीकरण

भवनाथपुर। अंचलाधिकारी रामशंकर श्रीवास्तव को बंसनी पंचायत के ग्रामीणों ने 10 अगस्त 2022 को आवेदन देकर सड़क अतिक्रमण मुक्त कराने का मांग किया था लेकिन आज तक सड़क का अतिक्रमण मुक्त नही कराया गया। वहीं प्रमुख के अवचक निरीक्षण के दौरान 16 अगस्त को पांच अंचल कर्मी अनुपस्थित पाए गए थे प्रमुख के द्वारा सभी अनुपस्थित कर्मियों का एक दिन का बेतन काटने का निर्देश दिया गया था पत्रांक 369 दिनांक 11 सितम्बर 2022 को राजस्व कर्मचारियों को पंचायत वार स्थान्तरण करने के लिए आवेदन दिया गया था लेकिन अभी तक कोई कारवाई नही कर प्रखण्ड प्रमुख का अवहेलना कर रहे हैं।

पेंशन के लिए दर-दर भटक रहे हैं विशुनपुरा प्रखंड के 800 वृद्ध

नवीन मेल संवाददाता

विशुनपुरा। विशुनपुरा प्रखंड में ऑनलाइन डाटा के अनुसार लगभग 800 बृद्धा पेंशन डिलीट कर देने के कारण बृद्ध लोग दर दर भटक रहे है. विधवा बृद्ध महिला मानव देवी 10 वर्षो से पेंशन के लिए भटक रही है. तो कोई पेंसन योजना से नाम हट जाने से परेशान है. पेंसन मिलने से वृद्धों को परिवार के सदस्यों का सहारा भी नहीं मिल रहा है. वे दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं. प्रशासन एक ओर पेंशन राशि के माध्यम से वृद्धों को सहायता देने का दावे तो कर रहा लेकिन वास्तविक स्थिति कुछ और ही दिख रही है।

कोई नही है सहारा

विशुनपुरा पंचायत की 75 वर्षीय वृद्ध महिला मनवा देवी ने बताया कि लगभग 10 वर्षो से पेंशन के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रहे है लेकिन अभी तक पेंशन नही मिल पाई है। इन्होंने बताया कि घर में कमाय वाला कोई नइखे पति के मृत्यु हो गइल बा हमर कोई बाल बाचा नइखे, दस साल से दउड़त ही हमरा पेंसन नइखे मिलत बाबू कोई नइखे सुनत।

मानव देवी ने बताया कि इस बृद्धा काल मे एक पेंशन ही सहारा है वह भी नही मिल पारहि है. मानव देवी के पड़ोस के लोगो ने बताया कि इनके पति की मृत्यु लगभग पांच वर्ष पूर्व हो चुका है। अब इनका कोई सहारा नही है।

वहीं विशुनपुरा पंचायत के संध्या गांव निवासी 71 वर्षीय राजेन्द्र यादव ने बताया कि मेरा और मेरी 66 वर्षीय पत्नी अकली देवी का पेंसन बिना सत्यापित किए डिलीट कर दिया गया। पेंशन डिलीट हो जाने के कारण चार महीना का बकाया पेंसन 8000 हजार रुपये भी नही मिला. उन्होंने बताया कि हम दोनों दम्पति पेंसन के पैसे से अपनी बीमारी का इलाज करवाते थे। घर की माली हालत खराब है। अब हमलोग इलाज कैसे कराएंगे ये सोचकर मेरी पत्नी की तबियत और खराब हो चुकी है. उन्होंने बताया कि इस बार की पेंशन की पैसा से नया चश्मा खरीदना था. लेकिन पेंशन नही आने से टूटे चश्मे को रस्सी से बांधकर पहन रहे है। उन्होंने बताया कि जिंदगी की इस पड़ाव में दुनिया धुंधली ही नजर आ रही है।

बीएलओ की गलती का दंश झेल रहे वृद्ध

मतदाता सूची (वोटर आईडी) का कार्य बीएलओ द्वारा कराया जाता है। इन्ही लोगो द्वारा व्यक्ति की उम्र और फिजिकल भेरीफिकेसन कर रिपोर्ट तैयार कर विभाग को दिया जाता है. वर्ष 2019 के बाद के रिपोर्ट में बीएलओ द्वारा किसी की उम्र कम तो किसी की उम्र ज्यादा कर दिया गया. इन्ही की गलती का खामियाजा वृद्ध को भुगतना पड़ रहा है।

इस सम्बंध में बीडीओ हीरक मन्ना केरकटा ने कहा कि अगर किसी योग्य लाभुक का पेंशन केंसिल हो गया है तो आधार एवम मतदाता पहचान पत्र लेकर कार्यालय में प्रस्तुत करें, वही मनवा देवी का पेंशन हेतु कागजात लेकर पेंशन स्वीकृति कर दी गयी है।

बिना फिजिकल वेरीफिकेशन किये सूची से डिलीट कर दिया गया नाम

मालूम हो कि पिछले दो माह से वृद्धा पेंशन बिना फिजिकल वेरीफिकेशन किये लगभग आठ सौ से अधिक लोगो का पेंसन सूची से नाम डिलीट कर दिया गया है। जिसमें राजेन्द्र यादव व अकली देवी जैसे लोगो का नाम शामिल है. जिला उपायुक्त गढ़वा के निदेर्शानुसार प्रखंड कार्यालय से व्यक्ति की सत्यता की जांच कर फर्जी पेंशनधारियों को चिन्हित कर वृद्धा पेंसन से वंचित करना था, लेकिन यहां 70 वर्ष की बृद्ध का भी पेंशन डिलीट कर दिया जारहा है। इससे पेंशन के योग्य लाभुक भी वृद्धा पेंसन के लाभ से वंचित हो जा रहे है।

राजेन्द्र यादव की वोटर आईडी व आधार कार्ड में 71 वर्ष है। वहीं ऑनलाइन चेक करने पर 63 वर्ष बता रहा है। वहीं अकली देवी की वोटर आईडी व आधार में 66 वर्ष है, लेकिन ऑनलाइन चेक करने पर 45 वर्ष है. यही कारण है कि ऑनलाइन डाटा के अनुसार लगभग 800 लोगो का पेंसन डिलीट हो चुका है। जिसमे फर्जी लोग भी पकड़े गये है, लेकिन राजेन्द्र यादव व इनकी पत्नी अकेली देवी वृद्धा पेंसन के योग्य लाभुक होते हुए भी ऑनलाइन आईडी डाटा के अनुसार पेंसन रद्द कर दिया गया। वहीं फिजिकल भेरीफिकेसन किया गया होता तो योग्य लाभुकों को वृद्धा पेंसन से वंचित नही होना पड़ता।

न्यूज गैलरी

जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्या

लातेहार। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन उपायुक्त कार्यालय कक्ष में किया गया। उपायुक्त द्वारा क्रम वार तरीके से सभी की समस्याओं को सुनी गई एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। फरियादियों की समस्याओं को लिखित आवेदन के माध्यम से प्राप्त कर उन्हें संबंधित पदाधिकारियों को निवारण को लेकर अग्रसारित किया गया। ज्ञात हो कि आज के जनता दरबार में कुल 29 मामले आए जो मुख्य रूप से भूमि अधिग्रहण, पीएम आवास, राशन, मोटर युक्त साईकिल उपलब्ध कराने संबंधित, आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका चयन संबंधित, जमीन विवाद, मुआवजा, रोजगार, नियोजन आदि संबंधित आवेदन आये। जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त के निदेर्शानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

विधायक ने कई योजनाओं का शिलान्यास किया

बरवाडीह। मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय में एफसीआई गोदाम की मरम्मत कार्य का शिलान्यास समेत कई योजनाओं का शिलान्यास किया। सोमवार को विधायक रामचंद्र सिंह विधायक रामचंद्र सिंह अपने समर्थकों के साथ प्रखंड कार्यालय परिसर में जर्जर एफसीआई गोदाम मरम्मत कार्य का विधिवत पंडित मृत्युंजय मिश्रा बल्लू के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच नारियल फोड़कर व शीला पट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया। इसके बाद बेतलाअखरा में धूमकुड़िया भवन निर्माण का आधार शिला रखा। मौके पर बीडीओ राकेश सहाय समेत अन्य अतिथियों ने भी ने शीला पट स्थल में नारियल फोड़कर पूजा अर्चना किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह , 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, जय प्रकाश रजक, मनोज कुमार गुप्ता, अजय कुमार सिंह बिट्टू, अजय चंद्रवंशी, समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सात दिवसीय प्रवचन कार्यक्रम का कुंदा में हुआ शुभारंभ

कुंदा(चतरा)। जिले के कुंदा प्रखंड मुख्यालय स्थित दुर्गा मंडप परिसर में नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति द्वारा सात दिवसीय प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन समिति के पूर्व अध्यक्ष मदन प्रसाद गुप्ता, अध्यक्ष प्रमोद कुमार गुप्ता, सचिव सह मुखिया मनोज कुमार साहू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व फीता काटकर किया। ज्ञात हो की सात दिनों तक शाम 7रू00 बजे से रामचरित मानस का पाठ प्रवचन कर्ता रविन्द्र पांडेय के द्वारा किया जायेगा, पहले शाम को श्री पांडेय के द्वारा भजन के साथ प्रवचन सह रामचरितमानस पाठ का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में उपाध्यक्ष लहेश प्रसाद सिन्हा, कोषाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद गुप्ता, उप सचिव हेमंत गुप्ता, लवकुश कुमार गुप्ता, मनोज गुप्ता, जयनन्दन साव, उमेश गुप्ता, सुरेन्द्र ठाकुर, मनोज सौंडिक, संजय मुंडा समेत पूजा समिति के अन्य सदस्य व अन्य मौजूद थे।

उतराठी नदी में बहता मिला अधेड़ का शव, क्षेत्र में मची सनसनी

टंडवा (चतरा)। मंगलवार को टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत उतराठी नदी में पानी के तेज बहाव के बीच एक अधेड़ व्यक्ति का शव बहता मिली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीणों द्वारा शव को देखे जाने के बाद स्थानीय थाने को सूचना दी गई। जिसपर त्वरित संज्ञान लेते हुए पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने मौके से शव को कब्जे में लिया। शव की पहचान टंडवा थाना क्षेत्र के हीं चट्टीगाड़ी लौंग निवासी रघु राम पिता जगजीवन राम के रूप में की गई है। वहीं घटना को लेकर पुलिस हर पहलुओं को ध्यान में रखते हुए अंत्यपरीक्षण से प्राप्त रिपोर्ट एवं अन्य तकनीकी जानकारी के आधार पर अनुसंधान करने की बातें कह रही है।

बीडीओ ने की मनरेगा कर्मियों के साथ बैठक, दिये दिशा-निर्देश

गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर प्रखंड कार्यालय में बीडीओ संजीत कुमार सिंह ने मनरेगा कर्मियों के साथ मंगलवार को समीक्षा बैठक की। बैठक में बीडीओ ने मनरेगा कर्मियों को पंचायत क्षेत्र में रहने, सुखाग्रस्त क्षेत्र में मनरेगा मजदूरों को अधिक रोजगार देने व मनरेगा मजदूरों को शत प्रतिशत आधार से जोड़ने का निर्देश दिया। साथ ही वर्ष 19-20 तथा 20-21 तक कि योजनाओं को पूर्ण कराने, वीर सिंह पोटो हो खेल मैदान को 15 अक्टूबर तक पूर्ण कराने, वृक्षारोपण कार्य मे काम के अनुसार मजदूरों का भुगतान करने का निर्देश सम्बंधित रोजगार सेवकों को दिया। बैठक में बीपीओ अजय कुमार सिन्हा, सहायक अभियंता मनोज कुमार, कनीय अभियंता सचिनदत्त शर्मा, रोजगार सेवक गोविंद दांगी, रोहित कुमार यादव, सुनील कुमार, टेक्नारायण राम, स्वर्णलता कुमारी सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

पुलिस ने वाहन सहित 152 पेटी अवैध विदेशी शराब किया जब्त

चतरा। एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर 407 वाहन में लदे 152 पेटी अवैध विदेशी शराब को पुलिस टीम ने बरामद करने में सफलता प्राप्त की। सूचना के आलोक में हंटरगंज थाना प्रभारी सनोज कुमार चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा जीया पेट्रोल पंप के बगल में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें 407 वाहन तेजी से आते दिखा तो सशस्त्र बल की मदद से रोका गया। रात्रि होने के कारण पुलिस को देख ड्राईवर वाहन छोड़ भागने में सफल रहा। वहीं वाहन के तलाशी में ब्लैक डॉग कंपनी लिखा हुआ 152 पेटी अवैध विदेशी शराब जिसमे 24 पीस 375 एमएल का कुल 3648 बोतल, जेके गोल्ड सैम 10 बोरा व एक 407 गाड़ी जेएच 01 एम 5475 जब्त किया गया। वहीं पुलिस द्वारा अवैध शराब माफिया के धर पकड़ के लिए पुलिस द्वारा अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की जा रही है। छापामारी टीम में एसआई नितेश दुबे, एएसआई निरंजन कुमार सिंह, सुनील कुमार दुबे व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

शहर से लेकर गांव तक मां की अराधना में लीन हुए श्रद्धालु

पंडालों को आकर्षक रूप देने में जुटे हैं कलाकार

नवीन मेल संवाददाता

बालूमाथ। नवरात्रि के कलश स्थापना के साथ नवरात्र प्रारंभ है। प्रखंड में से लेकर गांव तक भक्ति भाव का माहौल है। लोग मां दुर्गा के पूजा अर्चना में सुबह शाम दिन रात लीन हैं। बाजारों में भी रौनक देखी जा रही है।वही प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में जैसे बालूमाथ दिवाकर नगर, शेरेगड़ा, गणेशपुर, भगिया, मरांगलोईया, बसिया, मासीयातू, बालू, धातु, झाबर आदि कई जगहों पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाई जा रही है। शहर से लेकर गांव तक नवरात्रि का धूम मचा हुआ है।

11 लाख की लागत से गोवा हाटी मंदिर का रूप देने में लगे हैं कोलकाता के कारीगर: बालूमाथ दुर्गा मंडप में गोवाहाटी मंदिर का स्वरूप कोलकाता के दर्जनों कारीगरों द्वारा दिन रात मेहनत करके बनाया जा रहा है ।इस पंडाल में लगभग अनुमानित लागत ?1100000 बताई जा रही है। पंडाल पूरी तरह वाटरप्रूफ बनाई गई है। पंडाल इतनी भव्य है कि पंडाल के अंदर हजारों श्रद्धालु एक साथ पूजा में भाग ले सकते हैं। पूजा समिति दिन रात मेहनत कर बेहतर व्यवस्था करने में लगे हुए हैं।

विजय सप्तमी को भक्ति जागरण का कार्यक्रम का होगा आयोजन

बालूमाथ दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रवि सिंह ने बताया कि पंडाल का निर्माण लगभग पूरा होने को है। जिसके लिए कारीगर दिन और रात मेहनत कर रहे हैं। इसके साथ ही साथ समिति द्वारा दिन का भंडारा लगभग 10:00 बजे से प्रारंभ हो जाता है, जिसे श्रद्धालु महाप्रसाद को आकर अवश्य ग्रहण करें। वहीं संध्या 7:00 बजे से आरती होती है जिसके लिए पूजा समिति द्वारा पूरी तरह का व्यवस्था किया गया है। साथ ही आगामी विजय सप्तमी को भक्ति जागरण का कार्यक्रम का रात्रि में आयोजन किया जाएगा। जिसका कलाकार इलाहाबाद, धनबाद, बंगाल सहित कई जगह से चर्चित कलाकार इस जागरण में अपना कला प्रदर्शित करेंगे। संध्या आरती प्रतिदिन 7:00 से प्रारंभ होती है। जिसमें सभी श्रद्धालु महिल पुरुष भक्तगण स समय उपस्थित होकर आनंदमई आरती का लाभ उठा सकते हैं। और प्रसाद ग्रहण करें। कोई भी श्रद्धालु संध्या आरती या दिन का भंडारा चलाने के लिए स्वतंत्र हैं। वहीं श्री सिंह ने यह भी बताया कि संध्या आरती का दौरान जो भी श्रद्धालु भक्तगण अपने दो पहिया चार पहिया को कृपया पंडाल के बगल में न्यू बस स्टैंड पर अपना वाहन खड़ा कर सकते हैं ।वहां समिति द्वारा व्यवस्था दी गई है। वही स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा संध्या आरती 7:00 बजे से जब तक आरती संपन्न ना हो जाए और श्रद्धालु अपने गंतव्य की ओर रवाना ना हो जाए तब तक बड़ी वाहनों का पार्किंग में रोक लगाने की मांग की । बता दें कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कुशवाहा टेंट हाउस और पिंटू साउंड पूजा पंडाल में अपनी व्यवस्था दिए हुए हैं। दुर्गा पूजा को सफल बनाने के लिए दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष रवि सिंह, उपाध्यक्ष प्रमोद साहू ,कैलाश यादव, संजय ओझा, विशेष कुमार, लालदेव गंझु,मछेन्द्र यादव, सचिव रंजय कुमार सिंह आदि योगदार दे रहे है।

इटखोरी में महिला काव्य मंच ने काव्य गोष्ठी का किया आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

इटखोरी(चतरा)। मंगलवार को महिला काव्य मंच चतरा द्वारा इटखोरी प्रखंड स्थित साईं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंच की अध्यक्ष श्वेता सिन्हा, उपाध्यक्ष सुशीला कुमारी एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक ज्ञानप्रकाश सिन्हा ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मंच की उपाध्यक्ष ने भ्रुण हत्या का पुरजोर विरोध करते हुए एक मार्मिक कविता सुनाई। वहीं मंच की अध्यक्ष ने मां शारदे को नमन करते हुए ष्कलम की ताकतष कविता का वाचन किया। फिर उन्होंने बेटियों को आंदोलित करने वाली एक कविता सुनाई, जिसमे भारत की महान नारियों के त्याग, समर्पण और हनशीलता का वर्णन किया गया था। जबकि मंच की सदस्य कविता फूलवंती ने बेटी कविता सुनाई और माता पिता को समर्पित एक सुंदर गीत गाया। संध्या रानी ने सभी मातृ शक्तियों को नमन करते हुए बेटी पर बहुत ही खूबसूरत कविता सुनाई और सुंदर गीत भी गाया। अंत में बेटी दिवस के अवसर पर आयोजित इस काव्य गोष्ठी में श्वेता सिन्हा ने बेटा व बेटी के भेद को मिटाते हुए एक पुरुष विशेष कविता सुनाई, जिसमें एक स्त्री के मनोभाव हैं कि ष्पुरुषों को पुरुष कौन बनाता है। कार्यक्रम की समाप्ति स्कूल के प्रिंसिपल ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया।

नवयुवक संघ के तत्वावधान में गढ़वाटांड मैदान में आकर्षक पंडाल का हो रहा निर्माण

नवीन मेल संवाददाता

बरवाडीह। प्रखंड के गढ़वाटांड मैदान में नवयुवक संघ द्वारा स्थापित पूजा पंडाल अपनी 16 वीं वर्षगांठ मना रहा है। प्रत्येक वर्ष आकर्षक प्रतिमा व पूजा पंडाल के कारण गढ़वाटांड नवयुवक संघ पूजा पंडाल आसपास के क्षेत्रों में काफी लोकप्रिय पूजा पंडाल है। प्रत्येक वर्ष इस पूजा पंडाल को नव युवकों एवं अभिभावकों के सहयोग से पूजा पंडाल की भव्यता रूप दिया जाता है। बाहर से आए कलाकारों द्वारा पूजा पंडाल को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष अपनी नई नई आकर्षण वह बाहर से आए कलाकारों की कलाकृतियों के कारण यह पूजा पंडाल आसपास के क्षेत्रों में काफी मशहूर है. वही उत्तर प्रदेश के कलाकारों द्वारा भव्य मूर्ति का निर्माण किया जा रहा है। पूजा समिति के राजदीप कुमार रिकी ने कहा कि इस वर्ष आकर्षक पूजा पंडाल दर्शकों का मुख्य आकर्षण रहेगा वही दो दिवसीय भक्ति जागरण कार्यक्रम भक्तों को अपनी ओर बरबस खींचेगा। वही पूजा समिति के अध्यक्ष रेल सेवानिवृत लोकनाथ राम ने कहा कि गढ़वाटांड पूजा पंडाल ऊंची प्रतिमा व आकर्षक पंडाल इस वर्ष का मुख्य आकर्षण रहेगा।

वही बाहर से आए कलाकारों द्वारा पंडाल व मूर्ति को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वही पूजा पंडाल में सहयोग करने वाले सक्रिय सदस्यों मे लक्ष्मण मिस्त्री , सुरेश राम, प्रमोद कुमार, अनिल चंद्रवंशी समेत गढ़वाटांड नव युवकों सक्रिय है।

अवैध अफीम व गांजा के साथ पुलिस ने एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

कुंदा(चतरा)। अफीम व गांजा क्रय-विक्रय करने वाले के विरुद्ध पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 775 ग्राम अफीम व 255 ग्राम गांजा के साथ एक तस्कर को कुंदा थाना क्षेत्र से पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। एसडीपीओ अशोक कुमार प्रिदर्शी ने जानकारी देते हुए बताया कि एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए कुंदा थाना क्षेत्र निवासी अरविंद कुमार शर्मा पिता स्व. पूरन शर्मा को बीडीओ खगेश कुमार के नेतृत्व में गठीत टीम ने थाना प्रभारी परमानंद मेहरा के साथ सिद्धकी मोड़ के पास वाहन चेकिंग के दौरान प्लास्टिक में रखे 775 ग्राम अफीम, गांजा 255 ग्राम के साथ एक मोटरसाइकिल गाड़ी जेएच 13डी 1592 बरामद किया। पुलिस ने गिरफ्तार तस्कर अरविंद शर्मा यूएमएस विद्यालय बेसरा के सहायक शिक्षक को न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया।

डीसी ने की जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

चतरा। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक मंगलवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सह उपायुक्त अबु इमरान ने की। बैठक में मुख्यतः ग्राम वन अधिकार समिति द्वारा दिए गये वन भूमि के उपयोग हेतु अनुमण्डल वन अधिकार समिति के द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने की अनुशंसा के आधार पर जिला वनाधिकार समिति द्वारा वन एवं जंगल-झाड़ी भूमि का अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत करने पर चर्चा हुई। जिसमें मुख्य अघारभूत संरचना को लेकर आए प्रस्तावों में से 2 प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। वहीं सामुदायिक वन पट्टा के मामलों को सुलझाने हेतु अनुमंडल पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी एसपी सुमन, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, जिला कल्याण पदाधिकारी अरुण एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, रामेटाना भगत (सदस्य) सिदपा, सरयु उरांव (सदस्य) सिंदरीवार सिमरिया, शोभा कुजूर (सदस्य) कल्याणपुर आदि उपस्थित थे।

ठाकुरपारा स्थित राजा मेदनीराय किला में चला स्वच्छता अभियान

सौन्दर्यीकरण से छेड़छाड़ नहीं करने की अपील

नवीन मेल संवाददाता

लातेहार। सदर प्रखंड के नावागढ़ पंचायत के ठाकुरपारा गांव में स्थित राजा मेदनीराय किला में मंगलवार को लातेहार जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार सिंह के आदेशानुसार नावागढ़ पंचायत के मुखिया प्रवेश उरांव एवं राजामेदनी राय किला विकास समिति ठाकुरपारा, नावागढ़ के सचिव हरिओम प्रसाद के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया। मौके पर नावागढ़ पंचायत के मुखिया प्रवेश उरांव ने कहा की राजा मेदनी राय किला ठाकुरपारा,नावागढ़ का सौन्दर्यीकरण हो जाने से यहां पर्यटकों का आना-जाना बढ़ा है। वर्तमान में यहां पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से चारदीवारी की भी सख्त आवश्यकता है। जिसे संज्ञान में लेकर जिला प्रशासन इस पर पहल करें। साथ ही पंचायत वासियों से भी अपील करता हूं कि यह धरोहर हम सभी का है। इसकी संरक्षण में मैं सभी का सहयोग का अपेक्षा करता हूं। वहीं भाजपा नेता सह राजा मेदनीराय किला विकास समिति ठाकुर पारा, नावागढ़ के सचिव हरिओम प्रसाद ने कहा की झारखंड सरकार की यह सराहनीय और अच्छी पहल है। ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित करने और इसे सफाई अभियान से जोड़कर युवाओं में एक अच्छा संदेश भी जा रहा है। बसाथ ही मैं नावागढ़ पंचायत समेत आसपास के लोगों से अपील करता हूं कि किला परिसर के सौन्दर्यीकरण जैसे स्ट्रीट लाइट सीढ़ी, कुर्सी आदि से छेड़छाड़ ना करें। यह धरोहर हमारे गांव पंचायत की आन बान शान और यही हमारी पहचान है जिसे संरक्षित रखना हम सबों का कर्तव्य है।

ज्ञात हो कि पूरे झारखण्ड में पर्यटन स्वच्छता पखवाड़ा के तहत 16 सितंबर से 30 सितंबर तक सफाई अभियान चलाई जा रही है। इस सफाई अभियान में सामाजिक कार्यकर्ता हरिओम भाटिया, गफ्फार अंसारी,नजीर अंसारी, अशोक पासवान, अजय भुईयां संदीप भुईयां,दिनेश भुईयां ,बनारसी भुईयां, राजकुमार भुईयां,गोल्डन भुईयां,रणधीर कुमार, प्रभाकर कुमार,गोलू कुमार समेत कई गणमान्य मौजूद रहें।

गिद्धौर में डांडिया-गरबा नृत्य कार्यक्रम का हुआ आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

गिद्धौर(चतरा)। गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित ठाकुरवाड़ी मंदिर परिसर में बीते देर शाम डांडिया गरबा नृत्य का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन पूजा समिति अध्यक्ष मुकेश कुमार, सह सचिव बबलू कुमार साव, राजेश कुशवाहा, शिक्षक अनिल कुमार व जितेंद्र ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान पूजा समिति अध्यक्ष ने कहा कि ठाकुरवाड़ी मंदिर परिसर में पूजा पंडाल का निर्माण गिद्धौर के मेहनत कश किसानों के सहयोग हुवा है। साथ ही छोटी- छोटी बचियां डांडिया गरबा नृत्य की प्रस्तुति से रही हैं, जिसके लिए बच्चियों के माता-पिता का आभार प्रकट किया। जबकि राजेश कुशवाहा ने कहा कि पहले डांडिया गरबा नृत्य गुजरात व महाराष्ट्र में होता था। अब तो लगभग 10 वर्षों से गिद्धौर में हो रहा है, जो सराहनीय कदम है। कार्यक्रम में विकास कुमार, मनोज वर्मा, प्रभात कुमार सहित भरी संख्या में ग्रामीणों के साथ डांडिया गरबा नृत्य की बचियां शामिल थीं।

दुर्गा पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

मनिका। प्रखंड के रांकीकला पंचायत के ग्राम कुई में दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व जिला परिषद सदस्य महेश सिंह एवं मनिका ब्लॉक प्रमुख प्रतिमा देवी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर फीता काट कर किया गया। मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ राय ,जिला सोशल मीडिया प्रभारी पंकज यादव,जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह , मंडल महामंत्री धर्मजित राय व मनदीप कुमार गुप्ता ,पंचायत समिति सदस्य सह पलामू युवा मोर्चा जिला मंत्री विकाश तिवारी , ओबीसी जिला सोशल मीडिया प्रभारी अमरदीप कुमार ,ओबीसी मंडल अध्यक्ष दिनेश प्रसाद ,पूर्व पंचायत समिति सदस्य दिलीप राम ,अरविंद कुमार सिंह समेत सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

टोरी फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण कार्य शुरू कराने को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन

शिलान्यास के डेढ़ वर्ष बाद भी शुरू नहीं हुआ निर्माण कार्य

नवीन मेल संवाददाता

चंदवा। प्रखंड के कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने मंगलवार को उपायुक्त भोर सिंह यादव के पदनाम ज्ञापन उनके कार्यालय कक्ष में सौंपा। साथ में चंदवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान, बाबर खान, रसीद मियां शामिल थे।

सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि चंदवा प्रखंड के टोरी जंक्शन में फ्लाई ओवर ब्रिज की निर्माण के लिए 03 अप्रैल 2021 को सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, सांसद सुनील सिंह, विधायक बैद्यनाथ राम की उपस्थिति में ऑनलाइन शिलान्यास किया गया था। इसके लिए सड़क का सीमांकन और जमीन की अधिग्रहण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

लेकिन शिलान्यास के डेढ़ वर्ष बीतने के बाद भी एनएचआई के पदाधिकारियों और टोरी फ्लाई ओवर ब्रिज के ठिकेदार की शिथिलता के कारण फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य अबतक शुरू नहीं हुआ है।

प्रखंडवासी कई दसकों से फ्लाई ओवरब्रिज का इंतजार कर रहे हैं।

फ्लाई ओवरब्रिज नहीं बनने से चंदवा - बालूमाथ एनएच पथ पर स्थित टोरी रेलवे क्रासिंग फाटक जाम पर मरीज असमय दम तोड़ रहे हैं।

क्रासिंग जाम में फंसकर लोगों की लगातार मौत हो रही है, फाटक क्रॉसिंग जाम के कारण जिंदगी मौत से जूझ रहे मरीज क्रॉसिंग जाम पर ही आधे आधे घंटे फंस जा रहे हैं, बिमार अस्पताल पहुंच ही नहीं पा रहे हैं और उनकी मौत रेल फाटक पर ही हो जा रही है।टोरी रेल रूट पर अनवरत रेल परिचालन होने से क्रॉसिंग फाटक हमेशा बंद रहता है, लोगों को पास करने के लिए दो तीन मिनट फाटक खुलती है फिर बंद कर दिया जाता है, चौबीस घंटे में करीब दो घंटा फाटक खुलती है।

क्रॉसिंग जाम से छोटी बड़ी हजारों गाड़ियां तथा लाखों आमजन प्रति दिन बुरी तरह प्रभावित और त्रस्त हैं।

फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण होने से शहरवासियों समेत हजारों छोटी बड़ी वाहनों और लाखों लोगों को रेलवे क्रॉसिंग फाटक जाम से मुक्ति मिलेगी साथ ही बिमार लोगों को क्रॉसिंग जाम से जान गंवानी नहीं पड़ेगी।

ज्ञापन में चंदवा प्रखंड के टोरी जंक्शन में फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने का अनुरोध किया गया है।

कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन, दी गयी कई जानकारी

नवीन मेल संवाददाता

चतरा/सिमरिया। मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव प्रज्ञा वाजपेई के दिशा निर्देशन में कानूनी सहायता केंद्र सिमरिया के विधिक कार्यकर्ता सुबोध कुमार शर्मा के द्वारा सिमरिया प्रखंड मुख्यालय में संचालित अनुसूचित जाति बालिका उच्च विद्यालय में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित लोगों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करते हुए बताया गया कि किसी भी व्यक्ति को ओटीपी शेयर नहीं करना है तथा फेसबुक एवं व्हाट्सएप के संचालन में सावधानी बरतनी है। किसी भी मैसेज को फॉरवर्ड करने के पहले उसकी सच्चाई जानने की बात कहीं गई। वही दूसरी ओर एटीएम संचालन में सावधानी बरतने व किसी भी व्यक्ति को एटीएम का सीरियल नंबर या पासवर्ड नहीं देने की बात कहीं गई। बताया गया की अगर आप साइबर क्राइम के शिकार हो जाते हैं तो तुरंत नजदीकी थाने में सूचना दे और जितना जल्द हो सके बैंक को फोन कर अपने अकाउंट को ब्लॉक करवा दें। मौके पर विद्यालय के शिक्षक रामप्रवेश केवट एवं प्रधानाचार्य उपेंद्र रजक ने भी बच्चों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी।

न्यूज गैलरी

बोलबा प्रखंड मुख्यालय से आलिंगुड तक श्रमदान में बनाया गया सड़क

बोलबा। बोलबा प्रखंड मुख्यालय से आलिंगुड तक तीन किमी सड़क श्रमदान में पुलिस प्रशासन, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने मिलकर श्रमदान में बनाया। ग्रामीणों ने बताया कि बोलबा प्रखंड मुख्यालय से आलिंगुड होते हुए कुंदुरमुण्डा -टाकबहाल उड़ीसा राज्य को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क है यह सड़क 1988 में एक बार बना था इसके बाद 2000 ई0 में मरम्मत सरकार की ओर से हुई थी। वर्ष 2018 में यह सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत आरसीपीएलडब्यूई के अंतर्गत पथ प्रमंडल सिमडेगा के द्वारा ठेकेदार कौशिक कंस्ट्रक्शन के द्वारा निर्माण कराया जा रहा था। किन्तु बताया जा रहा है कि वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं लिए जाने के कारण काम रोक दिया गया। ठेकेदार द्वारा कहीं-कहीं काम कराया गया था किंतु वन विभाग के काम रोके जाने से सड़क पर गिराया गया मेटल, चिप्स भी उठा लिया गया। काफी दिनों से सड़क का मरम्मत नही होने के कारण सड़क पर कई स्थानों में बड़े -बड़े गढ़े हो गए थे ग्रामीणों ने थाना प्रभारी बोलबा मनीष कुमार के पास जाकर सहयोग की माँग किया थाना प्रभारी के पहल पर जनप्रतिनिधि, ट्रैक्टर मालिक एवं ग्रामीणों ने मिलकर बोलबा से आलिंगुड तक एक दर्जन से अधिक ट्रैक्टर लगाकर मोरम मिट्टी, पत्थल का डस्ट आदि डाल कर मरम्मत किया गया गया ।थाना प्रभारी मनीष कुमार पाण्डे ने बताया कि जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों ने मिलकर पुलिस से सहयोग मांगा की बोलबा से आलिंगुड तक कि सड़क की मरम्मत में आपकी सहयोग चाहिए। पुलिस के सहयोग से सड़क बन गया। इससे पुलिस गाड़ी ले जाने में भी परेशानी होती थी। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिस एवं जनप्रतिनिधियों ने मिलकर जनहित के लिए एक अच्छा काम किया है। इस मौके पर थाना प्रभारी मनीष कुमार पाण्डे, मुखिया सुरजन बड़ाईक, मुखिया बिनोद बड़ाईक, उप मुखिया सियाबर सिंह, किशोर सिंह, बिजय सिंह, अजय जायसवाल सहित कई लोग मौजूद थे।

राहगीरों और दुकानदारों के लिए मुसीबत बन गई अधूरा पड़ा सड़क निर्माण कार्य

कैरो/लोहरदगा। जिले के कुडू-चट्टी मुख्य पथ पर कैरो में पेट्रोल पंप के पास किया जा रहा पुल निर्माण कार्य हजारों राहगीरों समेत आसपास के दुकानदारों के लिए मुसीबत बन गया है। इस सड़क पर पुल का निर्माण कार्य महीनों पहले शुरू हुआ था, जो अब बनकर तैयार हो गया है। लेकिन पुल तक पथ का निर्माण नही होने से राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है। हल्की बारिश में भी सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है, जिसके कारण यहां के कई दुकानदार काफी परेशानी झेल रहे है। राहगीरों को भी आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही पुल निर्माण कार्य के दौरान पानी सप्लाई का पाइप छतिग्रस्त हो गया था जिसका खामयाजा ग्रामीण को भुगतना पड़ रहा है। निर्माण कार्य करा रहे लोगों से सप्लाई पाइप को ठीक कराने को लेकर कई बार कहा गया लेकिन आज महीनों बीत जाने के बाद न तो पाइप को ठीक कराया गया है न ही पुल तक सड़क का निर्माण कराया गया है। खास बात यह है कि पुल के लिए खोदी गई मिट्टी, व निर्माण कार्य के लिए रखे छरी सड़क पर बेतरतीब ढंग से पड़ी हुई है। दुकानदार निखिल साहू, आनंद उरांव, गुलमोहमद खान आदि का कहना है कि निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद भी पुल तक सड़क निर्माण की ओर ध्यान नहीं दे रहे है जिससे हम दुकानदारों समेत वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निर्माण कब होगा यह बताने के लिए कोई तैयार नहीं है।

नेहरू युवा केंद्र ने पोषण माह के तहत पोषण रंगोली बनाकर किया जागरूक

सिमडेगा। नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा के तत्वावधान में जिले भर में 1 सितम्बर से 30 सितम्बर तक चल रहे पोषण माह के अन्तर्गत पोषण रंगोली बनाकर लोगों को पोषण के प्रति जागरूक किया गया। इस वर्ष राष्ट्रीय पोषण माह: 'महिला और स्वास्थ्य' और 'बच्चा और शिक्षा' पर मुख्य ध्यान देने के शुरू किया गया है। कार्यक्रम राष्ट्रीय युवा स्वंयसेवक चंद्रकांता कुमारी के द्वारा आयोजित की गई। चंद्रकांता कुमारी ने बताया कि पोषण रंगोली में विभिन्न प्रकार की दालें, हरी सब्जी, फलें इत्यादि विटामिनों युक्त आहारों को शामिल कर पोषण रंगोली बनाई गई और साथ ही प्रत्येक आहार से मिलने वाले पोषण और इसकी आवश्यकता के बारे में महिलाओं को विस्तृत जानकारी दी गई। देशभर में पोषण माह के द्वारा 2022 तक 'कुपोषण मुक्त भारत' के लक्ष्य को हासिल करने और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में उचित शारीरिक विकास में गड़बड़ी एवं जन्म के समय कम वजन को सालाना 2 प्रतिशत और एनीमिया (खून की कमी) को 3 प्रतिशत कम किया जाना है। सभी ने कुपोषण मुक्त भारत बनाने का शपथ ली। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि शंकर सिंह, संतोषी कुमारी, सुनीता देवी, रेखा देवी, शिमला देवी तथा युवा मंडल के सदस्य उपस्थित रहे।

भाजपा ने कुडू में वोकल फॉर लोकल कार्यक्रम का आयोजन

लोहरदगा। 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर शुरू हुए 'सेवा पखवाड़ा' कार्यक्रम के तहत मंगलवार 27 सितंबर को कुडू बस स्टैंड में कुडू भाजपा मंडल अध्यक्ष सुदामा प्रसाद की अध्यक्षता में 'वोकल फॉर लोकल' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे उपस्थित कार्यकर्ताओं ने दुकानदारों से मिलकर बताया कि आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के उद्देश तथा लोकल उत्पादों व व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल नही करने और लोकल उत्पाद का उपयोग करने की अपील की गई। सुदामा प्रसाद ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सपना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पूरा हो रहा है। मौके पर कार्यक्रम के संयोजक अनिल उरांव, जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू, अमरेश भारती, राजेश प्रसाद, संजय चौधरी, शशि प्रसाद, विनोद राम उपस्थित रहे।

उपायुक्त की अगुवाई में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित, कहा

नीलांबर-पीतांबर जल समृद्धि योजना में लक्ष्य के अनुसार योजनाएं शत-प्रतिशत प्रांरभ कराये जाने का निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन, योजनाओं की पूर्णता, दीदी बाड़ी योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, नीलांबर-पीतांबर जल समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मिशन अमृत सरोवर, कृषि विभाग द्वारा अनुदान पर खरीफ/रबी बीज का वितरण का लक्ष्य व उपलब्धि, पीएम कुसुम योजना, झारखंड राज्य फसल राहत योजना अंतर्गत निबंधन/ई-केवाईसी, कल्याण विभाग की योजनाओं, विशेष केंद्रीय सहायता अंतर्गत ली जाने वाली योजनाओं, पीएमईजीपी की योजना, जेएसएलपीएस द्वारा किये गये क्रेडिट लिंकेज आदि की समीक्षा की गई। मानव दिवस सृजन की समीक्षा में निदेश दिया गया कि ज्यादा से ज्यादा योजनाएं गांवों में ली जाय ताकि मानव दिवस का सृजन अधिक से अधिक हो सके। जिन प्रखंडों में योजनाओं की पूर्णता अधिक संख्या में लंबित है उनकी योजनावार समीक्षा करने का निदेश संबंधित प्रखंड के वरीय प्रभारियों को दिया गया। दीदी बाड़ी

योजनाओं में स्वीकृत सभी योजनाओं पर कार्य प्रारंभ कराने का निदेश दिया गया। वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना में कुडू प्रखंड को एक सप्ताह के अंदर छूटे हुए पंचायतों में खेल के मैदान का चयन कर कार्य प्रारंभ कराने का निदेश दिया गया। इसी प्रकार लोहरदगा सदर, पेशरार, सेन्हा को भी छूटे हुए पंचायतों में खेल मैदान का चयन कर कार्य प्रारंभ कराये जाने का निदेश दिया गया।

संबंधित प्रखंडों के वरीय प्रभारियों को निदेश दिया गया कि एक सप्ताह के अंदर लक्ष्य के अनुसार सभी खेल के मैदानों में कार्य शुरू हो जाना चाहिए। नीलांबर-पीतांबर जल समृद्धि योजना में लक्ष्य के अनुसार योजनाएं 100 प्रतिशत प्रांरभ कराये जाने का निदेश दिया गया। मिशन अमृत सरोवर अंतर्गत नये तालाब निर्माण और तालाब जीर्णोद्वार के प्रगति की समीक्षा की गई और आवश्यक निदेश दिये गये। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) वर्ष 2021-22 में आवासों के पूर्णता की समीक्षा की गई ओर आवास निर्माण का लक्ष्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया। कृषि विभाग अंतर्गत खरीफ फसल आच्छादन, बारिश की स्थिति की समीक्ष की गई। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा इस वर्ष रबी के बीज की मांग की जानकारी दी गई और बताया गया कि इस वर्ष 2450 क्विंटल रबी बीज की मांग की गई जिसमें गेहूं, चना, मसूर, राई, सरसों, तोरिया, तीसी शामिल है। उपायुक्त द्वारा बिरसा बीज उत्पादन विनिमय, वितरण 2022-23 (फसल वितरण योजना) की भी समीक्षा की गई। रबी फसल बीज का वितरण के लिए किसानों का निबंधन अभियान चलाकर कराये जाने का निदेश जिला कृषि पदाधिकारी को दिया गया। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (टपक सिंचाई) की समीक्षा में उपायुक्त द्वारा जिला कृषि पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि टपक सिंचाई के लिए लक्ष्य के अनुसार लाभुकों का चयन करने के लिए आवेदन सृजन का निदेश दिया गया।

किसानों को इस संबंध में जागरूक करने का भी निदेश दिया गया। बिरसा हरित ग्राम योजना के किसानों को भी जोड़ने का निर्देश दिया गया। भूमि संरक्षण पदाधिकारी को सिंचाई पंप वितरण योजना के लिए प्रखंडवार लाभुक चयन हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारियो को विवरण भेजने का निर्देश दिया गया। झारखंड राज्य फसल राहत योजना में ई-केवाईसी का कार्य जल्द पूर्ण कराये जाने का निदेश दिया गया। कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि वे संबंधित एमओआईसी के साथ बैठक करें और एसटी वर्ग के आवेदन जेनरेट करायें। एसटी वर्ग में लक्ष्य पूर्ण नहीं हो पाया है। प्रत्येक प्रखंड 30-40 आवेदन एसटी वर्ग के सृजित कर जिला में भेजें। एससीए अंतर्गत किस्को और पेशरार में कल्याण आवासीय विद्यालय की मरम्मति का कार्य, जिला स्तर पर एक और प्रखण्ड स्तर पर तीन पुस्तकालयों के लिए फर्नीचर व पुस्तकों की आपूर्ति, जिला अस्पताल में ओपीडी भवन का निर्माण कार्य, चेक डैम में लिफ्ट सिंचाई और टपक सिंचाई योजना का चयन किये जाने का निदेश जिला योजना पदाधिकारी को दिया गया। सभी अंचल अधिकारियों को सक्सेशन म्युटेशन के लिए सप्ताह में न्यूनतम एक शिविर आयोजित करने का निदेश दिया गया।

पीएमईजीपी के 11 आवेदनों को भंडरा स्थित बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा जिला उद्योग केंद्र को वापस किये जाने के मामले की समीक्षा करने का निदेश एलडीएम, लोहरदगा को दिया गया। 10 अक्टूबर तक आवेदन स्वीकृत हो जाएं। जेएसएलपीएस को व्यक्तिगत क्रेडिट लिंकेज पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। बैठक में वन प्रमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार, उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, सभी प्रशिक्षु आईएएस अफसर, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, कार्यपालक अभियंता, सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा परियोजना पदाधिकारी, जिला समन्वयक पीएमएवाई (ग्रामीण), जेएसएलपीएस डीपीएम समेत अन्य उपस्थित थे।

अवैध बालू खनन व परिचालन की सूचना पर प्रशासन ने किया एक ट्रैक्टर जब्त

सेन्हा-लोहरदगा। सेरेंगहातू दक्षणी कोयल नदी से अवैध बालू खनन की सूचना पर परिचालन करते हुए एक ट्रैक्टर को पुलिस जब्त कर संबंधित विभाग को किया सूचनार्थ। सेन्हा थाना क्षेत्र के लोहरदगा भंडरा मुख्य पथ में अवैध बालू उठाव की सूचना पर सेरेंगहातू दक्षिणी कोयल नदी से अवैध बालू का खनन एवं परिचालन करते जेएच 08 जे 7011 ट्रैक्टर एवं इसमें लगा टोली नम्बर जे एच 08 एच 9760 को थाना प्रभारी ऋषिकांत एवं सीओ विजय कुमार ने छापामारी कर जब्त किया। ट्रैक्टर को सेन्हा थाना में जब्त कर रखा है। सीओ विजय कुमार ने कहा की बालू परिवहन एवं राजस्व क्षति के तहत होगी कारवाई। उन्होंने कहा कि सेन्हा अंचल क्षेत्र में अवैध बालू ढोलाई की सूचना पर लगतार प्रशासन के द्वारा कारवाई किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेन्हा अंचल क्षेत्र के सेरेंगहातु कोयल नदी से बालू उठाव की गुप्त सूचना प्रशासन को प्राप्त हुआ था। ट्रैक्टर को अवैध बालू परिवहन करते हुए सरेंगहातु से पकड़ा गया। जब्त ट्रैक्टर की सूचना खनन विभाग को अग्रेतर कारवाई हेतु सूचनार्थ किया गया है। ट्रैक्टर मालिक एवं चालक पर प्राथमिकी दर्ज भी किया जाएगा।

आम रास्ते में मकान निर्माण करने को लेकर अतिक्रमण के खिलाफ चला बुलडोजर

न्यायालय के आदेश पर पुलिस प्रशासन के मौजूदगी में चला बुलडोजर

नवीन मेल संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा। मन्हे ग्राम में आम रास्ता पर मकान निर्माण करना पड़ा भारी। न्यायालय के आदेश पर चला बुलडोजर अंचलाधिकारी व पुलिस बल के सहयोग से अतिक्रमण हटाया गया। गैर मजरूआ में हुआ था निर्माण। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के मन्हे ग्राम में यासीन अंसारी के पूत्र सेराजुल अंसारी ने खाता नंबर 114 प्लाट नंबर 814 रकबा 3 डिसमिल भूमी में मकान बना कर रह रहा था ग्रामीणों ने सड़क पर मकान नही बनाने को लेकर पूर्व ग्रामीणों द्वारा मना किया गया था। परंतु नही मानने पर लोगों ने एक वर्ष पूर्व सेन्हा अंचल में ग्रामीणों ने आवेदन देकर रोकने को बोला लेकिन सेराजूल अंसारी द्वारा मकान बना लिया। तब सेन्हा अंचल में अतिक्रमण वाद संख्या 7/21-22 में मामला लेकर सुनवाई किया गया। सुनवाई को अनुमंडल पदाधिकारी लोहरदगा अरविंद कुमार लाल ने सेन्हा अंचल पत्रांक 633 दिनाक 20 सितंबर 2022 को अग्रसारित किया गया जिसपर अनुमंडल पदाधिकारी लोहरदगा के पत्रांक 975 दिनांक 22 सितंबर को आदेश जारी किया की 27 सितंबर को अतिक्रमण हटाकर शांति व्यवस्था कायम रखेंगे। जिसपर अंचलाधिकारी ने कारवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया। सीओ विजय कुमार ने कहा की ग्रामीणों के आवेदन पड़ा था की रास्ता में मकान बना दिया था जिसको हटाया गया रास्ता में आम लोग चलेंगे। अतिक्रमण अभियान में अंचलाधिकारी विजय कुमार,पुलीस निरीक्षक चंद्र मोहन हांसदा थाना प्रभारी ऋषिकांत एवं पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

लोहरदगा में चिकित्सक की लापरवाही से महिला व उसके नवजात शिशु की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। जिले के एक मात्र बड़े सरकारी सदर अस्पताल का हाल बेहाल है। यहां कार्यरत डॉक्टर और नर्स सभी लापरवाह है। इनकी लापरवाही की सजा गरीब मरीजों को अपनी जान देकर चुकानी पड़ रही है। सदर अस्पताल के डॉक्टर और नर्स की लापरवाही का एक मामला सोमवार रात को सामने आया। जहां एक महिला और उसके नवजात शिशु की मौत हो गई। महिला के परिजन खून लेकर नर्स और डॉक्टर से इलाज का गुहार लगाते रहे। लेकिन डॉक्टर की ओर से समय नहीं है कह कर खून चढ़ाने में टाल मटोल करते रहे। इसी बीच गर्भवती महिला और उसके नवजात बच्चे की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने

सदर अस्पताल में जमकर हंगामा किया और नर्स और डॉक्टर पर घोर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग करने लगे। वही घटना के बाद परिजन लोहरदगा सदर थाना में लिखित आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग कर रहे है। परिजनों ने बताया कि सोमवार को दोपहर 12 बजे गुमला जिला के घाघरा थाना क्षेत्र निवासी सुनील लोहरा की गर्भवती पत्नी सीता लोहरा को प्रसव के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा में भर्ती कराया गया था। जहां उसका इलाज शुरू हुआ महिला की तबियत बिगड़ती चली गई । दोपहर करीब 2 बजे के आसपास इलाज कर रहे डॉक्टर परणिता कुजूर ने खून की कमी बताया। परिजनों को खून लाने या मरीज को कही और इलाज के लिए ले जाने की बात कही। इस बीच परिजन खून की जुगाड़ में निकल गए। शाम तक खून लेकर आए और करीब शाम 6 बजे के आसपास प्रसव हुआ। प्रसव के कुछ ही देर बाद नवजात शिशु की मौत हो गई। वही प्रसव के बाद महिला का तेज ब्लीडिंग होने लगा। जिसके बाद परेशान परिजन खून लेकर नर्स और डॉक्टर से खून चढ़ाने को कहने लगे। लेकिन डॉक्टर और नर्स खून चढ़ाने को लेकर आनाकानी करने लगे। उनका कहना है कि हॉस्पिटल में और भी मरीज हैं, उन्हें देखने के बाद खून चढ़ाएंगे। इस दौरान महिला की तबियत बिगड़ती चली गई और अंत में महिला की भी मौत हो गई। जिसके बाद सदर अस्पताल में जमकर हंगामा हुआ और परिजन नर्स और डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए करवाई की मांग करने लगे और सदर थाना में लिखित आवेदन देकर कानूनी कार्रवाई की मांग किया।

कुरडेग में गीत संगीत व नुक्कड़-नाटक के माध्यम से कलाकारों ने किया लोगों को जागरूक

नवीन मेल संवाददाता

सिमडेगा। जिला जनसंपर्क कार्यालय सिमडेगा के सौजन्य से चक्रीय विकास संस्थान सिमडेगा के कलाकारों के द्वारा कुरडेग प्रखंड के कुरडेग बाजार और खिंडा पंचायत के खिंडा बाजार टाड़ में नागपुरी लोक गीत व नृत्य एवम नुक्कड़-नाटक के माध्यम से शिक्षा, कुष्ठ रोग, छुआछूत की बीमारियां, सहित डाईन बिसाही, और सरकार की सार्वजनिक पेंशन योजनाओं की जानकारी लोगों को

दिया गया। मौके पर पंपप्लेट का भी वितरण किया गया। मौके पर चक्रीय विकास संस्थान के दल नायक सत्यव्रत ठाकुर ने कहा कि कुष्ठ रोग का लक्षण दिखने पर शीघ्र स्वास्थ्य केंद्र जाकर डॉक्टरों की सलाह से दवा ले सभी स्वस्थ्य केंद्रों में निःशुल्क दवा दिया जाता है। कुष्ठ रोग छुआ छूत की बीमारी नहीं है इससे डरना नहीं है। इसके साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही सार्वजनिक पेंशन योजनाओं का लाभ लेने के लिए अपने जनप्रतिनिधियों से जानकारी लेने की बात कही मौके पर कलाकारों में खिलेश्वेर सिंह, पुनीत दुबे, दयाल इंदवार, महारथी नायक, गंदुर नायक, सुदामा सिंह, रंथु नगेशिया, अर्जुन नायक, पारसनाथ नायक, उपस्थित थे।

33 वां प्रांतीय/क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

गुमला। माता अंजनी की भूमि तथा बाबा टांगीनाथ का पवित्र धाम खेल नगरी गुमला में रंगारंग कार्यक्रम के साथ 33 वा प्रांतीय/क्षेत्रीय (तरुण वर्ग) कार्यक्रम का आगाज हुआ। उद्घाटन सत्र में उत्तर पूर्व क्षेत्र के संगठन मंत्री ख्यालीराम, क्षेत्र सचिव नकुल शर्मा, स्थानीय सांसद सुदर्शन भगत, विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी, जिला संघचालक लालचंद अग्रवाल, प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, सचिव एवं कार्यक्रम संयोजक अमृत कुमार मेटे उपस्थित रहे। स्वागत के क्रम में संगठन मंत्री ख्यालीराम को पूर्व छात्र परिषद के अध्यक्ष राजेश सिंह ने सम्मानित किया, क्षेत्र सचिव नकुल शर्मा को समिति कोषाध्यक्ष राम किशोर रजक, विद्या विकास समिति के प्रांतीय सचिव अजय तिवारी को समिति के अभिभावक प्रतिनिधि रंजना साहू, जिला संघचालक को समिति सदस्या रंजना साहू, समिति के अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह को सिसई की प्रधानाध्यापिका उषा सिंह, विद्यालय सचिव अमृत मेटे को कृष्ण कुमार ने सम्मानित किया। इस खेल महाकुंभ में विद्या भारती के 8 विभागों के विभिन्न विद्यालयों से भैया बहनों की उपस्थिति रही। इस विद्यालय के पुरातन छात्र भैया बहनों की उपस्थिति रही जिनका इस विद्यालय के लिए हमेशा महत्वपूर्ण योगदान रहा है। विभिन्न संगठनों से जुड़े कार्यकर्ता इस खेलकूद के कार्यक्रम में शामिल रहे। सांसद सुदर्शन भगत के द्वारा अपने संबोधन में विद्या भारती सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के के कार्यकलापों की प्रशंसा की।

अग्रकुल प्रवर्तक महाराजाधिराज भगवान अग्रसेन की 5146 वीं जयंती भव्य तरीके से मनी

नवीन मेल संवाददाता

लोहरदगा। स्थानीय अग्रसेन भवन में अग्रवाल सभा, अग्रवाल यूथ सोसाईटी एवं अग्रवाल महिला कमेटी के संयुक्त तत्वाधान मे आयोजित अग्रकुल के प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन की 5146 वीं जयंती भव्य समारोह के बीच मनाया गया। जयंती समारोह का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष प्रो0 परमानंद अग्रवाल, चंद्रशेखर अग्रवाल, अजय मितल समेत अन्य अतिथियो ने महाराजा अग्रसेन जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके बाद गणेश बंदना व कुलदेवी माता महालक्ष्मी जी की बंदना समाज की युवतियों ने किया। इस दौरान अग्रवाल सभा के पदाधिकारियो ने महाराजा अग्रसेन की जीवनी का संक्षिप्त परिचय उपस्थित अतिथियों व समाज के लोगो को कराया। बताया कि महाराजा अग्रसेन अग्रवालो के देवता है। उन्हे अग्रकूल के प्रवर्तक भी कहा जाता है। उन्होने अपने राज्य अग्रोहा में एक रुपया एक ईट का संदेश लोगो को दिए थे। उनके शासनकाल में समाज में सुख शांति का वातावरण व्याप्त था। उनके अठारह पुत्र थे जिनका विवाह नाग कन्याओ के साथ हुआ था। वे सभी समुदाय के लोगो को मार्गदर्शन देकर समाज में एक स्थान दिए। मंच का संचालन नीति भारतीय और राजेश कुमार अग्रवाल ने किया। इस मौके पर ज्ञानचंद प्रसाद अग्रवाल, शशिधर अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, अनील अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, अनीस मितल, अविनाश कुमार, राहुल कौशल, नंदन कुमार, राहुल अग्रवाल, कुमार नीरव, कंचन अग्रवाल, आरती गोयल, प्रीति अग्रवाल, रंजना देवी, राखी अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के महिलाएं, पुरुष व बच्चे मौजूद थे।

महाराजा अग्रसेन जी के विचार आज भी प्रासंगिक : डीसी

जयंती समरोह के मुख्य अतिथि उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि महाराज अग्रसेन जी ने मानव समाज को एक नई दिशा और आयाम देने का कार्य किया। जिसका अनुशरण करने से अग्रवाल समाज के साथ साथ पूरे देश व राष्ट्र का विकास होगा। उनके बताए मार्ग और सिद्धांत का अनुशरण वर्तमान में सभी समुदायो द्वारा प्रत्यक्ष और परोक्ष रुप से किया जा रहा है। आज के युवाओं को अग्रसेन जी की विचारों व सोच से प्रेरणा लेने की जरूरत है। कहा कि अग्रसेन जी ने अकाल का प्रकोप से जनता को उबारने के लिए राज्य में एक रुपया एक ईट देकर लोगो को आश्रय देकर पुर्नउत्थान के लिए प्रोत्साहित किया था। यह उनके समाजवादी सोच को दशार्ता है। महाराज अग्रसेन के विचार और सिद्धांत समाज में आज भी विद्यमान है। महाराज अग्रसेन जी के विचारो को सभी समुदाय के लोगो को आत्मसात करने की जरुरत है। आज की युवा पीढ़ी उनके विचारों को आत्मसात कर रही है यह सराहनीय है। डीसी ने दुर्गा पूजा त्योहार की शुभकामनाएं देते हुए समाज के लोगो से पूजा को आपसी तालमेल,सद्भाव व शांति से मनाने का आग्रह किया।

अग्रसेन जी ने मानव समाज को उर्जा व उत्साह से परिचय कराया : प्रो. परमानंद अग्रवाल

अग्रवाल सभा के अध्यक्ष प्रो0 परमानंद अग्रवाल ने कहा कि अग्रसेन महाराज ने मानव समाज को उर्जा और उत्साह से परिचय कराया था। इसे अपनाने से समाज का कल्याण और उत्थान होगा। कहा अग्रवाल समाज के लोगो का देश की उन्नति और तरक्की में महत्वपूर्ण भागीदारी रही है। अग्रवाल समाज पूरे देश में फैले है। समाज में फैले त्रुटियो और विसंगतियो को सामुहिक प्रयास से दूर करना उनके प्रति हमारी निष्ठा होगी। समाज में व्याप्त अनेकता को एकसूत्र में बांधकर एकता का मंत्र देनेवाले अग्रसेन जी वास्तव में पूजनीय है।

सांस्कारिक समाज से ही संस्कारयुक्त समाज का निर्माण होता है : एसपी

अग्रकुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन जयंती के विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने कहा कि अग्रकुल के प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन एक महान व्यक्ति थे। कहा कि समाज के विकास के लिए महिलाएं आगे बढ़े। सांस्कारिक समाज से ही संस्कारयुक्त समाज का निर्माण होता है। उन्होने महाराजा अग्रसेन को समाजवाद का वैज्ञानिक कहा। कहा अग्रवाल समाज एक ऐसा महान समाज है जिसका अनुशरण करने से देश में एक बेहतर समाज का निर्माण पूरी होगी। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण के लिए हमेशा प्रयासरत है। किसी भी प्रकार की कोई भी बात होती है तो पुलिस को सूचना दे पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है।

समाज के मेधावी छात्र-छात्राएं व वृद्धजन हुए सम्मानित

जयंती समारोह में अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित नृत्य, भाषण समेत अन्य प्रतियोगिताओं के सफल प्रतिभागियो को अतिथियो द्वारा खुले मंच से पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। प्रतिभागियो की उत्कृष्ट कला के लिए उनकी सराहना की गई। कक्षा शिशु से उच्चतर शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समाज और जिले का नाम रौशन करने वाले बच्चो को सभा द्वारा मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जयंती कार्यक्रम में सम्मानीय अतिथियो एवं पांच वृद्धो को समाज की ओर से सम्मानित किया गया। जिनमे कृष्ण लाल अग्रवाल, भोला प्रसाद अग्रवाल, देवलता देवी, उर्मिला देवी, रामरथ देवी शामिल हैं। वही फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रथम नित्या मित्तल जो झांसी की रानी बनी थी, द्वितीय पुरस्कार आद्या कुमारी जो करोना वायरस बनी थी, तृतीय पुरस्कार दिव्यांश कुमार जो महाराजा अग्रसेन जी बने थे, को दिया गया। सांस्कृतिक प्रोग्राम में गणेश वंदना में रिया एंड ग्रुप, अग्रसेन भगवान की आरती छवि एंड ग्रुप, स्वागत गान भावना एंड ग्रुप, नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्रणम्य मित्तल, द्वितीय पुरस्कार दिव्यांगना गोयल, तृतीय पुरस्कार पूर्वी मित्तल, एकल संगीत में रिया कुमारी कुमारी को पुरस्कृत किया गया।

वर्तमान विदेश व्यापार नीति मार्च 2023 तक के लिए और बढ़ाई गयी

नयी दिल्ली (एजेंसी)। सरकार ने इस समय लागू विदेश व्यापार नीति (2015-20)को और छह महीने के लिए बढ़ा दी है। यह नीति अब आगामी पहली अक्टूबर से छह माह तक जारी रहेगी। इस नीति की विस्तारित अवधि 30 सितंबर को समाप्त हो रही थी। अब यह मार्च,2023 तक जारी रहेगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में इसकी घोषणा करते हुए बताया कि यह निर्णय निर्यातकों की मांग पर किया गया है। बयान में कहा गया है, ह्यसरकार को निर्यात संवर्धन परिषदों और प्रमुख निर्यातकों से अनुरोध प्राप्त हुए थे कि हमें वर्तमान विदेश व्यापार नीति (2015-20) को अभी जारी रखना चाहिए। इस नीति को कोविड19 महामारी के प्रकोप के बीच पहले भी समय-समय पर बढ़ाया गया था। मंत्रालय ने कहा है कि हाल के दिनों में, निर्यातकों और उद्योग निकायों ने सरकार से गहन आग्रह किया था कि इस समय अस्थिर वैश्विक आर्थिक और भू-राजनीतिक स्थिति को देखते हुए, वर्तमान नीति को कुछ समय के लिए और जारी रखा जाना चाहिए। उनका यह भी कहना है कि इसके साथ ही नयी नीति इसके लिए अभी और अधिक परामर्श करना उचित होगा। मंत्रालय का कहना है कि सरकार नीतिगत निर्णयों में हमेशा ही यथा संभव सभी हितधारकों के साथ परामर्श करती रही है। बयान में कहा गया है कि अब यह नीति पहली अक्टूबर 2022 से छह महीने तक और लागू रहेगी।

अब आईआरसीटीसी कराने जा रही थाईलैंड की यात्रा

नई दिल्ली (एजेंसी)। अगर आप साल के आखिरी महीने में थाईलैंड जाना चाहते हैं तो आईआरसीटीसी आपके लिए एक बेहतरीन एयर टूर पैकेज लॉन्च कर रहा है। पांच रात और छह दिन के इस एयर टूर पैकेज का संचालन 5 दिसंबर को होगा। इस दौरे के दौरान पर्यटकों को थाईलैंड के सभी प्रसिद्ध स्थानों की सैर कराने ले जाया जाएगा। इस पैकेज में आईआरसीटीसी द्वारा पटाया में अलकाजर शो, कोरल आइलैंड और नांग नूच ट्रॉपिकल गार्डन, बैंकॉक में जेम्स गैलरी, बैंकॉक का हाफ डे सिटी टूर, चाओ प्रया क्रूज, सफारी वर्ल्ड और मरीन पार्क आदि का दौरा किया जाएगा। इस टूर पैकेज के यात्रियों के लिए लखनऊ से बैंकॉक (थाईलैंड) होते हुए कोलकाता के लिए फ्लाइट और बैंकॉक (थाईलैंड) से बेंगलुरु होते हुए लखनऊ के लिए वापसी की यात्रा तय की गई है। इस हवाई यात्रा पैकेज में हवाई यात्रा, वीजा शुल्क, तीन सितारा होटलों में ठहरने की व्यवस्था और भारतीय भोजन व्यवस्था (नाश्ता, दोपहर का भोजन और रात का खाना) इस हवाई यात्रा पैकेज में आईआरसीटीसी द्वारा किया जाएगा। थाईलैंड का यह टूर पैकेज 62,900/- रुपये प्रति व्यक्ति और 73,700/- रुपये उनके लिए जो 2-3 लोग एक साथ रह सकते हैं। इस पैकेज की बुकिंग पहले आओ पहले पाओ के आधार पर की जाएगी। इस यात्रा की बुकिंग के लिए लखनऊ स्थित आईआरसीटीसी कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है, साथ ही ऑनलाइन बुकिंग आईआरसीटीसी की वेबसाइट से भी की जा सकती है। अधिक जानकारी और बुकिंग के लिए आप नीचे दिए गए मोबाइल नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। ये सभी नंबर लखनऊ के हैं। 8287930922/8287930902/8287930911 जारी किये गये हैं।

बुकिंग के लिए आवश्यक दस्तावेज : इस टूर पैकेज को बुक करते समय 6 महीने के लिए वैध पासपोर्ट होना बहुत जरूरी है। साथ ही, छह महीने का बैंक स्टेटमेंट होना चाहिए। न्यूनतम शेषराशि 700 अमरीकी डॉलर प्रति व्यक्ति या 1400 अमरीकी डॉलर प्रति परिवार होनी चाहिए। साथ ही आवेदक की दो तस्वीरें (3 महीने से अधिक पुरानी न हों), आकार- 3.5,4.5 सेमी, सफेद बैकग्राउंड और पीछे की तरफ आवेदक के हस्ताक्षर।

झारखण्ड सरकार

ग्रामीण कार्य विभाग मुख्य अभियंता का कार्यालय

102, द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी रोड, राँची

पत्रांक– दिनांक–

शुद्धि पत्र

एदत् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज के ई–निविदा आमंत्रण संख्या– **52/2022-23/RWD/DALTONGANJ,** दिनांक– 23.09.2022, PR NO.- **278509** के द्वारा प्रकाशित निविदा में NIT- के कंडिका–1 में जोगा रेलवे लाईन से जमडीहा भाया करकट्टा तक पथ निर्माण कार्य (लं– 2.700 कि0मी0) की प्राक्कलित राशि 2,27,21,189.00 (दो करोड़ सताईस लाख इक्कीस हजार एक सौ नवासी रू0 मात्र) के स्थान पर प्राक्कलित राशि 2,31,68,900.00 (दो करोड़ इकतीस लाख अड़सठ हजार नौ सौ रू0 मात्र) पढ़ा जाए।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders. gov. in में देखा जा सकता है। अन्य शर्तें यथावत रहेगें।

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्युर्मन्ट सेल

PR 278721 Rural Work Department(22-23)D

GOVT.OF. JHARKHAND
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Drinking Water & Sanitation Mechanical Division, Medininagar

Very Short e-Quotation No. 02/2022-23

Rates through e-quotations are invited for "Material" category annexed as Supplying, Installation, Testing & Commissioning of 11KV Outdoor type VCB and other accessories for Belwatika to drinking Water supply from reputed Manufacturers / Authorized Dealers having valid G.S.T.I.N for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Estimates under D.W.&. S. Mech. Div. Medininagar, Government of Jharkhand, to be used in different Pumping Plants replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in .

Details and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate excluding taxes for the Materials online from 28.09.2022 at 3.30 hrs.to 06.10.2022 at 4.00 hrs. The quotation will be opened on 07.10.2022 at 2.00 Hours

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under D. W. &.S. Mech. Division, Medininagar.

Executive Engineer,
D.W. & S. Mechanical Division,
Medininagar (Palamau)

PR 278650 Drinking Water and Sanitation(22-23).D

कार्यालयः–अनुमण्डल पदाधिकारी–सह–अध्यक्ष जिला स्क्रुटनी समिति
जिला स्वास्थ्य समिति, लातेहार।

"जिला स्वास्थ्य समिति, लातेहार के अंतर्गत संविदा/अनुबंध आधारित पारा कर्मी एवं अन्य प्रखण्ड/जिला स्तरीय पदो के रिक्त/बैकलॉग पदों पर चयन/नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन से संबद्ध आवश्यक सूचना।

जिला स्वास्थ्य समिति, लातेहार के अंतर्गत संविदा/अनुबंध आधारित पारा कर्मी एवं अन्य प्रखण्ड/जिला स्तरीय पदो के रिक्त/बैकलॉग पदों पर चयन/नियुक्ति हेतु पी0आर0 नं0 276076(Health Med Edu and Family Welfare) 22-23:D के द्वारा विज्ञापन संख्या 03/2022 (DHS) प्रकाशित की गई है।

उपरोक्त विज्ञापन के तहत प्राप्त आवेदनानुसार अभ्यार्थियों के द्वारा समर्पित प्रमाण पत्र व अन्य संलग्न प्रमाण पत्रों के आधार पर जिला स्क्रुटनी कमिटि के द्वारा स्क्रुटनी कार्य पुर्ण करते हुए सभी प्राप्तांकों को अंकित करते हुए औपबंधिक सूची तैयार की गई है एवं औपबंधिक सूची लातेहार जिले के अधिकृत वेबसाईट **www.latehar.nic.in** पर अपलोड की गई है। तैयार की गई औपबंधिक सूची में अंकित प्रविष्टियों के निमित किसी भी अभ्यर्थीयों को अगर अपना दावा–आपति समर्पित करना हो एवं जिन अभ्यर्थीयों से प्रमाण पत्रों की मांग की गई है, वैसे अभ्यर्थी दिनांक 06.10.2022 तक कार्य अवधि में असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,लातेहार के कार्यालय में हांथो–हांथ, साधारण डाक/निबंधित डाक से अपना दावा अपत्ति/वांछित प्रमाण पत्र समर्पित कर सकते हैं। निर्धारित समय अवधि के पश्चात किसी भी अभ्यार्थी के द्वारा समर्पित दावा आपति/प्रमाण पत्रों पर विचार नही किया जायेगा एवं अग्रेत्तर कार्रवाई पूर्ण की जायेगी।

अनुमण्डल पदाधिकारी–सह–
अध्यक्ष जिला स्क्रुटनी समिति(DHS)
लातेहार।

PR 278651 (Health Med Edu and Family Welfare) 22-23 (D)

कार्यालयः-अनुमण्डल पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष जिला स्क्रुटनी समिति
जिला स्वास्थ्य समिति, लातेहार

''आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना'' अंतर्गत जिला कार्यक्रम समन्वयक''
के पद पर चयन हेतु प्रकाशित विज्ञापन से संबद्ध आवश्यक सूचना

"आयुश्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना" अंतर्गत "जिला कार्यक्रम समन्वयक" के पद पर चयन/नियुक्ति हेतु पी0आर0 नं0 275697 (Health Med Edu and Family Welfare) 22-23:D के द्वारा विज्ञापन संख्या 02/2022 (DHS) प्रकाशित की गई है।

उपरोक्त विज्ञापन के तहत प्राप्त आवेदनानुसार अभ्यार्थियों के द्वारा समर्पित प्रमाण पत्र व अन्य संलग्न प्रमाण पत्रों के आधार पर जिला स्क्रुटनी कमिटि के द्वारा स्क्रुटनी कार्य पुर्ण करते हुए सभी प्राप्तांकों को अंकित करते हुए औपबंधिक सूची तैयार की गई है एवं औपबंधिक सूची लातेहार जिले के अधिकृत वेबसाईट www.latehar.nic.in पर अपलोड की गई है। तैयार की गई औपबंधिक सूची में अंकित प्रविश्टियों के निमित किसी भी अभ्यर्थीयों को अगर अपना दावा–आपति समर्पित करना हो एवं जिन अभ्यर्थीयों से प्रमाण पत्रों की मांग की गई है, वैसे अभ्यर्थी दिनांक 06.10.2022 तक कार्य अवधि में असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,लातेहार के कार्यालय में हांथो–हांथ, साधारण डाक/निबंधित डाक से अपना दावा अपत्ति/वांछित प्रमाण पत्र समर्पित कर सकते हैं। निर्धारित समय अवधि के पश्चात किसी भी अभ्यार्थी के द्वारा समर्पित दावा आपति/प्रमाण पत्रों पर विचार नही किया जायेगा एवं अग्रेत्तर कार्रवाई पूर्ण की जायेगी।

अनुमण्डल पदाधिकारी–सह–
अध्यक्ष जिला स्क्रुटनी समिति (DHS)
लातेहार

PR 278649 Health Med Edu and Family Welfare (22-23)_D

समाहरणालय, लातेहार
(भू-अर्जन शाखा)

प्रपत्र VII
राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अर्जन निदेशालय) या
समाहर्ता या समुचित सरकार
अधिघोषणा
(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

संख्या–357 /भू0 अ0 दिनांक–23.09.2022

चूंकि झारखण्ड सरकार /समाहर्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–नावाडीह थाना नं0–316 थाना–लातेहार, अंचल–लातेहार, जिला–लातेहार में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना– **तुबेद कोयला खान परियोजना के विस्थापितों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन कॉलोनी के निर्माण हेतु** अपेक्षित है।

अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–नावाडीह थाना नं0–316 थाना–लातेहार, अंचल–लातेहार, जिला–लातेहार में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–**10.32** एकड़ मानक माप का भूखंड, अधिघोषणा किया जाता है। जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है। (हाल सर्वे के अनुसार)

क्र0 सं0	ग्राम का नाम	खाता सं0	प्लॉट सं0	भूमि का प्रकार	अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में)	हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता	सीमा (भूखंड सं0) उ0,द0,पू0,प0
1	नावाडीह	1	52	रैयती	0.09	अतीक मियां गुलसुमन वीवी पिता रामजान मियां वो सलीम मियां वो नई मियां पिता स्व0 अब्दूल मियां सा0 कोढास	उ0– प्लॉट नं० 37 एवं 40 द0– बांध प्लॉट नं० 88 पू0– प्लॉट नं 40, 44, 156, 57, 60, 71 एवं 77 प0– सिवाना मौजा कोढ़ास।
2	नावाडीह	2	45/1	रैयती	1.55	ईसराईल मियां पिता बाजो मियां	"
3	नावाडीह	2	45/2	रैयती	1.55	समीना खातुन पति मो0 ईमरान	"
4	नावाडीह	4	51/1	रैयती	0.10	मुसर्रत प्रवीण पति मो ऐयाज	"
5	नावाडीह	4	51/2	रैयती	0.74	तदैव	"
6	नावाडीह	4	51/3	रैयती	0.84	रूमाना प्रवीण पति तबरेज खालिद	"
7	नावाडीह	4	51/4	रैयती	0.94	अतीत मियां वगैरह पिता स्व0 काजी मियां वो इजहार मियां वगैरह पिता नादिर मियां वो एन्डल मियां पिता वसीर मियां	"
8	नावाडीह	4	51/5	रैयती	0.01	विक्रम कुमार शर्मा पिता अखिलेष प्रसाद	"
9	नावाडीह	4	51/6	रैयती	0.01	सचितानन्द राय शर्मा पिता स्व0 रघुनन्दन शर्मा	"
10	नावाडीह	4	51/7	रैयती	0.01	सहदेव प्रसाद राय पिता स्व0 राम प्रसाद राय	"
11	नावाडीह	4	51/8	रैयती	0.01	जोगेश अधिकारी पिता स्व0 चन्द्रकान्ता अधिकारी	"
12	नावाडीह	4	51/9	रैयती	0.01	जेके बेल्योरिया पिता गेविन्द बेल्लोरिया	"
13	नावाडीह	4	51/10	रैयती	0.02	धनजय सिंह पिता जविता सिंह	"
14	नावाडीह	4	51/11	रैयती	0.02	पुरषोतम नारायण सिंह पिता अन्त प्रसाद सिंह वो षिवकुमारी देवी	"
15	नावाडीह	4	51/12	रैयती	0.02	नवल प्रसाद वो गोविन्द प्रसाद	"
16	नावाडीह	4	51/13	रैयती	0.33	अतीत मियां वगैरह पिता स्व0 काजी मियां	"
17	नावाडीह	8	56	रैयती	1.18	मकरू उरांव पिता जेरका उरांव	"
18	नावाडीह	12	46	रैयती	0.41	रमजान मियां वगैरह पिता स्व0 अब्दुल मियां	"
			47		0.39		
			55		0.28	अतीत मियां वगैरह पिता स्व0 काजी मियां	
19	नावाडीह	13	49/1	रैयती	0.96	ईमरान रहमानी पिता स्व0 सेराज मियां	"
20	नावाडीह	13	49/2	रैयती	0.35	मो0खलील वगैरह पिता सदीक मियां वगैरह	"
21	नावाडीह	13	54/1	रैयती	0.02	तदैव	
22	नावाडीह	13	54/2	रैयती	0.05	हमीरा खातुन पति अब्दुल रषीद	"
23	नावाडीह	14	53	रैयती	0.43	अजीत खाखा वो आसीम एरियल खाखा पिता स्व0 सुशील खाखा वो खिष्टोफर खाखा पिता स्व0 अनील खाखा	"
कुल–					10.32		

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गये हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है :–**शून्य**

ग्राम–नावाडीह थाना नं0–316 थाना–लातेहार, अंचल–लातेहार, जिला–लातेहार क्षेत्रफल– **10.32** एकड़ यानि–4.176 हेक्टेयर जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, लातेहार के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार उपर दिये गये हैं :– **शून्य**

ह0/–
उपायुक्त, लातेहार

PR 278645 Land Reforms(22-23).D

OFFICE OF THE EXECUTIBE ENGINEER,
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT, BUILDING DIVISION, CHATRA.

Very Short e-Quotation No-01/2022-23

Rates through e-quotation is invited for "Materials" category for Supplying, Installation, Testing and Commissioning of different Non-Scheduled Items from reputed Manufacturers /Authorized Dealers/ Registered Departmental Contractors/ Suppliers and Others Stakeholders authorized for respective items having valid G.S.T.I.N. for respective items conforming to the specification for inclusionin the estimate of Proposed Construction of New Collectorate Building at Chatra under Building Division, Chatra shall be submitted online in the website http://jharkhandteneres.gov.in

Details and list of Materials are available on the above e-tender Portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate including all taxes for the Materials online from 06.10.2022 at 10:30 AM to 13.10.2022 at 3:00 PM. The quotation will be opened on 14.10.2022 at 3:30 PM.

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at per with lowest market rate for framing of Estimate under Building Division, Chatra.

Executive Engineer
Building Division, Chatra

PR 278716 Building(22-23)#D

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय, पलामू

सूचना

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची द्वारा राज्य के 10+2 उत्तीर्ण उम्मीद्वारों को रोजगार परक प्रशिक्षण एवं उच्च शिक्षा दिलाकर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से HCL Training and Staffing Services Pvt. Ltd. से MoU किया गया है। इसके तहत एक वर्शीय प्रशिक्षण–सह–प्लेसमेंट कार्यक्रम HCL TechBee, HCLTSS द्वारा चलाया जा रहा है। इसके लिए आवेदन स्थल, योग्यता एवं चयन प्रक्रिया निम्न है :–

Selection Camp का आयोजन स्थल : आई0टी0आई0, डालटनगंज।

दिनांक : 01 अक्टूबर 2022 **समय** : सुबह 9.30 बजे से शाम 3 बजे तक

निम्नलिखित दस्तावेज लेकर आना है :
1. रंगीन फोटोग्राफ
2. 10th मार्कशीट
3. 12th मार्कशीट
4. आधार कार्ड

योग्यता :
1. 12वीं के छात्र/छात्राएं जो 2021 या 2022 में पास हुए हों, जिनका 12वीं Maths में या Business Maths हों।
2. 2021 या 2022 में पास हुए छात्रों का कुल अंक न्यूनतम 60% होना चाहिए व गणित में भी न्यूनतम 40 अंक होना चाहिए।

कार्यक्रम विवरणी :–
1. Counseling: 30 Minute
2. Online Test: 60 Minute

निबंधन हेतु इस लिंक पर **apply** करें : registrations.hcltechbee.com

Helpline :
1. Raja Kunal, State Head, 9297788999/9123117130
2. Ashit Dubey, Cluster Lead: 9534195962
3. Sridam Mishra, Cluster Leed: 7808628969

नोटः– विशेश जानकारी हेतु जिला नियोजन कार्यालय, पलामू से सम्पर्क स्थापित किया जा सकता हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी,
पलामू

PR.NO.278700 District(22-23):D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा

अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण

अतिअल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–RDD/SD/LOHARDAGA/E-09/2022-23 (2nd call)

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः

क्र० सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	Construction of Hall (size of 30'0"x20'0") and Toilet at District Science Centre Campus, Lohardaga.	**24,99,900.00**	**50000.00**	**5000.00**	4 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 27.09.2022
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 08.10.2022 अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit (Section X) जमा करने की तिथि एवं समय :– 10.10.2022 अपराह्न 02:30 बजे तक
5. निविदा खोलने का स्थान :– ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा
6. तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–11.10.2022 अपराह्न 2:00 बज
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० :–06526.223686/9801557189 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा के पदनाम से देय हो देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।

PR.NO.278676 Lohardaga(22-23):D

कार्यालय- सहायक निबंधक सहयोग समितियाँ
लोहरदगा अंचल, लोहरदगा

पत्रांक– 204/स0स0, लोहरदगा, दिनांक– 08.09.2022

सूचना

मैं, मनिशा तिर्की, सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ, लोहरदगा अंचल, लोहरदगा–सह–संचालन पदाधिकारी प्राथमिक सहयोग समितियां, लोहरदगा झारखण्ड सहकारी सोसायटी नियमावली, 1959 के नियम– 21 (घ) 1 में प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए पेशरार लैम्पस लि0, प्रखण्ड– पेशरार, जिला– लोहरदगा की नयी प्रबंधकारिणी समिति के गठन हेतु निर्वाचन/विशेश आम सभा के लिए निर्वाचन पदाधिकारी श्री अमूल कुमार तिर्की, प्रखण्ड/सहकारिता प्रसार पदाधिकारी एवं अनुकाल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी श्री गणेश टोप्पो, प्रखण्ड/सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, को नियुक्त करती हूँ।

उपरोक्त नियमावली के नियम– 21 (ख) 3 में प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए नियम– 21 (ग) तथा 21 (ड) के अधीन उक्त समिति में निर्वाचन तिथि सहित निर्वाचन कार्यक्रम निम्न प्रकार से निर्धारित किया जाता है :–

क्र.	निर्वाचन कार्यक्रम	तिथि	समय	स्थान
1	नामांकन पत्र दाखिल करना	06-10-2022	10.30 AM से 2.00 PM	समिति मुख्यालय
2	नामांकन पत्रों की जाँच	06-10-2022	2.10 PM से 3.00 PM	समिति मुख्यालय
3	नामांकन की सूची का प्रकाशन	06-10-2022	4.00 PM के उपरांत	समिति मुख्यालय
4	नमांकन पर आपत्तियाँ प्राप्त करना	07-10-2022	10.30 AM से 12.30 PM	समिति मुख्यालय
5	आपत्तियों का निष्पादन	07-10-2022	1.00 PM से 2.30 PM	समिति मुख्यालय
6	विधिमान्य नामांकन की सूची का प्रदर्शन	07-10-2022	3.30 PM के उपरांत	समिति मुख्यालय
7	नामांकन पत्रों की वापसी	08-10-2022	10.20 AM से 1.00 PM	समिति मुख्यालय
8	नामांकन वापसी के पश्चात्, नामांकन की सूची का प्रदर्शन	08-10-2022	2.00 PM के उपरान्त	समिति मुख्यालय
9	चिन्हों का आवंटन	08-10-2022	2.30 PM से 3.30 PM	समिति मुख्यालय
10	मतदान कार्य निर्वाचन/विशेष आम सभा	17-10-2022	10.30 AM से 2.00 PM मतगणना के पश्चात विशेष आमसभा	समिति मुख्यालय

निर्वाचन पदा०/अनु० निर्वाचन पदा० उपर्युक्त नियमावली के नियम– 21 के अन्तर्गत किये जाने वाले कार्यों यथा– मतदाता सूची का प्रकाशन, उस पर आपत्तिया प्राप्त करना, उसका निष्पादन तथा अन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन आदि कार्यों का निष्पादन अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के पूर्व इस प्रकार से निश्पादित करेंगे ताकि नामांकन के लिए समिति के वैद्य सदस्यों की सूचना निर्गत की जा सके। निर्वाचन/विशेष आमसभा वर्तमान कोविड–19 वैश्विक महामारी को देखते हुए प्रत्येक कार्यक्रम में सदस्यों को मास्क एवं सेनेटाईजर का प्रयोग करना सुनिश्चित करेंगे।

सहायक निबंधक, सहयोग समितियां
–सह–संचालन पदाधिकारी
लोहरदगा अंचल, लोहरदगा

PR 278679 Lohardaga (22-23)_D

सम्पादक की कलम से...

मां का आशीर्वाद..

कलश स्थापना के साथ इस वर्ष 26 सितम्बर से शारदीय नवरात्रि का आगाज हुआ है। इस बार मां दुर्गा का आगमन हाथी पर हुआ है और प्रस्थान भी हाथी पर ही हो रहा है जिसे अति शुभ माना जाता है। मातृशक्ति के इस महापर्व में मां दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों की विशेष पूजा-आराधना की जाती है। वहीं, इसका समापन पांच अक्टूबर को होगा। साल में कुल चार बार नवरात्रि का त्यौहार आता है, लेकिन चैत्र और शारदीय नवरात्रि को काफी खास माना जाता है। नवरात्रि का त्योहार संपूर्ण भारत में काफी धूमधाम से मनाया जाता है। इस पर्व की शुरुआत कलश स्थापना के साथ होती है और अष्टमी तथा नवमी तिथि पर कन्या पूजन किया जाता है। जगत जननी मां दुर्गा के आराधना के महापर्व शारदीय नवरात्र पर रांची समेत राज्यभर में विभिन्न पूजा समितियों द्वारा भव्य पूजा पंडालों का भी निर्माण कराया जा रहा है। ऐसे में धर्म के मर्म को समझने की जरूरत है। धर्म हमें सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है । जब- जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ा है भगवान को अवतार लेना पड़ा है। यह बात जानना जरूरी है कि कर्म ही धर्म है। मनुष्य कर्म से महान होता है। इसलिए धर्म का सम्मान करना चाहिए। जो सब को अच्छा लगे वैसा कार्य करना चाहिए। समाज में कटुता बढ़ रही है । इसका एकमात्र कारण लोग धर्म से दूर भाग रहे है। सत्संगति से ही सदज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। ज्ञान के मार्ग पर चलने वाले कभी अधर्मी नहीं हो सकते। आज के दौर में राम का चरित्र को अपनाने की जरूरत है। कारण यह अनुकरणीय है। राम चरित्र मानस हमे जीवन जीने का कला सिखाता है। रामचरित मानस की कथा श्रवण से मानव की समस्त ब्यथा दूर हो जाती है। इसमे सम्बन्धों की ब्याख्या की गई हैं। प्रभु श्री राम विपति में भी अपनी मयार्दा नहीं तोड़ते हैं। यह बात हम सब को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। आज देखा जा रहा है कि सभी जगह अत्याचार और अनाचार का बोलबाला है। अभी नवरात्र के पहले दिन पलामू में एक गर्भवती महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। ऐसे सैकड़ो उदाहरण आज देखने को मिल रहे हैं। ऐसे में मां से हम यही विनम्र विनती करते हैं कि वह सभी को बुद्धि दें। समाज में अमन चैन बना रहे। ऐसे में राज्य के मुखिया हेमंत सोरेन और राज्यपाल रमेश बैस ने शारदीय नवरात्र की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि मां दुर्गा सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं यश प्रदान करें, यही प्रार्थना है। जय माता दी। कारण शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर मां सभी को स्वस्थ, सुखी और समृद्ध रखें, यही कामना मंगलकामना की जा सकती है। आज मंगलवार को नवरात्र का दूसरा दिन है। सभी जगहों पर मां की अराधना में भक्त लीन हैं। ऐसा माना जाता है कि इन मौकों पर की गई प्रार्थना व्यर्थ नहीं जाती है। ऐसे में सारी सृष्टि में प्रेम भाव बना रहे,देश की तरक्की हो। यहां कोई भूखा नहीं सोये। सभी को रोजगार मिले। यही हम माता रानी से आशीर्वाद चाहते हैं। मां आशीर्वाद देने में विश्वास रखती हैं। यह बात सभी को पता है तो आइये मां के चरणों की धूल को अपने माथे पर लगायें।

आज का इतिहास

1698 : औरंगजेब ने आठ साल की घेराबंदी के बाद जिंजी के किले पर कब्जा किया।
1714 : पेरिस की संसद ने पोप क्लेमेन्स इलेवन की ह्ययूनिजेनेटसह्र डिग्री को स्वीकार किया।
1720 : द हेग की संधि ने स्पेन, ब्रिटेन, फ्रांस, ऑस्ट्रिया और डच गणराज्य के बीच हस्ताक्षर किए, क्वार्टरल गठबंधन ने युद्ध को समाप्त किया।
1772 : पोलैंड के पहले विभाजन पर ऑस्ट्रिया, प्रशिया और रूस द्वारा वियना में हस्ताक्षर किए।
1776 : एडवर्ड गिब्बन ने रोमन साम्राज्य की गिरावट और पतन के इतिहास का पहला खंड प्रकाशित किया।
1807 : हेनरी क्रिस्टोफर हैती राज्य के पहले राष्ट्रपति चुने गए।
1827 : स्विटजरलैंड के बुद्धिजीवी जॉन हेनरी पेस्टलोजी का निधन।
1865 : अमेरिका में गृह युद्ध के दौरान कोलंबिया सुप्रीम कोर्ट को जला दिया गया।
1878 : सैन फ्रांसिस्को शहर में पहली बार टेलीफोन एक्सचेंज खोला गया।
1882 : पहला टेस्ट क्रिकेट मैच सिडनी के क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया।
1883 : महान क्रांतिकारी, स्वतंत्रता सेनानी और सामाजिक कार्यकर्ता वासुदेव बल वंत फडके का अदन की जेल में निधन।
1894 : अमेरिकी डाकू जॉन वेस्ले हार्डिन को जेल से रिहा किया गया।
1909 : अमेरिकी साम्राज्य के खिलाफ संघर्ष छेड़ने वाले अश्वेत अपाचे योद्धा जेरेनिमो का निधन।
1915 : महात्मा गांधी ने पहली बार शांतिनिकेतन का दौरा किया।
1927 : वीर वामनराव जोशी द्वारा लिखित रणदुंदुभी नाटक का मुंबई में प्रयोग हुआ, इसमें दीनानाथ मंगेशकर ने तेजस्विनी की भूमिका अदा की।
1931 : लॉर्ड इरविन ने वायसराय निवास में गांधी जी का स्वागत किया।
1927 : हवाई जहाज बनाने वाली विश्व की प्रथम कंपनी की स्थापना विलियम बोइंग और एल्बर्ट हबार्ड द्वारा की गयी।

भागवत-इलियासी भेंट का अर्थ

> हिन्दुस्तान के अंदर घटने वाली घटनाएं चौंकाती हैं। वे कौन लोग हैं, जो इस्लामी दुनिया में पनपते विरोध के बावजूद कर्नाटक की कन्याओं को हिजाब पहनाना चाहते हैं? याद करें, इससे पहले सबसे बड़ी खबर क्या थी? नूपुर शर्मा। उन्होंने जो कहा, उसके कारण उदयपुर और अमरावती जैसे कांड आकार लेने लगे। हर रोज के इन अफसानों ने सामाजिक एकता के लिए खतरा पैदा कर दिया है। नफरत पैर पसारते वक्त मुल्क और महाद्वीपों की सीमाएं नहीं देखती। इन दिनों इंग्लैंड के मंदिरों के बाहर जैसे प्रदर्शन हो रहे हैं, वे इस दुखद तथ्य की ताकीद करते हैं। इस कुटैव से लड़ने के बजाय हमारे बुद्धिजीवी एक-दूसरे को कोसने में वक्त जाया कर रहे हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत मस्जिद में? आप चाहें तो चौंक सकते हैं, पर भागवत गये गुरुवार को अपने तीन वरिष्ठ सहयोगियों के साथ नई दिल्ली में कस्तूरबा गांधी मार्ग स्थित अखिल भारतीय इमाम परिषद के अध्यक्ष डॉक्टर उमेर अहमद इलियासी से मिलने पहुंचे और लगभग एक घंटा बंद कमरे में गुफ्तगू करते रहे। गदगद इलियासी ने मुलाकात के दौरान उन्हें 'राष्ट्रपिता' व 'राष्ट्रऋषि' करार दे दिया। संघ प्रमुख ने उन्हें विनम्रतापूर्वक टोका भी, पर बाद में उन्होंने एक समाचार एजेंसी को दी गई 'बाइट' में इसे दोहराने में संकोच नहीं किया। संघ प्रमुख कुछ देर बाद एक मदरसे में भी पहुंचे, जहां बच्चों ने उनका खैरमकदम वंदे मातरम और भारतमाता की जय के नारों के साथ किया। बताने की जरूरत नहीं, मुस्लिमों का एक तबका वंदे मातरम का विरोध करता आया है, पर यह अनायास नहीं हुआ। इससे पहले भागवत सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल जमीरुद्दीन शाह, पूर्व चुनाव आयुक्त एस वाई कुरैशी, दिल्ली के पूर्व उप-राज्यपाल नजीब जंग, पूर्व सांसद-पत्रकार शाहिद सिद्दीकी और दानवीर सईद शेरवानी से मिल चुके हैं। ये वे हस्तियां हैं, जिन्होंने देश की सुरक्षा और प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान किया है। मौजूदा हालात में इस मुलाकात को महत्वपूर्ण मानने में संकोच नहीं करना चाहिए। पिछले तीन दशकों में यह पहला मौका है, जब भारत में बेमतलब के विवाद सुर्खियां बन जाते हैं। हालात कुछ इस कदर बिगड़ रहे हैं कि पिछले महीने आर्थिक रूप से तरक्कीयाफ्ता देशों की सूची में भारत के पांचवें पायदान पर पहुंचने की खबर तक जश्नविहीन रह गई। उन दिनों चर्चा में क्या था? कर्नाटक की स्कूली बच्चियां हिजाब पहन सकती हैं या नहीं! एक तरक्की पसंद मुल्क से कट्टरता की ओर बढ़े ईरान में जहां महिलाएं सरेआम हिजाब उतारकर अपने बाल कतर रही हैं, वहां भारत जैसे खुले लोकतंत्र में इस तरह के गैर-जरूरी विषय विमर्श का हिस्सा क्यों बन रहे हैं? ईरान में ऐसा पहली बार हो रहा है, जब नाराज लोगों ने इस्लामी राष्ट्र के संस्थापक अयातुल्लाह खोमैनी के बोर्ड धूल-धूसरित करने की हिमाकत की है। वहां के लोग महसा अमीनी की पुलिस हिरासत में मौत से गम और गुस्से में हैं। वहां भड़क उठे प्रतिरोध को दबाने के लिए पुलिस तरह-तरह के जुल्म ढा रही है। अब तक वहां 35 से अधिक लोग मर चुके हैं। लोगों को सलाखों के पीछे ठूंसा जा रहा है। धरने, प्रदर्शनों पर लाठीचार्ज हो रहे हैं, आंसू गैस के गोले दागे जा रहे हैं, पर आग रुकने की जगह भड़कती जा रही है। पुलिस हिंसा में एक और महिला जान गंवा चुकी है, लेकिन वहां की औरतों का जज्बा कम नहीं हुआ है। तालिबान के कब्जे वाले अफगानिस्तान में भी महिलाओं की बगावत जारी है। वे आवाज बुलंद कर रही हैं कि हमें जबरन थोपा गया 'परदा' मंजूर नहीं। वे पहले की तरह अपने काम पर लौटना चाहती हैं और सामाजिक हिस्सेदारी का दायित्व निभाना चाहती हैं। ऐसा न हो, इसीलिए कट्टरपंथियों का आका समझे जाने वाले सऊदी अरब तक ने आधी आबादी पर थोपी गई पाबंदियां कम की हैं। ऐसे में, हिन्दुस्तान के अंदर घटने वाली घटनाएं चौंकाती हैं। वे कौन लोग हैं, जो इस्लामी दुनिया में पनपते विरोध के बावजूद कर्नाटक की कन्याओं को हिजाब पहनाना चाहते हैं? याद करें, इससे पहले सबसे बड़ी खबर क्या थी? नूपुर शर्मा। उन्होंने जो कहा, उसके कारण उदयपुर और अमरावती जैसे कांड आकार लेने लगे। हर रोज के इन अफसानों ने सामाजिक एकता के लिए खतरा पैदा कर दिया है। नफरत पैर पसारते वक्त मुल्क और महाद्वीपों की सीमाएं नहीं देखती। इन दिनों इंग्लैंड के मंदिरों के बाहर जैसे प्रदर्शन हो रहे हैं, वे इस दुखद तथ्य की ताकीद करते हैं। इस कुटैव से लड़ने के बजाय हमारे बुद्धिजीवी एक-दूसरे को कोसने में वक्त जाया कर रहे हैं। इतिहास के अंधेरे बंद कोने खंगाले जा रहे हैं, ताकि खोखले तर्कों के तरकश में नये तीर भरे जा सकें। इससे अलगाव बढ़ रहा है। ऐसे में, इन नामचीन मुस्लिम बुद्धिजीवियों की पहल का खैरमकदम किया जाना चाहिए। खुद इनमें से कुछ ने एक टेलीविजन चर्चा के दौरान बताया कि वे मोहन भागवत से मिलकर संतुष्ट हुए। भागवत ने न केवल गर्मजोशी से स्वागत किया, बल्कि उनका हौसला भी बढ़ाया। उन्हें इस सिलसिले में उन सियासतदानों से मिलने तक में संकोच नहीं, जो अब तक अमन की राह में अंगारे बोते आए हैं।

■ **शशि शेखर**

कढ़ी पत्ते का किस्सा

हर सुख के बावजूद बुढ़ापे में आँसू निकल आना किसी गहरी पीड़ा का सूचक है। मेरी दादी रोये जा रही थी। मैं बार-बार पूछता लेकिन वह हर बार कुछ बताने की जगह घर के गेट की ओर देखती और जोर से रोने लगती। मैं भी गेट की ओर देखने लगा। मुझे कुछ खास नहीं दिखा। बूढ़ी आँखों में अनुभव बसता है। इसीलिए वे हमसे ज्यादा और सही देखती हैं। मैंने फिर जोर देकर पूछा। इस बार दादी उठी और गेट के पास कटे हुए पेड़ की कुछ निशानियाँ ढूँढ़ने लगीं। मुझे याद आया कि एक सप्ताह पहले यहाँ कढ़ी पत्ता का पेड़ हुआ करता था। अब नहीं है। मुझे दादी पर बड़ा गुस्सा आ रहा था। वह जिस पेड़ के लिए रो रही थी उसे उन्होंने ही कटवाया था। बच्चे-जवान गलती करके रोएँ, यह बात हजम होती है। किंतु बूढ़े लोग ऐसा कर रोएँ तो अजीब लगती है। खीझ के साथ-साथ गुस्सा मेरे सब्र के बाँध को तोड़ रहा था। दादी को मेरी कसम दिलाई और पेड़ कटवाने की असली सच्चाई जानने की कोशिश की। दादी रोते हुए कहने लगी - जब अपने ही हाथों लगाये हुए पेड़ को काटने पर मजबूर होना पड़े तो समझ जाना मामला गंभीर है। मेरी यादों में इस पेड़ ने बहुत कुछ साझा किया है। लेकिन मैं कुछ महीनों से परेशान हो चली थी। दोपहर में जब भी थोड़ी-बहुत आँख लगती तो कोई न कोई आकर गेट बेल दबा देता। पूछता - क्या मैं कढ़ी पत्ता तोड़ ले जाऊँ? नहीं पूछूँगा तो कहीं आप पिछली बार की तरह डाँट न दें, इसीलिए पूछकर तोड़ना चाहता हूँ। मुझे लगा यह भी सही है। बिना पूछे तोड़ने के चक्कर में आस-पड़ोस के लोगों ने उसे कसाईखाने वाले गाय की तरह एकदम उसकी हालत नाजूक कर दी थी। पत्ते तो पत्ते शाखाएँ तक तोड़ डाली थी। कढ़ी पत्ता का पेड़ न हुआ सबकी मर्जी का शगल हो गया। जिसे देखो उसे मुँह उठाये इसी के पीछे पड़े रहता था। इसीलिए मैंने सबको चेताया था। अब चेताने का परिणाम यह हुआ कि बुढ़िया को सोने नहीं देते। थोड़ी आँख लगती कि नहीं आ जाते सीने पर धमककाने। यदि गुस्से से मना कर दूँ तो कहने लगते - हाँ-हाँ बड़ी आई हो कढ़ी पत्ता वाली। जमाने भर में सिर्फ तुम्हारा पेड़ ही नहीं है। और बहुतों के हैं। यह दुनिया भी अजीब है जब तक मुफ्त में मिलता है तो मीठी-मीठी बातें करता है, थोड़ा मना कर दिया जाए तो हमारी खामियों का अंबार खड़ा कर देते हैं। यहाँ तक तो सब ठीक था। लेकिन मुझे यह पेड़ बुढ़ऊ के चक्कर में कटवाना पड़ा। मैंने तुम्हें उस दिन झूठ कहा था कि तुम्हारे दादा फिसलकर गिर गये थे। वो तो आस-पास की बूढ़ी औरतों को देखकर लार टपकाने वाले तुम्हारे दादा जी ने उनके लिए पेड़ की ऊँची शाखाओं से पत्ते तोड़ने के चक्कर में फिसलकर गिर गये। बंदर सब कुछ छोड़ सकता है, लेकिन गुलाटी मारना कतई नहीं। और वे तो बंदरों के मुखिया हैं। यह पेड़ न हुआ मेरे लिए सौतनों की पलटन बुलाने का बहाना हो गया। मुझे लगा कि कहीं देर हो गई तो इन्हीं किसी बूढ़ी डायनों में से एक को मेरी सौतन न बना दें। इसीलिए बेटा मैने इस पेड़ को कटवा दिया। न रहेगी बाँस न बजेगी बाँसुरी। लेकिन मैं गलत थी। जो सुख देने में है, वह डाँट-फटकारकर मना करने में नहीं है। हर रात कढ़ी पत्ता मेरे सपने में आकर अपनी दीनगाथा रो-रोकर सुनाता है। वह सपने में रोता है और मैं हकीकत में।

■ **डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**
मो. नं. 73 8657 8657

धर्म दर्शन

श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्
अथ प्रथमोऽध्यायः

हे दयानिधे। इस सबका कारण सम्यक रूपसे बताइये। हे मुनिश्रेष्ठ! आप सब कुछ जाननेवाले और पुराणोंके प्रवर्तक है, महापुरुषोंके लिये अपने श्रद्धालु शिष्यसे कुछ भी अकथ्य नहीं होता, इसलिये हे महाभाग ! मेरे सन्देहका निवारण कीजिये ॥ 4-5 ॥

सूतजी बोले- तब राजाके ऐसा पूछनेपर सत्यवतीपुत्र वेदव्यासजी प्रसन्नतापूर्वक उनके प्रश्नोंका क्रमसे उत्तर देने लगे ॥ 6 ॥

व्यासजी बोले- हे नृपश्रेष्ठ! इसका अत्यन्त अद्भुत कारण सुनो श्रेष्ठ तत्त्वज्ञानियोंने संचित, वर्तमान और प्रारब्धके भेदसे कर्मकी तीन गतियाँ बतलायी हैं। अनेक जन्मोंका संचित प्राकन कर्म संचित कर्म कहा गया है; फिर वे कर्म भी सात्विक, राजस और तामस-तीन प्रकारके होते हैं ॥ 7-9 ॥

हे राजन्! बहुत समयके संचित शुभ या अशुभ कर्म पुण्य या पापके रूपमें अवश्य ही भोगने पड़ते हैं। जीवोंके प्रत्येक जन्मके संचित कर्म बिना भोग किये करोड़ों कल्पों में भी नहीं नष्ट होते ॥ 10-11 ॥

जो कर्म किया जा रहा है, उसे वर्तमान कहा जाता है, जीव देह प्राप्तकर शुभ या अशुभ कार्यमें प्रवृत्त होता है। संचित कर्मोंके कारण देह प्राप्त होनेपर काल जीवको पुनः कर्मके लिये प्रेरित करता है ॥ 12-13 ॥

प्रारब्ध कर्म उसे जानना चाहिये, जिसका भोगसे क्षय हो जाता है। प्राणियोंको यहाँ प्रारब्ध कर्म अवश्य भोगना पड़ता है; इसमें सन्देह नहीं है। है राजेन्द्र देवता, मनुष्य, असुर, यक्ष, गन्धर्व और किन्नर- इन सभीको पूर्वकालमें किये गये शुभ अशुभ कर्मों का फल भोगना पड़ता है—यह निश्चित हैं। हे महाराज! सबके देह धारणका कारण उनका कर्म ही होता है। कर्मके समाप्त हो जानेपर प्राणियोंका जन्म लेना भी समाप्त हो जाता है इसमें सन्देह नहीं है ॥ 14-16 ॥

हे राजन् ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, इन्द्र आदि देवता, दानव, यक्ष और गन्धर्व-ये सभी कर्मके वशीभूत हैं, अन्यथा जीवके सुख-दुःखमें भोगका जो कारणरूप देहसम्बन्ध है वह कैसे होता? इसीलिये किसी कालविपाकके योगसे यथासमय अनेक जन्मोंमें किये हुए संचित कर्मोर्का प्रभाव प्रकट हो जाता है। उसी प्रारब्धकर्मके वशमें होकर ही मनुष्य पुण्य या पाप करता है, उसी प्रकार देवता आदि भी करते हैं ॥ 17-20 ॥

हे राजन! भगवान् विष्णुके अंशसे धर्मपुत्र नर और नारायण ही कृष्ण और अर्जुनके रूपमें प्रकट हुए। मुनियोंके द्वारा इस पौराणिक आख्यानका विवेचन किया गया है ॥ 21-22 ॥

- क्रमशः

खास से आम कब होगी जीन थेरपी

'मन जीनोम प्रॉजेक्ट सन 2003 में पूरा हुआ। इंसान का जनेटिक ढांचा पूरा का पूरा डीकोड कर लिया गया। मानव जीवन के बहुत लंबे, उलझे हुए सॉफ्टवेयर का कौन सा हिस्सा कोई काम कैसे पूरा करता है, इसकी एक मोटी समझ भी बन गई। फिर ऐसे दावों की भरमार देखने को मिली कि छोटी-मोटी चोट-चपेट या वायरल इनफेक्शन के अलावा जल्द ही कोई स्वास्थ्य समस्या शेष नहीं बचेगी। लोग अपनी जीनोम सीक्वेंसिंग कराकर रख लेंगे, डॉक्टर उसी हिसाब से सटीक प्रिस्क्रिप्शन लिख देंगे और अस्पतालों पर ताला पड़ जायेगा। लेकिन व्यवहार में इसका उलटा देखने को मिल रहा है। हेल्थकेयर इंडस्ट्री और इससे जुड़े बीमे पर अब सिर्फ इनके मुनाफे से जोड़कर बातें होती हैं। बीमारी कैसी भी क्यों न हो, उसका इलाज दिनोंदिन टेढ़ा होता जा रहा है। अलबत्ता, इधर इसमें एक नया उछाल यह दिख रहा है कि जीन थेरपी का एक अलग क्लास बन रहा है, जिसमें एक इंसान के इलाज में लाखों डॉलर लगते हैं। दुनिया भर में लगभग 7000 बीमारियों को 'रेयर जनेटिक डिजीज' का दर्जा हासिल है, जिन्हें मेडिकल साइंस के धंधे में जुटे लोग फिलहाल सोने की खान मानकर चल रहे हैं। ये बीमारियां कुछ गिने-चुने लोगों में ही मिलती हैं, लेकिन ये ऐसी असाधारण भी नहीं हैं। ऑटिज्म, डाउन सिंड्रोम, थैलिसीमिया, कम उम्र में नजर गायब होना वगैरह। इनमें कुछेक का जनेटिक इलाज इधर के सालों में खोज लिया गया है, हालांकि यह महंगा ही नहीं, मुश्किल भी है। 2019 में ऐसी लगभग 1000 जीन थेरपीज दुनिया में मौजूद थीं, जो जून 2022 तक 2000 हो गईं। ऐसी सरपट रफ्तार मेडिकल साइंस में शायद ही कभी देखने को मिली हो। धंधे पर आएं तो वर्ल्ड इकॉनमिक फोरम के मुताबिक, जीन थेरपी का ग्लोबल बाजार अभी 5.33 अरब डॉलर का है, लेकिन अगले पांच साल में, यानी 2027 तक इसके 19.88 अरब डॉलर तक पहुंच जाने का अनुमान है। पिछले साल 1308 डिवेलपर जीन थेरपी से जुड़ी तकनीकें विकसित करने में जुटे थे और उनकी कंपनियों ने 22.7 अरब डॉलर का निवेश जुटा रखा था। यह रकम 2019 की तुलना में 57 फीसदी ज्यादा थी। थेरपी सही होने के बावजूद सारे इलाज कामयाब ही होते हों, ऐसा नहीं है। लेकिन जितनी नाकामी किसी नई थेरपी में देखने को मिलती है, उसके बरक्स कामयाबी के मामले यहां इतने ज्यादा हैं कि बीटा थैलिसीमिया के इलाज के लिए बंदे 28 लाख डॉलर लगाने को तैयार हैं। अभी ऐसी बीमारियों का जीवन भर इलाज चलता है। इस थेरपी के साथ एक अच्छी बात यह है कि एक ही बार में इलाज हो जाता है। लेकिन जरा इलाज के खर्चे के बारे में सोचिए। 28 लाख डॉलर यानी लगभग 25 करोड़ रुपये।इसके लिए जिस तरह की प्रयोगशाला की जरूरत पड़ती है, वह भी हर जगह नहीं मिलती। इलाज के लिए सिर्फ एक इंजेक्शन काफी होता है, लेकिन इसमें दी जाने वाली दवा मरीज की जेनोम एडिटिंग कर-के बनाई जाती है। ऐसी एडिटिंग के उपकरण हर जगह नहीं मिलते और मरीज का रॉ और एडिटेड जनेटिक मटीरियल बहुत दूर लाने-ले जाने का जोखिम नहीं उठाया जा सकता। मेडिकल इंडस्ट्री की तरफ से अभी कोशिश यह चल रही है कि सरकारों को कन्विंस करके हेल्थ बीमा का कोई ऐसा ढांचा बनाया जाए, जिसमें सरकारें, रिसर्च कंपनियां और बीमा कंपनियां मिलकर करोड़ों रुपये के इलाज की गुंजाइश ठीक तरह बना दें, जैसे अभी लाखों रुपये के इलाज के लिए बनाये हुए हैं। इस काम में जोर-जबर्दस्ती भी नहीं की जा सकती क्योंकि कंपनियों को फायदा नहीं मिलेगा तो वे रेयर जनेटिक बीमारियों का इलाज खोजने में इतनी बड़ी पूंजी क्यों लगायेंगी। लेकिन कुल मिलाकर शोध, निवेश और उपचार की यह दिशा ठीक नहीं लगती।'मन जेनोम प्रॉजेक्ट से दुनिया भर में मेडिकल साइंस को लेकर जो उम्मीदें जगी थीं, वे तो इस रास्ते पर चलकर कभी नहीं पूरी होने वाली। कुछ शोधकर्ताओं का कहना है कि पहला 'मन जेनोम तैयार करने में तीन अरब डॉलर और तेरह साल लगे थे, लेकिन बीस साल भी नहीं हुए और अभी यह गिनती के कुछेक दिन लगाकर 100 डॉलर से भी कम खर्चे में तैयार हो जाता है। यह तो हुई जनेटिक ढांचा पढ़ने की बात। आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के जरिये इसकी गड़बड़ियां जल्दी पकड़ में आ सकती हैं। अभी दिखने वाले ऐसे इक्का-दुक्का चमत्कार आगे रोजमर्रा की बात हो जायेंगे। क्रिस्पर-कैस 9, बेस एडिटिंग, प्राइम एडिटिंग जैसी गड़बड़ी दुरुस्त करने वाली तकनीकें अभी बहुत महंगी पड़ती हैं। लेकिन जहां ऐसी बीमारियां ज्यादा हैं, वहां सरकारें कोशिश करें तो अगले दस-पंद्रह सालों में इन्हें सस्ता बनाया जा सकता है।

■ **चंद्रभूषण**

संपादक के नाम पाठकों की पाती

गालियों का प्रयोग न करें

हम किसी भी शहर में चले जायें, वहां पर लोग आपस में बातचीत में धड़ल्ले से गाली का प्रयोग करते हैं। यह हमारे लिए काफी शर्म की बात है। कई लोग तो ऐसे हैं जो अपना एक भी वाक्य बिना गाली की नहीं करते हैं। कई शहरों में किसी खास गाली का प्रचलन रहता है। इन गालियों में मां-बहनों को अपमानित किया जाता है। गाली देने से ही हम समझ जाते हैं कि वह व्यक्ति कैसे परिवार से संबंध रखता है। उसमें अच्छे संस्कारों की कमी है। कई जगहों पर तो महिलाओं को भी बेधड़क गाली देते देखा जा सकता है। गाली देने वालों को कभी भी सभ्य नहीं कहा जा सकता है। इस बारे में ना तो सामाजिक संस्था पहल करती है और ना ही सरकारी पहल होती है। अगर हमारी जुबान ही गंदी होगी तो हम अपने शहर व समाज को साफ कैसे रखेंगे? मैं आपके लोकप्रिय हिंदी दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से लोगों से अपील करता हूं कि अपनी बातचीत में गाली का प्रयोग नहीं करें। ना ही किसी को करने दें। इस तरह की गाली से हमारे आसपास की महिलाओं को शर्मिंदा होना पड़ता है। गाली देकर हम अपनी बहादुरी प्रकट करने की कोशिश करते हैं जो शर्मनाक है। कई जगहों पर कई तरह की गालियों का प्रयोग किया जाता है,जिसकी चर्चा करना भी शर्मनाक है। इन गालियों के प्रयोग से महानगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र प्रभावित हैं । जिस प्रकार स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है ।उसी प्रकार जुबान की गंदगी को भी साफ करने का अभियान चलाना चाहिए,जिससे की आम बातचीत में लोग गाली का प्रयोग नहीं करें। वहीं कई पढ़े-लिखे लोग भी गाली प्रयोग अंग्रेजी में कर अपने को पढ़ा लिखा साबित करने की कोशिश करते हैं,लेकिन गाली तो गाली है। इनको कहने व सुनने से हमें दूर रहना चाहिए और इसे सामाजिक बुराई मानकर इसे खत्म करना चाहिए।

■ **प्रदीप कुमार, हमीदगंज , मेदिनीनगर।**

पक्षपात पूर्ण प्रविधानों का परिणाम है आतंक

दुनिया में नफरत की आग तेजी से फैल रही है। वर्चस्व की जंग हवा देने वाले अब धर्म की आड लेकर सुल्तान बनना चाहते है। गुलामी के इतिहास को दोहराने की कबायत चल रही है। लूट, बलात्कार, हत्या जैसे अपराध, अब आम हो चले हैं। कानून का डर जाता रहा है। कभी मानवाधिकार के नाम पर तो कभी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की दुहाई देकर अपराधियों को उनके आका बचा ले जाते हैं। कानूनी प्रक्रिया का उलझाव भरा रास्ता जहां बेहद लम्बा है वहीं उसकी अस्पष्ट नीतियां भी घातक बनती जा रहीं हैं। जघन्न अपराधियों के लिये देर रात तक न्यायालयों को खोला जाता है। अनेक अदालतों से दोषी करार हो जाने के बाद भी फांसी जैसा दण्ड को टालने की कोशिशें की जातीं हैं। कानून के जानकार न्याय की लचीली व्यवस्था के तहत उलझाव भरे दावपेंच खेलते रहते हैं। ऐसे में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गये हैं कि सार्वजनिक स्थानों पर धड़ल्ले से अपराध घटित होते हैं और अपराधी बेखौफ होकर फरार हो जाते हैं। न्यायालय परिसर हो या पुलिस कार्यालय, प्रशासनिक अधिकारियों का आवासीय क्षेत्र हो या फिर अतिविशिष्ट लोगों का रिहायसी इलाका, कहीं भी सुरक्षा की गारंटी नहीं दी जा सकती। लालबत्ती पर भी रईसजादों के फरार्टे भरते वाहन, एकल मार्ग पर विपरीत दिशा से आने वाले खद्दरधारियों और अधिकारियों की गाडियां, नो पार्किंग में लाल तख्ती वाले दुपहिया-चौपहियों की भरमार जैसे दृश्य देश के कोने-कोने में देखे जा सकते हैं। व्यवस्था के नाम स्थापित विभागों के अधिकांश अधिकारी-कर्मचारी वेतन के अलावा सुविधा शुल्क कमाने या अपनों को लाभ दिलाने में लगे रहते हैं। ऐसे में धर्म के नाम पर वैमनुष्यता परोसकर सत्ता की चाहत रखने वाले षडयंत्रकारियों को राजनैतिक दलों की आंख का तारा बना दिया है। जनबल को वोटबल में प्राप्त करने की चाहत रखने वाला खद्दरधारी समाज पहले असामाजिक तत्वों को बढ़ावा देता हैं, उन्हें क्षेत्र का दबदबेदार बनाता हैं और फिर क्षेत्रवासियों को आतंक के साये में होंठ सिलकर मतदान करने हेतु विवस करता हैं। इतिहास गवाह है कि अमेरिकी संरक्षण में किलकारी मारने वाला लादेन एक दिन उसी का काल बनकर सामने आया चुका है। वर्तमान समय में विश्व का सबसे घातक देश बनकर उभरने वाला ब्रिटेन अपनी नीतियों-रीतियों से समूचे विश्व पर साम्राज्य स्थापित करने की कल भी चाहत रखता था, आज भी रखता है और शायद कल भी रखेगा। दुनिया भर के भगोड़े अपराधियों की शरणगाह के रूप में चर्चित यह गोरों की दुनिया हमेशा से ही फूट डालो-राज करो का सिध्दान्त अपनाती रही। यहां की विभाजनकारी मानसिकता ने मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौध्द, यहूदी जैसे धर्मों के कट्टरपंथियों को सहयोग, सहायता और सलाह देकर उग्रवादी बनाया। यही उग्रवादी बाद में आतंकवादी और फिर अलगाववादी बनते चले गये। ब्रिटेन की राह पर ही अमेरिका चल निकला। उसने भी असामाजिक मानसिकता वाले लोगों को अपराधी बनाया। भौतिक संसाधनों की आदत डाली। अघोषित राजा बनाकर गुलामों की फौज के सलाम दिलवाये। लालच की मृगमारीचिका के पीछे दौड़ा दिया। भौतिकता के मोहपाश में न आने वालों को मरने के बाद की किवदंतियों के सहारे सब्जबाग दिखाये गये। गाजी और शहीद की परिभाषायें समझाई गईं। मुस्लिम युवाओं को गुमराह करने के लिए गाजी यानी इस्लाम के नाम पर लोगों की जान लेने वालों तथा शहीद यानी इस्लाम के नाम पर जान देने वालों की जमात तैयार की जा रही है। इन्हें समझाया जा रहा है कि जो मुसलमान सामान्य तौर पर मरता है उसे कयामत तक कब्र में ही अपने गुनाहों के हिसाब का इंतजार करना पड़ता है किन्तु गाजी और शहीदों को तत्काल जन्नत नसीब होती है। उनको कयामत तक का इंतजार नहीं करना पडता। इस सबक को मनोवैज्ञानिक ढंग से इबादत के दौर में समझाया जाता है। दुनिया भर में क्रूरता की चरम सीमा पर मुस्लिम युवाओं को बैठाने के लिए तरह-तरह के हथकण्डे अपनाये जा रहे हैं। धनी मुस्लिम देशों से जकात और फितरा के रूप में निकाली जाने वाली भारी भरकम धनराशि का कथित रूप से मदरसों, इस्लाम के प्रचार-प्रसार और मानवता के उपयोग करने का प्राविधान है परन्तु उस पैसे का अधिकांश धरातली उपयोग आज आतंक, अलगाव और आजादी के नाम पर किया जा रहा है।

■ **डा. रवीन्द्र अरजरिया**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं-13 । प्रधान संपादक : **सुरेश बजाज,** संपादक : **हर्षवर्द्धन बजाज,** स्थानीय संपादक : **ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय :** रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, **फोन नम्बर : 07759972937,** 06562-240042/ 222539, **फैक्स नम्बर :** 06562-241176/231257, **रांची कार्यालय :** 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, Ph. 0651-2283384/Fax 0651-2283386, **दिल्ली कार्यालय :** 25-LF, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, **गढ़वा कार्यालय :** मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, **लातेहार कार्यालय :** रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार-829206, फोन : 9128656020, 7763034341, **लोहरदगा कार्यालय :** रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा-फोन : 7903891779, 8271983099, **ई-मेल :** rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

पृथ्वी निरीक्षण उपग्रह अभियान पर मिलकर काम कर रहे हैं इसरो व नासा

प्रमुख उद्योगपतियों के अलावा, यूएसजी/स्पेस, डीसी गवर्नमेंट, नासा, अमेरिकी थिंक टैंक और संघीय प्रतिनिधियों ने अमेरिका द्वारा आयोजित भू-स्थैतिक, अंतरिक्ष, पृथ्वी और महासागर विज्ञान, फार्मा और बायोटेक क्षेत्रों से जुड़े क्षेत्रों पर केंद्रित इस गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा, एक पृथ्वी निरीक्षण उपग्रह अभियान 'निसार' (नासा-इसरो सिंथेटिक एपर्चर रेडार) के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। निसार मिशन जलवायु संकट से निपटने के लिए महत्वपूर्ण डेटा एकत्र करेगा।

केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी; पृथ्वी विज्ञान; कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्जा मंत्रालय और प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ जितेन्द्र सिंह द्वारा यह जानकारी प्रदान की गई है। अपनी अमेरिका की पाँच दिवसीय अमेरिका यात्रा के दौरान वह, वाशिंगटन में, यूएस चैंबर ऑफ कॉमर्स मुख्यालय में 30 से अधिक प्रमुख अमेरिकी कंपनियों के सीईओ और प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे।

प्रमुख उद्योगपतियों के अलावा, यूएसजी/स्पेस, डीसी गवर्नमेंट, नासा, अमेरिकी थिंक टैंक और संघीय प्रतिनिधियों ने अमेरिका द्वारा आयोजित भू-स्थैतिक, अंतरिक्ष, पृथ्वी और महासागर विज्ञान, फार्मा और बायोटेक क्षेत्रों से जुड़े क्षेत्रों पर केंद्रित इस गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया। इस सम्मेलन का आयोजन वाशिंगटन में यूएस चैंबर ऑफ कॉमर्स मुख्यालय में यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूएसआईबीसी) द्वारा किया गया है। डॉ जितेन्द्र सिंह ने प्रतिनिधियों को बताया कि भारत और अमेरिका के बीच अंतरिक्ष विज्ञान और अन्वेषण में सफलतापूर्वक सहयोग स्थापित किया है। उन्होंने बताया कि इसरो अपने अंतरिक्ष मिशनों; जैसे चंद्रयान-1, मार्स ऑर्बिटर मिशन (एमओएम) और

चंद्रयान-2 मिशन में नासा से डीप स्पेस नेटवर्क एंटीना सपोर्ट प्राप्त कर रहा है, और चंद्रयान-3 मिशन के लिए समर्थन जारी रहेगा। उन्होंने कहा, अंतरिक्ष सुधारों को देखते हुए, भारत अंतरिक्ष प्रणाली और बुनियादी संरचना, निर्माण और संयुक्त विकास के लिए निजी क्षेत्रों के साथ कार्य करने की दिशा में बढ़ रहा है।

डॉ जितेन्द्र सिंह ने कहा कि हाल के नीतिगत सुधार; जीवंत और गतिशील डेटा-संचालित डिजिटल अर्थव्यवस्था निर्माण के लिए शिक्षाविदों, उद्योगों, और अन्य हितधारकों के साथ काम करने के अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा, दोनों पक्ष; निसार के अलावा अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट, मौसम की भविष्यवाणी, ग्राउंड रेफरेंसिंग एवं पोजिशनिंग, नेविगेशन एवं टाइमिंग की जानकारी के लिए उपयोग में आने वाले संयुक्त रूप से विकसित जियो-स्टेशनल डेटासेट में सहयोग का विस्तार कर सकते हैं।

डॉ जितेन्द्र सिंह ने बताया कि संयुक्त वैज्ञानिक तथा तकनीकी कौशल, और उपग्रह डेटा का उपयोग पृथ्वी का निरीक्षण बढ़ाने एवं हिंद महासागर की परिवर्तनशीलता एवं मॉनसून संबंधी प्रभावी जानकारी प्राप्त करने में हो सकता है। उन्होंने कहा, भारत और अमेरिका के वैज्ञानिक दल एक सहयोगी भारत-यूएसए कार्यक्रम के लिए एकजुट हुए हैं, जिसे ईकेएएमएसएटी कहा जाता है। इसके अंतर्गत, वैज्ञानिक दल मॉनसून, चक्रवात और गंभीर मौसम प्रणालियों की बेहतर भविष्यवाणी के लिए भारत और अमेरिका के अनुसंधान जहाजों का उपयोग करते हुए अरब सागर में संयुक्त वैज्ञानिक सहयोग में संलग्न होंगे।

डॉ जितेन्द्र सिंह ने कहा, अमेरिकी ऊर्जा विभाग (डीओई) और भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के नेतृत्व में 2021 में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। इसका उद्देश्य भारत और अमेरिका के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों द्वारा सार्वजनिक-निजी संकाय मोड के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों द्वारा स्वच्छ ऊर्जा नवाचार को बढ़ावा देने और पारस्परिक हित के चिह्नित क्षेत्रों जैसे - स्वच्छ कोयला प्रौद्योगिकी, उन्नत सुपरक्रिटिकल कार्बन डाइऑक्साइड (एससीओ-2) चक्र और कार्बन कैप्चर उपयोग तथा भंडारण (सीसीयूएस) में अनुसंधान विकास केन्द्र (जेसीईआरडीसी) स्थापित करना है।

स्वास्थ्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के बारे में, डॉ जितेन्द्र सिंह ने कहा, भारत और अमेरिका के बीच स्वास्थ्य क्षेत्र में लंबे समय से सहयोग रहा है। दोनों देशों के वैज्ञानिक समुदाय एवं निजी क्षेत्र महत्वपूर्ण बीमारियों को समझने और नये चिकित्सीय, निदान और टीके विकसित करने के लिए कई कार्यक्रमों में एक साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, पिछले वर्ष अक्तूबर में नये समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे, जो दोनों देशों के बीच स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग और साझेदारी की दिशा में महत्वपूर्ण है।

उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में, अमेरिका के डीएसटी और एनएसएफ (नेशनल साइंस फाउंडेशन) ने हाल में साझा हितों के व्यापक क्षेत्रों में संयुक्त परियोजनाएं शुरू की हैं, जिनमें कोबोटिक्स, कंप्यूटर विजन, रोबोटिक्स, ऑटोमेशन, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, इंटरनेट ऑफ एवरीथिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स, सेंसर से संबंधित प्रौद्योगिकियां शामिल हैं। उन्होंने बताया कि हमारे द्विपक्षीय विज्ञान प्रौद्योगिकी सहयोग में, मेगा साइंस जैसे- लेजर इंटरफेरोमीटर ग्रेविटेशनल ऑब्जर्वेटरी (लीगो), थर्टी मीटर टेलीस्कोप (टीएमटी), और न्यूट्रिनो फिजिक्स से लेकर स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकी, हेल्थ साइंस, पृथ्वी एवं महासागर विज्ञान, कृषि विज्ञान और उभरती प्रौद्योगिकियों का विस्तार शामिल है।

क्वांटम टेक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डीप ओशन एक्सप्लोरेशन, इलेक्ट्रिक वाहन, दूरसंचार प्रौद्योगिकियों, सेमीकंडक्टर रिसर्च ऐंड इनोवेशन, भू-स्थैतिक डेटा जैसे सामान्य प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में सहयोग के विस्तार की संभावनाओं को रेखांकित करते हुए डॉ जितेन्द्र सिंह ने कहा कि वैश्विक समस्याओं का समाधान खोजने के लिए भारत और अमेरिका, दोनों देशों के वैज्ञानिक समुदायों को समर्थन देने और एक साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार हैं।

पृथ्वी पर पानी कहां से आया

पृथ्वी पर जीवन पनपने की एक प्रमुख वजह है यहां का वायुमंडल और पानी। क्या पृथ्वी पर पानी हमेशा से था या कहीं और से आया। तकरीबन छह साल के एक जापानी अंतरिक्ष अभियान के दौरान जमा किये गये नमूनों का अध्ययन करने के बाद वैज्ञानिक यह संभावना जता रहे हैं कि पानी क्षुद्रग्रहों के जरिये आया होगा। पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति और ब्रह्मांड के निर्माण की गुत्थी सुलझाने में जुटे रिसर्चरों ने 2020 में पृथ्वी पर लाये क्षुद्रग्रह रायुगु के मटीरियल का बारीकी से अध्ययन किया है। जापान का स्पेस प्रोब हायाबूसा-2 ने 5।4 ग्राम के चट्टान और धूलकणों को जमा किया था। यह प्रोब इस क्षुद्रग्रह की सतह पर उतरा था और उसकी सतह पर इसने एक 'इंपैक्टर' दागा था। प्रोब के लाये मटीरियल पर हुई रिसर्च के नतीजे अब प्रकाशित हो रहे हैं। जून में रिसर्चरों के एक समूह ने कहा कि उन्हें ऐसे कार्बनिक पदार्थ मिले हैं जो पृथ्वी पर जीवन के निर्माण में शामिल रहे हैं। इनमें कुछ अमीनो एसिड हैं जो शायद अंतरिक्ष में ही बने होंगे।

पानी कहां से आया : नेचर एस्ट्रोनॉमी जर्नल में छपी एक नई रिपोर्ट में वैज्ञानिकों ने कहा है कि रायुगु के नमूने इस रहस्य से पर्दा उठा सकते हैं कि अरबों साल पहले पृथ्वी पर महासागरों का निर्माण कैसे हुआ। जापान और दूसरे देशों के वैज्ञानिकों की स्टडी पर सोमवार को छपी रिपोर्ट में कहा गया है, 'वाष्पशील और कार्बनिक तत्वों से भरपूर सी-टाइप के एस्टेरॉयड शायद पृथ्वी पर पानी के मुख्य स्रोत रहे होंगे। पृथ्वी पर कार्बनिक पदार्थों और पानी यानी वाष्पशील क्षुद्रग्रहों का पहुंचना अब भी एक बड़ी बहस का विषय है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि रायुगु के कणों में मिलने वाले कार्बनिक पदार्थ शायद इन वाष्पशीलों के एक प्रमुख स्रोत के प्रतिनिधी हैं।

वैज्ञानिकों ने अनुमान लगाया है कि ऐसे तत्व शायद 'बाहरी सौर मंडल की उत्पत्ति' में रहे होंगे। हालांकि उनका यह भी कहना है कि शुरूआती पृथ्वी पर वाष्पशीलों के पहुंचने के वे एकमात्र स्रोत नहीं रहे होंगे।

हायाबूसा-2 : हायाबूसा-2 को 2014 में रायुगु मिशन के लिये अंतरिक्ष में भेजा गया था। यह करीब 20 करोड़ किलोमीटर दूर गया और और फिर पृथ्वी की कक्षा में दो साल पहले लौटा। इसने नमूने से भरा एक कैप्सूल पृथ्वी पर गिराया। नेचर एस्ट्रोनॉमी की स्टडी रिपोर्ट में रिसर्चरों ने माना है कि यह खोज इस मिशन के जरिये ही संभव हो सकी। रिपोर्ट में कहा गया है, रायुगु के कण निस्संदेह सौरमंडल के ऐसे मटीरियल हैं जिनमें बिल्कुल भी मिलावट नहीं है और जो प्रयोगशाला में रिसर्च के लिये उपलब्ध हैं। इन बहुमूल्य नमूनों की चल रही जांच निश्चित रूप से शुरूआती सौर मंडल की प्रक्रियाओं के बारे में हमारी समझ को बढ़ायेगी।

विदेश में पढ़ाई करने का है मन, तो इन जगहों को करें एक्सप्लोर

सिंगापुर की यूनिवर्सिटी पूरे विश्व में टॉप रैंकिंग यूनिवर्सिटीज में से एक है। एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था और एक छात्र-अनुकूल वातावरण के लिए प्रसिद्ध, सिंगापुर अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए एक आदर्श स्थान बन चुका है। यह तो हम सभी जानते हैं कि बेहतर पढ़ाई व शिक्षा के अवसर मिलने से व्यक्ति के जीवन में तरक्की के रास्ते खुलते हैं। यही कारण है कि व्यक्ति उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाना चाहता है। लेकिन अक्सर उसके मन में यह कशमकश रहती है कि वह किस देश में पढ़ने के लिए जाए या फिर किसी यूनिवर्सिटी या कॉलेज में दाखिला लेना उसके लिए सही रहेगा।

फ्रांस : अगर विदेश में पढ़ने की बात हो तो यकीनन फ्रांस दुनिया भर के छात्रों के लिए एक बेहतरीन स्टडी प्लेस है। इसमें उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा की सदियों पुरानी परंपरा है। फ्रांस सरकार और विश्वविद्यालय अंतरराष्ट्रीय छात्रों को फ्रांस में अध्ययन के लिए प्रोत्साहित करने के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करते हैं। सार्वजनिक विश्वविद्यालयों में अध्ययन का अर्थ है कि आपकी पढ़ाई का खर्चा भी ना के बराबर होगा।

फ्रांस में शीर्ष विश्वविद्यालय

- यूनिवर्सिटी पीएसएल (पेरिस साइंस एंड लेटर्स)
- इकोले पॉलीटेक्निक
- सोरबोन विश्वविद्यालय
- सेंट्रल सुपेलेक
- इकोले नॉर्मले सुप्रीयर डे ल्यों

सिंगापुर : सिंगापुर की यूनिवर्सिटी पूरे विश्व में टॉप रैंकिंग यूनिवर्सिटीज में से एक है। एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था और एक छात्र-अनुकूल वातावरण के लिए प्रसिद्ध, सिंगापुर अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए एक आदर्श स्थान बन चुका है। यहां पर कई तरह की यूनिवर्सिटीज, पॉलिटेक्निक संस्थानों और तकनीकी शिक्षा संस्थान है। कुल मिलाकर, इसमें 34 विश्वविद्यालय हैं, जिनमें से छह राष्ट्रीय हैं, और दो विश्व स्तरीय शिक्षा के लिए प्रसिद्ध हैं।

सिंगापुर के शीर्ष विश्वविद्यालय

- एनयूएस- नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर
- एनटीयू- नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी
- एसएमयू- सिंगापुर मैनेजमेंट यूनिवर्सिटी
- एसआईटी- सिंगापुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
- एसयूटीडी- सिंगापुर प्रौद्योगिकी और डिजाइन विश्वविद्यालय

इटली : विदेश में अध्ययन करने और काम करने के लिए सबसे अच्छे देशों में से एक, इटली यूरोप के दक्षिणी भाग में स्थित है। यह अपने प्यारे मौसम, स्वादिष्ट भोजन और सुंदर सेटिंग्स के लिए जाना जाता है। यह यूरोप का पांचवां सबसे अधिक आबादी वाला देश है और इसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 34 विश्वविद्यालय हैं। इटली में ट्यूशन फीस सस्ती है, खासकर सार्वजनिक विश्वविद्यालयों में। यूरोपीय संघ के छात्रों को गैर-यूरोपीय संघ के छात्रों की तुलना में कम ट्यूशन लागत मिलती है। छात्रों को उनकी शिक्षा की लागत के साथ मदद करने के लिए वहां की सरकार 5,000 से 12,000 यूरो के बीच क्षेत्रीय और राष्ट्रीय छात्रवृत्ति भी प्रदान करती है।

इटली के शीर्ष विश्वविद्यालय-

- पोलिटेक्निको डी मिलानो
- स्कूओला नॉर्मले सुपीरियर डी पिसा
- स्कूल सुपीरियर संत अन्ना पिसा

❖ मिताली जैन

क्या मकड़ियां सोती हैं?

क्या मकड़ियां सोती हैं? यह एक ऐसा सवाल है जो कुछ वैज्ञानिकों को सोने नहीं दे रहा है। इस सवाल का जवाब खोजने के लिए डेनिएला रोएसलर और उनके सहकर्मियों ने कई रातें जाग कर काटी हैं। उन्होंने मकड़ियों की रातों की गतिविधियां जानने के लिए कैमरों के जरिए उनके वीडियो फिल्माए। इन वीडियो को जब लगातार आंका गया तो एक तरह का निश्चित व्यवहार पकड़ में आया।डेनिएला और उनके साथियों ने कई-कई रातों तक फिल्माए गए वीडियो का अध्ययन किया और पाया कि मकड़ियों का भी एक तरह का निद्रा चक्र होता है। एक वक्त आता है जब उनकी आंखें झपकने लगती हैं और टांगें मुड़ जाती हैं। इस अवस्था को वैज्ञानिकों ने तीव्र नेत्र गति - नींद जैसी स्थिति' (REM – Rapid Eye Movement) नाम दिया है। वे बताते हैं कि आरईएम एक ऐसी अवस्था है जब मस्तिष्क के कुछ हिस्से किसी गतिविधि के कारण सक्रिय हो जाते हैं। इसे सपने देखने की अवस्था भी माना जाता है।

नया है यह अध्ययन

कुछ पक्षियों और स्तनधारियों में भी आरईएम नींद की अवस्था देखी गई है। लेकिन मकड़ियों का इस विषय में ज्यादा अध्ययन नहीं हुआ है। जर्मनी की कोंस्टांज यूनिवर्सिटी में जीवविज्ञानी रोएसलर कहती हैं कि अभी तक पता ही नहीं है कि मकड़ियां सोती हैं या नहीं। कोंस्टांज और उनके साथियों का यह शोध प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल अकैडमी ऑफ सांइसेज' नामक प्रतिष्ठित पत्रिका में प्रकाशित हुआ है।

रोएसलर ने इस शोध पर काम करना तब शुरू किया जब एक दिन उन्होंने अपने प्रयोगशाला में रात के वक्त एक मकड़ी को जाले से लटका देखा। वह जंपिंग स्पाइडर कही जाने वालीं इन मकड़ियों को एक अन्य अध्ययन के लिए कुछ समय पहले ही

लेकर आई थीं। यह बहुत आम प्रजाति होती है जिसका भूरे बालों से ढका शरीर होता है और दो बड़ी आंखें भी। उस वक्त को याद करते हुए रोएसलर कहती हैं, मैंने जो देखा वह सबसे अनोखी चीज थी। बस तभी उन्होंने और उनके साथियों ने अध्ययन करना शुरू कर दिया। उन्होंने रात को मकड़ियों को रिकॉर्ड करना शुरू किया। अध्ययन में उन्होंने पाया कि मकड़ियों की रात की गतविधियां अन्य प्रजातियों में पाए जाने वाले आरईएम साइकल जैसी ही हैं। रोएसलर बताती हैं कि जैसे कुत्ते और बिल्लियां अपनी नींद में अचानक उछलते हैं, वैसा ही होता है। एक और विशेष बात यह पता चली कि नींद का यह चक्र वैसा ही है जैसा इंसानों में होता है।

क्या हैं चुनौतियां?

हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में जीवविज्ञानी पॉल शैंबल भी इस शोध का हिस्सा रहे हैं। वह बताते हैं कि मकड़ियों जैसी ज्यादातर प्रजातियों की आंखों में गतिशीलता नहीं होती, इसलिए उनकी नींद का अध्ययन करना चुनौतीपूर्ण है। वह कहते हैं, ये जंपिंग स्पाइडर ऐसे शिकारी जीव हैं जो अपनी आंखों की पुतलियों को इधर-उधर हिलाते हैं। शिकार करते वक्त अपनी नजर को बदलने के लिए वे ऐसा करते हैं। साथ ही, युवा मकड़ियों की आंखों पर पारदर्शी परत होती है जिससे उनके शरीर के भीतर देखना आसान है।

रोएसलर और उनका दल यह सब देख पाया, इसके बारे में शैंबल यह भी कहते हैं कि कई बार जीवविज्ञानी के रूप में आपकी किस्मत भी आपका बहुत साथ देती है। फिलहाल शोध शुरूआती दौर में है। इस दल को यह पता करना है कि रात का यह आरईएम साइकल तकनीकी रूप से सोना माना जा सकता है या नहीं। रोएसलर बताती हैं कि अभी जांच करनी है कि इस अवस्था में उनकी प्रतिक्रिया होती ही नहीं है या एकदम धीमी हो जाती है।

फिर भी, इस शोध को लेकर दुनिया के अन्य जीवविज्ञानी उत्साहित हैं। विस्कॉन्सिन-ला क्रॉस यूनिवर्सिटी में कीट-पतंगों पर अध्ययन करने वाले बैरेट क्लाइन कहते हैं कि यह बहुत उत्साहित करने वाली बात है कि मनुष्य से इतनी दूर की प्रजाति में भी आरईएम साइकल के संकेत मिले हैं लेकिन बहुत सारे सवालों के जवाब अभी खोजने बाकी हैं। क्लाइन कहते हैं, आरईएम नींद अभी बहुत हद तक एक ब्लैक बॉक्स है।

मेडिकल डेटा प्लेटफॉर्म विकसित करने के लिए नई साझेदारी

आईआईएससी के वक्तव्य में, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सॉल्यूशंस को स्क्रीनिंग, निदान और निर्णय लेने में समर्थन से लेकर स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच में सुधार, और सभी स्तरों पर स्वास्थ्य सेवा से जुड़े मानव संसाधन की उत्पादकता एवं प्रभावशीलता बढ़ाने में प्रभावी बताया गया है। भारतीय आबादी की विविधता का प्रतिनिधित्व करने वाले उच्च गुणवत्ता युक्त चिकित्सा डेटासेट के निर्माण की दिशा में एक राष्ट्रीय पहल पर सहयोग के लिए भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICMR) और भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc) के बीच करार हुआ है। इस संबंध में, शुक्रवार को दोनों पक्षों की ओर से एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। देशभर के संस्थानों के माध्यम से डेटा एकत्र करने और क्यूरेट करने के लिए आईसीएमआर और आईआईएससी एक प्रौद्योगिकी-सक्षम हब-ऐंड-स्पोक्स सिस्टम विकसित करेंगे। आईआईएससी द्वारा समर्थित गैर-लाभकारी फाउंडेशन-आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ऐंड रोबोटिक्स टेक्नोलॉजी पार्क (ART-PARK) प्रौद्योगिकी विकास और कार्यक्रम प्रबंधन के लिए इस पहल के भागीदार के रूप में काम कर रहा है। आईआईएससी के वक्तव्य में, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सॉल्यूशंस को स्क्रीनिंग, निदान और निर्णय लेने में समर्थन से लेकर स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच में सुधार, और सभी स्तरों पर स्वास्थ्य सेवा से जुड़े मानव संसाधन की उत्पादकता एवं

प्रभावशीलता बढ़ाने में प्रभावी बताया गया है। आईआईएससी का कहना है कि गुणवत्ता-आश्वासन, और विशिष्ट रूप से क्यूरेटेड मेडिकल इमेजिंग डेटासेट, जो भारत के लोगों की विविधता, स्थान और जरूरतों का प्रतिनिधित्व करते हैं, इस लक्ष्य को साकार करने के लिए अनुसंधान और नवाचार प्रयासों को गति देने में प्रभावी भूमिका निभाएंगे। इस तरह के स्वतंत्र, बेंचमार्क डेटा; स्टार्टअप्स और कंपनियों द्वारा विकसित एआई-आधारित टूल का आकलन करने में भी मदद करेंगे, और इस तरह व्यावहारिक रूप से तैनाती में तेजी लाएंगे। हब के रूप में प्रमुख चिकित्सा संस्थानों के सहयोग, और चिकित्सा तथा डेटा विज्ञान क्षेत्र के विशेषज्ञों को एक साथ लाकर, इस पहल को चलाने वाली टीम कई 'स्पोक' संस्थानों से डेटासेट को मानकीकृत करने में मदद करेगी। इस पहल से, डेटा क्यूरेट करने, और उसे नीतियों और कानूनों के अनुसार, शोधकर्ताओं और नवोन्मेषकों के व्यापक समुदाय के लिए उपलब्ध कराने में मदद मिल सकेगी।

आईआईएससी के निदेशक, प्रोफेसर गोविंदन रंगराजन ने कहा है कि हमारा लक्ष्य स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए सर्वोत्तम प्रौद्योगिकी, डेटा विज्ञान और चिकित्सा अनुसंधान को एक साथ लाना है। भारत और दुनिया के लिए अगली पीढ़ी के नवाचारों को बढ़ावा देने में यह डेटासेट महत्वपूर्ण है, और आईसीएमआर के साथ यह साझेदारी हमें अधिक सक्षम बनाएगी।

आज का राशिफल

मेष राशि : संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता-पिता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

वृष राशि : धैर्यशीलता में कमी हो सकती है। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी।

मिथुन राशि : कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। खर्चों में वृद्धि होगी। संचित धन में कमी आ सकती है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

कर्क राशि : मन परेशान हो सकता है। क्रोध से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बढ़ेगा।

सिंह राशि : कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। कुटुम्ब के बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं।

कन्या राशि : परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि के लिए भागदौड़ अधिक रहेगी। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। व्यर्थ के वाद-विवादों से दूर रहने का प्रयास करें।

तुला राशि : आत्मविश्वास में कमी भी हो सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। किसी मित्र से धन की प्राप्ति हो सकती है।

वृश्चिक राशि : मन भी परेशान हो सकता है। नौकरी में अफसरों से व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सेहत का ध्यान रखें।

धनु राशि : लेखनादि- बौद्धिक कार्यों से मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन-सत्ता का सहयोग प्राप्त हो सकता है। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

मकर राशि : परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। रोजाना की भागदौड़ भी अधिक हो सकती है। खर्च भी बढ़ेंगे। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें।

कुंभ राशि : आत्मविश्वास में कमी हो सकती है। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है।

मीन राशि : मन परेशान हो सकता है। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

न्यूज गैलरी

संजय राउत की जमानत पर सुनवाई 10 अक्टूबर तक स्थगित

मुंबई (एजेंसी)। धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) की विशेष अदालत ने मंगलवार को शिवसेना नेता एवं सांसद संजय राउत की जमानत याचिका पर सुनवाई 10 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी। न्यायाधीश एमजी देशपांडे 10 अक्टूबर को संबंधित मामले की सुनवाई करेंगे। श्री राउत ने अपनी जमानत याचिका में तर्क दिया कि उनसे अब पूछताछ की आवश्यकता नहीं है और इसलिए उन्हें जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए। उन्होंने किसी भी तरह की गड़बड़ी से इनकार किया है। श्री राउत को प्रवर्तन निदेशालय ने अगस्त में पीएमएलए के तहत उपनगरीय गोरेगांव में पात्रा 'चॉल' (पुरानी पंक्ति के मकान) के पुनर्विकास से संबंधित वित्तीय अनियमितताओं में उनकी कथित भूमिका के लिए गिरफ्तार किया है। वह अभी आर्थर रोड जेल में हैं।

नेपाल में हिमस्खलन की घटना, 15 पर्वतारोही घायल

काठमांडू (एजेंसी)। नेपाल में मानस्लू पर्वत के आधार शिविर में हिमस्खलन से 15 पर्वतारोही घायल हो गये। नेपाल पर्यटन विभाग ने यह जानकारी दी। विभाग के पर्वतारोहण कक्ष के निदेशक युबराज खाटीवाड़ा ने कहा कि घायलों में ज्यादातर पर्वतारोही गाइड है जो स्थानीय समयानुसार सुबह साढ़े ग्यारह बजे आये हिमस्खलन में बह गये थे। उन्होंने शिन्हुआ से कहा कि घायलों में पांच की हालत गंभीर है। तीन हेलीकाप्टर स्टैंडबाई में है, लेकिन खराब मौसम के कारण घायलों को एयरलिफ्ट नहीं किया जा सका। उन्होंने कहा कि उस समय 40 से अधिक विदेशी पर्वतारोही थे। यह सब आधार शिविर के अंदर होने के कारण हिमस्खलन से अप्रभावित रहे।

मुंबई में बुर्का नहीं पहनने पर पत्नी की हत्या

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई में एक मुस्लिम युवक ने अपनी हिंदू पत्नी की गला रेतकर हत्या कर दी। शुरूआती जांच में पता चला है कि पत्नी ने अपने ससुराल में मुस्लिम रीति-रिवाज मानने और बुर्का पहनने से मना कर दिया था। मुंबई के तिलक नगर इलाके के रहनेवाले इकबाल मोहम्मद शेख ने तीन साल पहले 23 साल की रूपाली नाम की हिन्दू लड़की से लव मैरिज की थी। दोनों का दो साल का बेटा भी है। शादी के बाद रूपाली पर ससुराल में मुस्लिम रीति-रिवाज को मानने और बुर्का पहनने का दबाव बनाया जा रहा था। इसे लेकर इकबाल और रूपाली में झगड़ा होने लगा था। दोनों पिछले कुछ महीने से अलग रह रहे थे। दोनों के बीच फोन पर ही बात होती थी। इस दौरान भी अक्सर झगड़ा ही होता था।

अशोक गहलोत ने बगावत को बताया गलती, माफी भी मांगी

नयी दिल्ली (एजेंसी)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के समर्थक विधायकों और कांग्रेस अलाकामान के बीच तनातनी जारी है। खबर है कि गहलोत ने इस मामले को लेकर पार्टी नेतृत्व से माफी मांग ली है, लेकिन कथित तौर पर गांधी परिवार राजस्थान में बने सियासी तनाव से खासा नाराज है। दरअसल, कहा जा रहा है कि राज्य में तनाव मुख्यमंत्री की कुर्सी को लेकर है। रविवार रात करीब 80 विधायकों ने पायलट के सीएम बनने के खिलाफ एक सुर मिलाये थे। कांग्रेस को 'अपमानित' करने को लेकर गांधी परिवार गहलोत से कथित तौर पर नाराज है। बताया जा रहा है कि राजस्थान सीएम ने केंद्रीय पर्यवेक्षक मल्लिकार्जुन खड़गे से माफी मांग ली है। साथ ही उन्होंने विधायक दल की बैठक के साथ ही विधायकों की अलग मीटिंग बुलाने और उसके बाद हुई बगावत को 'गलती' बताया है। खबर है कि गहलोत का कहना है, 'ऐसा नहीं होना चाहिए था।' साथ ही उन्होंने पूरे सियासी घटनाक्रम से पल्ला झाड़ लिया है। उन्होंने जानकारी दी कि खड़गे का मानना है कि गहलोत के मामले में शामिल नहीं होने के दावे के बावजूद उनकी सहमति के बगैर ऐसी बगावत नहीं हो सकती थी।

■ राजस्थान में बने सियासी तनाव से गांधी परिवार खासा नाराज, खुद को अपमानित महसूस कर रहा

राजस्थान में कैसे फूटा सियासी बम : रविवार को गहलोत समर्थक विधायकों ने इस्तीफे की धमकी दी। साथ ही उन्होंने साफ कर दिया कि पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के सीएम के तौर पर स्वीकार नहीं करेंगे। ये विधायक कांग्रेस नेता खड़गे और अजय माकन की तरफ से बुलायी गयी बैठक से भी गायब रहे और जोशी के आवास पर पहुंच गये।

केंद्रीय नेतृत्व पर सवाल : माकन ने इसे 'अनुशासनहीनता' बताया है और माना जा रहा है कि केंद्रीय नेता 'नाराजगी और अपमानित' महसूस कर रहे हैं। साथ ही इस घटना को गांधी परिवार की पार्टी से छूटती पकड़ के संकेत के तौर पर भी देखा जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, गहलोत कांग्रेस अध्यक्ष के पद की रेस से बाहर नजर आ रहे हैं।

गहलोत के हाथ से अब सीएम की कुर्सी भी जाने का मंडरा रहा खतरा

राजस्थान की राजनीति में जादूगर कहे जानेवाले अशोक गहलोत ने हाल के दिनों तक जब जो दांव चला, सब उनके पक्ष में जाता रहा। लेकिन सचिन पायलट को रोकने के लिए इस बार जो पासा उन्होंने फेंका वह कामयाब नहीं होता दिख रहा है। उलटे गहलोत ही चौतरफा घिर गये हैं। एक तरफ कांग्रेस अध्यक्ष बनाये जाने की संभावनाओं पर विराम लगता दिख रहा है तो दूसरी तरफ अब राजस्थान में भी उनकी मुश्किलें बढ़ने लगी हैं। हाईकमान का मूड भांपते हुए विधायकों ने पलटी मारना शुरू कर दिया है। पिछले 24 घंटे में कई विधायक सामने आ चुके हैं, जिन्होंने खुलकर मीडिया के सामने कहा है कि पार्टी आलाकमान का हर फैसला उन्हें मंजूर है और पायलट को सीएम बनाये जाने से उन्हें कोई दिक्कत नहीं है। कल तक गहलोत कैंप में शामिल विधायक खुशवीर सिंह जोजावर ने मंगलवार को सुबह एक न्यूज एजेंसी से बातचीत में कहा कि वह आलाकमान के साथ हैं और जो भी फैसला किया जायेगा वह उन्हें मंजूर है। उन्होंने कहा है कि वह राजनीति में रहें या ना रहें, लेकिन आलाकमान के फैसले को सहर्ष स्वीकार करेंगे। उन्होंने यह भी माना कि हस्ताक्षर करनेवालों में वह भी शामिल थे। जोजावर ने कहा कि उन्हें सोनिया गांधी जी ने ही टिकट दिया था, इसलिए वह उनके खिलाफ इस जन्म में तो नहीं जा सकते हैं। बताया जा रहा है कि गहलोत कैंप के विधायकों ने आलाकमान का मूड भांप लिया है। जिस तरह पार्टी नेतृत्व के दूत अजय माकन ने धारीवाल के घर हुई बैठक को अनुशासनहीनता बताते हुए ऐक्शन का संकेत दिया उसके बाद विधायकों ने पाला बदलना शुरू कर दिया है। करीब आधे दर्जन विधायक खुलकर सामने आ चुके हैं तो कई इसकी तैयारी में हैं। अगले एक-दो दिन में बड़ी संख्या में विधायक गहलोत कैंप का साथ छोड़कर पार्टी नेतृत्व के फैसले के साथ रहने का ऐलान करनेवाले हैं।

उद्धव ठाकरे को सुप्रीम कोर्ट से झटका, कोर्ट ने कहा -

चुनाव आयोग तय करेगा कौन है असली शिवसेना

नयी दिल्ली (एजेंसी)। शिवसेना विवाद में मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से एकनाथ शिंदे गुट को बड़ी राहत मिली है। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली संवैधानिक बेंच ने पार्टी पर शिंदे गुट के दावे को लेकर चुनाव आयोग की कार्यवाही पर लगी रोक हटा दी है। अब आयोग शिवसेना के चुनाव चिह्न पर फैसला कर सकता है। यह उद्धव ठाकरे के लिए बड़ा झटका है, क्योंकि उद्धव ने इस मामले में विधायकों की योग्यता का फैसला होने तक इलेक्शन कमीशन की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की थी।

उद्धव की याचिका पर सुनवाई करते हुए 23 अगस्त को जस्टिस एनवी रमना की बेंच ने केस संवैधानिक बेंच को ट्रांसफर करते हुए चुनाव आयोग की कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। जस्टिस रमना ने कहा था कि संवैधानिक बेंच यह तय करेगी कि आयोग की कार्यवाही जारी रहेगी या नहीं। इससे पहले चुनाव आयोग ने सिंबल को लेकर शिंदे गुट की याचिका पर सभी पक्षों को नोटिस भेजकर जवाब देने के लिए कहा था।

20 जून से शुरू हुआ था शिवसेना का विवाद : शिवसेना का विवाद 20 जून से शुरू हुआ था, जब शिंदे के नेतृत्व में 20 विधायक सूरत होते हुए गुवाहाटी चले गये थे। इसके बाद शिंदे गुट ने शिवसेना के 55 में से 39 विधायक के साथ होने का दावा किया, जिसके बाद उद्धव ठाकरे ने इस्तीफा दे दिया था। पिछली सुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा था कि हमारे ऊपर अयोग्यता का आरोप गलत लगाया गया है। हम अभी भी शिवसैनिक हैं।

आशा पारेख को फाल्के पुरस्कार, राष्ट्रपति करेंगी सम्मानित

नयी दिल्ली (एजेंसी)। कटी पतंग, मेरा गांव मेरा देश और लव इन टोक्यो जैसी यादगार फिल्मों में भूमिका निभानेवाली हिंदी रजतपटल की अपने समय की महान अभिनेत्री आशा पारेख को वर्ष 2020 के लिए दादा साहब फाल्के पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। राष्ट्रपति मुर्मू सुश्री पारेख को यह पुरस्कार नयी दिल्ली में 68वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार वितरण समारोह में 30 सितम्बर को प्रदान करेंगी। 52वें दादासाहेब फाल्के पुरस्कार के निर्णायक मंडल के इस निर्णय की घोषणा करते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए सम्मानित महसूस हो रहा है कि दादासाहेब फाल्के चयन जूरी ने आशा पारेख जी को भारतीय सिनेमा में उनके अनुकरणीय जीवनभर के योगदान के लिए मान्यता और पुरस्कार देने का निर्णय लिया है। श्री ठाकुर ने यह भी घोषणा की कि 68वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 30 सितम्बर को नयी दिल्ली में आयोजित किये जायेंगे और इसकी अध्यक्षता भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। सुश्री आशा पारेख ने फिल्मों में अभिनय के अलावा निर्देशक और निर्माता की भूमिका में भी भारतीय सिनेमा को समृद्ध किया। उन्होंने सिनेमा और नृत्यकला प्रेमियों के मन पर एक कुशल भारतीय शास्त्रीय नृत्यांगना के रूप में भी अपनी अमिट डाली है।

सीरिया के तट पर जहाज के डूबने की घटना में मृतकों का आंकड़ा 100 हुआ



काहिरा (एजेंसी)। सीरिया में टार्टस प्रांत के तट पर एक प्रवासी जहाज के दुर्घटनाग्रस्त होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 100 हो गयी है। सीरियाई बंदरगाह प्राधिकरण के प्रमुख समीर कब्रासली ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सरकारी समाचार एजेंसी सना ने श्री कब्रासली के हवाले से अपनी रिपोर्ट में बताया कि आपातकालीन सेवाओं को टार्टस तट के पास जहाज के मलबे से 100 शव बरामद हो चुके हैं। श्री कब्रासली ने कहा कि लेबनानी अधिकारियों ने प्रवासियों के साथ लापता हुए जहाज के बारे में दमिश्क को चेतावनी नहीं दी थी और दुर्घटना होने के बाद ही सीरियाई अधिकारियों से संपर्क किया था। यह जहाज पिछले हफ्ते लेबनान से साइप्रस के लिए रवाना हुआ था, जिसमें सीरियाई, लेबनानी और फिलिस्तीनी नागरिकों के साथ-साथ अज्ञात नागरिकता वाले लोग भी शामिल थे। एक जीवित बचाये गये व्यक्ति के अनुसार जहाज में लगभग 150 यात्री सवार थे। लेबनान की सेना ने कहा कि उसने एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है जो इस परिवहन का आयोजक था और उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। राहत अभियान 22 सितम्बर को शुरू हुआ था।

राजस्थान में लंपी वायरस से 25 हिरणों की मौत

बाड़मेर (एजेंसी)। राजस्थान में गौवंश के लिए काल बनकर आया लंपी वायरस अब हिरणों में फैल रहा है। पिछले डेढ़ महीने में इस बीमारी से 35 हिरण संक्रमित हुए, जिसमें से 25 की मौत हो चुकी है। इस खबर के बाद से पशुपालन विभाग में खलबली मच गयी है। आनन-फानन में मौके पर टीम भेजी गई है। सैंपल लिए जा रहे हैं। अमृता देवी वन्य जीव संरक्षण संस्थान के संचालक किशोर भादू कहते हैं- हिरणों के अलावा रेस्क्यू सेंटर में कबूतर, नीलगाय, खरगोश, मोर भी हैं। पिछले डेढ़ महीने से हिरणों में लंपी स्किन के लक्षण दिख रहे हैं। हमारे रेस्क्यू सेंटर में 135 हिरण थे, जिसमें 35 हिरणों में इस बीमारी के लक्षण पाये गये थे। एक माह में 25 हिरणों की मौत हो चुकी है। अब भी 7-8 हिरण अभी भी लंपी से संक्रमित हैं। संस्थान के संचालक किशोर भादू की मानें तो हिरणों में लंपी के लक्षण दिखने के बाद भी सरकारी मदद नहीं मिल रही है। वर्तमान में 110 के आसपास हिरण बचे हैं। रेस्क्यू सेंटर में संस्थान अपने स्तर पर ही संक्रमित हिरणों का इलाज करवा रहा है।

नासा ने रचा इतिहास, एस्टेरॉइड से टकराया डार्ट स्पेसक्राफ्ट

वैज्ञानिकों को उम्मीद ○ धरती की तरफ आ रहे ऐस्टरॉइड की दिशा और गति दोनों बदल जायेगी

वॉशिंगटन (एजेंसी)। नासा ने मंगलवार सुबह-सुबह इतिहास रच दिया। 4 बजकर 45 मिनट के करीब पृथ्वी को ऐस्टरॉइड के खतरे से बचाने के अभ्यास के तहत अपने डार्ट मिशन को अंजाम दिया। ऐस्टरॉइड से टकराकर उसकी दिशा बदलना था जो सफल रहा। नासा की यह बड़ी सफलता है। भविष्य में ऐसे किसी भी खतरे को रोका जा सकेगा। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का अंतरिक्ष में बहुत बड़ा प्रयोग था। नासा पृथ्वी को ऐस्टरॉइड के खतरे से बचाने के अभ्यास के तहत अपने डार्ट मिशन को अंजाम दिया। अंतरिक्ष यान डिमोर्फोस नामक एक छोटे ऐस्टरॉइड से टकराया। यह एक बड़े ऐस्टरॉइड डिडिमोस की परिक्रमा कर रहा था डार्ट के टरकानेवाले ऐस्टरॉइड की लंबाई 169 मीटर के आसपास थी। वैज्ञानिकों को पहले से ही उम्मीद थी कि टक्कर से ऐस्टरॉइड की दिशा और गति दोनों बदल जायेगी। नासा ने धरती के चारों ओर आठ हजार से अधिक नीयर अर्थ ऑब्जेक्ट्स रिकॉर्ड किये हैं। इनमें कई ऐसी चीजें हैं जो धरती से टकरा गयी तो काफी नुकसान हो सकता है।

■ नासा का प्रयोग सफल, मंगलवार सुबह 4.45 बजे डार्ट मिशन रहा सफल



नासा का यह मिशन सफल रहा और भविष्य में ऐसे खतरों से निपटने में मदद मिलेगी। नासा यह परीक्षण करना चाहता था कि यदि धरती की तरफ आ रहे किसी खतरनाक ऐस्टरॉइड की दिशा में परिवर्तन किया जा सकता है। ऐसा करने के लिए नासा की ओर से इस प्रकार का पहला टेस्ट किया गया। हर दिन रेफ्रिजरेटर से लेकर कार तक के छोटे-बड़े कई ऐस्टरॉइड हमारी धरती की कक्षा में प्रवेश करते हैं। इनमें से अधिकतर वायुमंडल के घर्षण के कारण नष्ट हो जाते हैं। हालांकि, अंतरिक्ष में कई ऐसे ऐस्टरॉइड अब भी मौजूद हैं, जिनसे धरती को खतरा हो सकता है।

वीमेंस कॉलेज में पोस्टर निर्माण व निबंध प्रतियोगिता

रांची। रांची वीमेंस कॉलेज की एनएसएस इकाई की ओर से मंगलवार को पोषण जागरुकता कार्यक्रम के तहत पोस्टर निर्माण व निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें 55 छात्राओं ने भाग लिया। पोस्टर निर्माण में जहां छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के लाभदायक फलों व सब्जियों के सहयोग से एक अच्छा पोषण दिखाने का प्रयास किया। वहीं, निबंध लेखन में महिलाओं के लिए आवश्यक खाद्य पदार्थों को समझाते हुए उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने की सलाह दी। प्राचार्या डॉ शमशुन नेहार ने प्रतिभागियों के प्रयास की सराहना की।

युवक का शव बरामद , पुलिस जांच में जुटी

रांची। मंगलवार की सुबह रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र स्थित मौसीबाड़ी के पास पेड़ से लटका युवक का शव बरामद किया गया । स्थानीय लोगों ने सुबह देखा कि पेड़ पर किसी युवक का शव लटका हुआ है. जिसके बाद लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गयी.पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को पेड़ से उतारा और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया । पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों एंगल से मामले की जांच पड़ताल में जुटी है. पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही वजह का पता चल सकेगा।

ऑटो चालकों के खिलाफ अभियान छठ तक रोके प्रशासन

रांची। राजधानी में पर्व-त्योहारों के दौरान सड़क जाम लगने से बचाने और गैर परमिट ऑटो की धड़पकड़ अभियान का ऑटो महासंघ ने विरोध किया है। इसने यातायात प्रशासन से दिवाली-छठ तक इस अभियान को रोकने की मांग की है। झारखंड प्रदेश डीजल ऑटो चालक महासंघ रांची झारखंड के अध्यक्ष दिनेश सोनी ने कहा कि ठीक पर्व के दिनों में गरीब ऑटो चालकों की रोजी-रोटी छीनी जा रही है। ऐसे समय पर ऑटो से जुमार्ना लेना उचित नहीं है। कुछ ऑटो चालकों को 10 हजार रुपए जुमार्ने की रसीद भी थमाई गई हैं।

रक्तवीर सम्मान समारोह का आयोजन

रांची। लहू बोलेगा संस्था द्वारा मंगलवार को रांची प्रेस क्लब में रक्तवीर सम्मान समारोह-2022 का आयोजन किया गया,जिसमें 81 मानवीय सेवा में समर्पित व्यक्तित्व एवं संगठनों को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता,विधायक विनोद सिंह,रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजय मिश्रा, अंजुमन इस्लामिया रांची के अध्यक्ष मोख्तार अहमद, डॉ सयैद इकबाल हुसैन(पूर्व सीएमओ,अंजुमन इस्लामिया हॉस्पिटल,रांची)पीर साहब सयैद गुलफाम अशरफी, अध्यक्षता डॉ जेड होदा (मशहूर सर्जन, झारखंड हॉस्पिटल, रांची),नदीम खान(संस्थापक/ संयोजक लहू बोलेगा संस्था),रांची आनंद डेविड खलखो, झारखंड आंदोलनकारी प्रभाकर तिर्की,रतन तिर्की द्वारा सम्मानित किया गया।

पृष्ठ एक के शेष

प्रधानमंत्री एक अक्टूबर को करेंगे देश में...

के शीर्ष संगठन सीओएआई मिलकर करता है। इस वर्ष आईएमसी का छठवां संस्करण है। उल्लेखनीय है कि गत अगस्त में सम्पन्न हुई 5जी स्पेक्ट्रम नीलामी में कंपनियों ने 1.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक के स्पेक्ट्रम खरीदे थे। कंपनियों ने 150173 करोड़ रुपये में 51236 मेगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम खरीदे थे। इसमें चार कंपनियों ने विशेषकर भाग लिया और इन चारों ने कुल मिलाकर 150173 करोड़ रुपये के 51236 मेगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम खरीदे हैं। ये कंपनियां कर वर्ष 13365 करोड़ रुपये का भुगतान करेगी। स्पेक्ट्रम खरीदने वालों में अदाणी डेटा नेटवर्क, भारती एयरटेल, रिलायंस जियो और वोडाफोन आइडिया सेलुलर शामिल है। रिलायंस जियो ने सबसे अधिक 88078 करोड़ रुपये में 24740 मेगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम लिया है। भारती एयरटेल ने 48088 करोड़ में लिये 19867 मेगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम, वोडाफोन आइडिया सेलुलर ने 18799 करोड़ रुपये में 6228 मेगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम और अदाणी डेटा नेटवर्क ने 212 करोड़ रुपये में 400 मेगाहट्र्ज स्पेक्ट्रम लिया है।

अधिकारियों की संलिप्तता बता...

खनन के मामले में ईडी हेमंत सोरेन व रघुवर दास दोनों को ही समन करे, पूछताछ करे। अवैध वसूली में प्रेम प्रकाश दोनों का एजेंट है। सरयू राय ने कहा कि कोर्ट में ईडी के आरोप पत्र के अनुसार 2015-19 के बीच 237 रेक और 2020-22 के बीच 117 रेक खनिज की बिना चालान ढुलाई हुई है। दोनों मुख्यमंत्री खान मंत्री भी रहे हैं। राय ने कहा कि प्रेम प्रकाश, प्रेम के पार्टनर पुनीत भार्गव की नयी ईनोवा का उपयोग साहब और परिवार द्वारा 2020 से अवैध संबंध का सबूत है, क्या कोई स्पष्टीकरण है।

अक्टूबर से बदल जायेंगे कई...

ई-चालान काटना अनिवार्य : एक अक्टूबर से वस्तु और सेवा कर या जीएसटी के तहत 10 करोड़ रुपये और उससे अधिक के कुल कारोबार वाले व्यापारियों के लिए ई-चालान काटना अनिवार्य होगा। सरकार ने राजस्व घाटे से निपटने और व्यापार जगत से अधिक टैक्स कलेक्शन के मकसद से इसकी सीमा को 20 करोड़ रुपये से घटाकर 10 करोड़ रुपये कर दिया है। इस संबंध में जारी घोषणा में कहा गया है कि नियमों को जीएसटी परिषद की सिफारिशों के आधार पर अधिसूचित किया गया है।

रसोई गैस हो सकती है महंगी : हर महीने की शुरुआत में केंद्र सरकार की ओर से रसोई गैस की कीमतों की समीक्षा की जाती है। माना जा रहा है कि 30 सितम्बर को होनेवाली समीक्षा बैठक के बाद सरकार एलपीजी, पीएनजी और सीएनजी जैसे गैस की कीमतों में बढ़ोत्तरी करने का फैसला ले सकती है। यह हुआ तो घरेलू और कॉमर्शियल रसोई गैस सिलेंडरों की कीमतों में एक अक्टूबर से वृद्धि हो सकती है।

झारखंड के चार जिलों में आयोजित रोजगार...

क्षेत्र सभी में वे आगे हैं। हम सभी को राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करनी चाहिए। समारोह को रांची विधायक सीपी सिंह, हटिया विधायक नवीन जायसवाल, तोरपा विधायक कोचे मुंडा ने भी संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन दक्षिण पूर्व रेलवे रांची मंडल के मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति) सतीश कुमार ने दिया। इस मौके पर रांची नगर निगम के उप महापौर संजीव विजयवर्गिय, पूर्व विधायक विमला प्रधान, बड़कुंवर गगराई जनजातीय कार्य मंत्रालय एवं रेल मंत्रालय के अधिकारीगण एवं हुसुर रवाना होनेवाली युवतियों के अभिभावक भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

महीनों से पोस्टिंग के इंतजार में तीन...

प्रभार दिया गया, लेकिन मूल पोस्टिंग नहीं होने के कारण उनका वेतन निकासी नहीं हो पा रहा। एसीबी, सीआईडी, **जैप समेत कई जगहों पर पद खाली :** राज्य में एसपी व डीआईजी रैंक के अधिकारियों के कई पद रिक्त हैं। मसलन सीआईडी में एसपी के तीन पद रिक्त हैं, वहीं स्पेशल ब्रांच में सीएम सुरक्षा, एसआईबी एसपी का काम प्रभार पर चलाया जा रहा। वहीं, एसीबी में भी प्रक्षेत्रीय एसपी का पद प्रभार में चलाया जा रहा। जैप व आईआरबी के कमांडेंट का प्रभार भी कई जिलों से उन जिलों के एसपी ही संभाल रहे हैं।

भारत के इतिहास में पहली बार...

कर रहा है। सूत्रों ने बताया कि लाइव स्ट्रीमिंग का नया सिस्टम रविवार और सोमवार को परखा गया और सब ठीकठाक रहने पर मंगलवार को तय फैसले के मुताबिक आगाज कर दिया गया। इससे पहले तत्कालीन सीजेआई जस्टिस एनवी रमण के रिटायरमेंट के दिन 26 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट प्रॉसिडिंग्स को लाइव स्ट्रीम किया गया था।

चार साल पहले वो ऐतिहासिक फैसला और फिर बना इतिहास : ध्यान रहे कि 27 सितम्बर 2018 को ही तत्कालीन चीफ जस्टिस दीपक मिश्रा ने महत्वपूर्ण मुद्दों पर अदालतों में चलने वाली सुनवाई के लाइव टेलीकास्ट या वेबकास्ट का ऐतिहासिक फैसला दिया था। तब उन्होंने अपने आदेश में कहा था, 'धूप सर्वोत्तम कीटाणुनाशक है।' उनके कहने का मतलब था कि पारदर्शिता से घपले की गुंजाइश खत्म होती है। चार साल बाद इसी ऐतिहासिक फैसले के दिन संवैधानिक महत्व के मुद्दों पर सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई की लाइव स्ट्रीमिंग शुरू हो गयी।

मुंबई में फिक्की के फ्रेम्स 2022 में शामिल हुए सांसद संजय सेठ, राष्ट्र निर्माण में मीडिया की भूमिका पर रखे अपने विचार

भारतीय संस्कृति व परिवार को लेकर सकारात्मक चीजों की जरूरत

नवीन मेल संवाददाता

रांची। फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के तत्वाधान में मुंबई में आयोजित फ्रेम्स 2022 में रांची के लोकसभा क्षेत्र के सांसद संजय सेठ बतौर उद्घाटनकर्ता व वक्ता शामिल हुए। राष्ट्र निर्माण में मीडिया और इंटरटेनमेंट क्षेत्र की भूमिका पर उन्होंने अपना विचार रखा। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भारत के जाने-माने अभिनेता रणवीर सिंह व फिल्म प्रोड्यूसर रमेश सिप्पी भी शामिल हुए। भारत सरकार के आईटी सचिव अपूर्व चंद्रा, अरुण चावला व अन्य अतिथियों के साथ सांसद ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस सत्र की अध्यक्षता व्हाट्सएप इंडिया के प्रमुख शिवनाथ ने की, वहीं इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महाराष्ट्र से राज्यसभा की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी और कर्नाटक से

सांसद सुमन लता मौजूद रहे। सांसद श्री संजय सेठ ने इस अवसर पर मीडिया और इंटरटेनमेंट के क्षेत्र में आई विसंगतियों की तरफ भी ध्यान आकृष्ट कराया। भारत सरकार के द्वारा कई यूट्यूब चैनल पर बैन लगाने के कदम का स्वागत किया। सांसद ने कहा कि हर उस चीज पर रोक लगनी चाहिए, जो समाज और राष्ट्र के पक्ष में नहीं हो। जिससे समाज और राष्ट्र पर नकारात्मक असर नहीं पड़े। ऐसी चीजों को रोकने का काम समाज को करना चाहिए। सांसद ने कहा कि इस देश में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर, फिल्म जगत के क्षेत्र में ऐसी चीजें बननी चाहिए, जिससे भारतीय संस्कृति का संवर्धन हो। परिवारों का जुड़ाव हो। गुल्लक और पंचायत जैसे वेब सीरीज ने हमारी संस्कृति को समझने का बेहतर अवसर दिया है। इस क्षेत्र से जुड़े निमार्ताओं को ऐसी चीजें बनानी चाहिए, जिसमें लोग परिवार के महत्व को समझ सके। ऐसी चीजें हर प्लेटफार्म पर आनी चाहिए और उनका स्वागत किया जाना चाहिए। किसी भी कीमत पर मनोरंजन के नाम पर भारतीय संस्कृति पर हमला और खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सांसद ने स्पष्ट कहा की अभिव्यक्ति की आजादी और मनोरंजन के नाम पर भारतीय सांस्कृतिक धरोहरों का अपमान, हिंदू देवी देवताओं का अपमान, भारतीय परिवार को खंडित करके दिखाना, यह सारी चीजें समाज में बिल्कुल स्वीकार्य नहीं हो सकती है।

वार्ड 10 में कई योजनाओं का किया गया शिलान्यास

रांची। वार्ड नंबर 10 के अंतर्गत 2 नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास मंगलवार को वार्ड पार्षद अर्जुन यादव ने किया। जिसमें कोकर भट्टी रोड में संजय पासवान के घर से लेकर रंजीत साहू के घर तक का आरसीसी नाली निर्माण 5 लाख 60 हजार की लागत से कराया जायेगा। साथ ही कोकर बजरंग नगर जामुन टोली में भी आरसीसी नाली और रिपेयरिंग निर्माण कार्य का कराया जायेगा। 4 लाख 75 हजार से नाली निर्माण के कार्य किये जायेंगे। अर्जुन यादव ने कहा कि नवरात्र के समय इस पावन पर्व को देखते हुए आप लोग के मोहल्ले में नाली निर्माण का कार्य पूर्ण होने जा रहा है। इससे अबइस मुहल्ले की गिनती स्मार्ट मोहल्ले में होगी। मुहल्ले की सुंदरता बढ़ जायेगी। उन्होंने कहा कि अब आप लोगों को बरसात के दिनों में परेशानी नहीं होगी। इस मोहल्ले में गंदगी इधर-उधर नहीं फेंकें। रांची नगर निगम की कचरा गाड़ी आती है तो कचरा दें। कचरा नहीं उठता है तो रांची नगर निगम के टोल फ्री नंबर में, सुपरवाइजर या वार्ड पार्षद को फोन के माध्यम से सूचना दें। मौके पर सुनील कुमार, मीना देवी, शशि दास, अजय कुमार, मनोज कुमार उर्फ मुन्ना, ओमप्रकाश तिवारी, विकास कुमार, मंटू तिवारी हरिलाल आदि मौजूद थे।

राष्ट्रीय खेल के लिए हॉकी झारखंड की टीम राजकोट,गुजरात रवाना

नवीन मेल संवाददाता

रांची। गुजरात में आयोजित होने वाले 36 वें राष्ट्रीय खेल में झारखंड से कुल 17 टीमों के 265 एथलीट एवं ऑफिशियल भाग ले रहे हैं। जिसमें हॉकी झारखंड के भी महिला और पुरुष हॉकी टीम के 36 खिलाड़ी एवं 6 ऑफिशियल शामिल हैं । मंगलवार की सुबह झारखंड की 42 सदस्यीय महिला एवं पुरुष हॉकी टीम राष्ट्रीय खेल में भाग लेने के लिए रांची रेलवे स्टेशन से राजकोट ,गुजरात के लिए रवाना हुई। महिला टीम - सोनल मिंज,निक्की प्रधान,सलीमा टेटे,संगीता कुमारी,ब्यूटी डुंगडुंग,दीपिका सोरेंग,महिमा टेटे,काजल बड़ा, सिमता मिंज,सुभासी हेमरोम,प्रमिला सोरेंग,रोपनी कुमारी, दिप्ती कुल्लू,अलबेला रानी टोप्पो,अंजली बिंझिया,रजनी केरकेट्टा, बालो होरो,,बिनिमा धान। कोच बिगन सोय,तारिणी कुमारी मैनेजर मनोज कोनबेगी। पुरुष टीम - अमन दीपक तिग्गा,विजय खेस,अल्बर्ट डुंगडुंग, सुसारण पूर्ति,नोएल टोपनो, जेन सोरेंग,अनुरोध भेंगरा,रोहित बेसरा, लव लाइट कुजूर, असीम तिर्की,बिरसा ओड़िया,डेनिस केरकेट्टा,नवीन केरकेट्टा,दीपक सोरेंग, सेम मुंडा,सुखनाथ गुड़िया, सिमोन बोदरा,अभिषेक कुमार साहू, कोच - एलेक्सियूस लकड़ा,फिजियो - लव कुमार ,मैनेजर - मनोज प्रधान। इससे पूर्व 27 सितम्बर की शाम को हॉकी झारखंड के कार्यालय में हॉकी झारखंड के एक्सक्यूटिव डायरेक्टर शशिकांत प्रसाद, सीईओ रजनीस कुमार, महासचिव विजय शंकर सिंह, उपाध्यक्ष मनोज कोनबेगी, संयुक्त सविव बिगन सोय, तारिणी कुमारी, जिला खेलकूद विभाग रांची के मुकेश कुमार,सहित खेल विभाग, जेओए और हॉकी झारखंड के पदाधिकारियों ने सभी खिलाड़ियों को खेल किट देते हुए जीत की शुभकामनाएं दी।

कार्यलय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा

वीर बुद्धू भवन, समाहरणालय परिसर, लोहरदगा

E-mail Id- lohardagadaho@gmail.com

आम सूचना

अफ्रीकन सूकर ज्वर (African Swine Fever)

राज्य के कई स्थानों में अफ्रीकन स्वाइन फीवर संक्रमण की सूचना है। इसके मद्देनजर आमजन एवं पशुपालकों को सचेत एवं जागरूक किया जाता है कि अफ्रीकन स्वाइन फीवर (ASF) सूकरों को संक्रमित करने वाला एक विषाणु जनित एवं छूआ छूत का रोग है, जिसमें बीमार सूकर के संपर्क से स्वस्थ सूकर में रोग फैलता है साथ ही बीमार सूकर के मलमूत्र एवं दूषित दाना पानी से भी यह रोग फैल सकता है। इस रोग से सूकरों में असामन्य या अत्यधिक संख्या में आकस्मिक मृत्यु होती है।

रोग के प्रमुख लक्षण :-

- तीव्र ज्वर।
- भूख न लगना या खाना छोड़ देना ।
- उलटी एवं दस्त (कभी कभी खूनी दस्त)।
- कान, छाती, पेट एवं पैरों में लाल चकत्तेदार धब्बा।
- लड़खड़ाते हुए चलना।

सभी पशुपालकों से आग्रह है कि यदि किसी भी सूकर में उपरोक्त लक्षण पाए जाते है तो इसकी सूचना अपने निकटतम पशुचिकित्सा पदाधिकारी को देंगे ताकि समय पर पशुचिकित्सा एवं रोकथाम कि करवाई की जा सके।

राज्य स्तरीय टॉल फ्री नंबर 18003097711 जारी किया गया है जिसमें 11:00 AM से 5:00 PM तक पशुचिकित्सकों से सलाह ली जा सकती है।

-: निवेदक :-

PR 278659 Lohardaga (22-23)_D

जिला पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा

कार्यालय- सहायक निबंधक सहयोग समितियाँ लोहरदगा अंचल, लोहरदगा

पत्रांक– 213/स0स0, लोहरदगा, दिनांक– 14.09.2022

सूचना

मैं, मनिषा तिर्की, सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ, लोहरदगा अंचल, लोहरदगा–सह–संचालन पदाधिकारी प्राथमिक सहयोग समितियां, लोहरदगा झारखण्ड सहकारी सोसायटी नियमावली, 1959 के नियम– 21 (घ) 1 में प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए भण्डरा लैम्पस लि0, प्रखण्ड– भण्डरा, जिला– लोहरदगा की नयी प्रबंधकारिणी समिति के गठन हेतु निर्वाचन/विशेष आम सभा के लिए निर्वाचन पदाधिकारी श्री अमूल कुमार तिर्की, प्रखण्ड/सहकारिता प्रसार पदाधिकारी एवं अनुकाल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी श्री निरंजन कुमार, प्रखण्ड/सहकारिता प्रसार पदाधिकारी, को नियुक्त करती हूँ।

उपरोक्त नियमावली के नियम– 21 (ख) 3 में प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए नियम– 21 (ग) तथा 21 (ड) के अधीन उक्त समिति में निर्वाचन तिथि सहित निर्वाचन कार्यक्रम निम्न प्रकार से निर्धारित किया जाता है :–

क्र.	निर्वाचन कार्यक्रम	तिथि	समय	स्थान
1	नामांकन पत्र दाखिल करना	20-10-2022	10.30 AM से 2.00 PM	समिति मुख्यालय
2	नामांकन पत्रों की जाँच	20-10-2022	2.10 PM से 3.00 PM	समिति मुख्यालय
3	नामांकन की सूची का प्रकाशन	20-10-2022	4.00 PM के उपरांत	समिति मुख्यालय
4	नमांकन पर आपत्तियाँ प्राप्त करना	21-10-2022	10.30 AM से 12.30 PM	समिति मुख्यालय
5	आपत्तियों का निष्पादन	21-10-2022	1.00 PM से 2.30 PM	समिति मुख्यालय
6	विधिमान्य नामांकन की सूची का प्रदर्शन	21-10-2022	3.30 PM के उपरांत	समिति मुख्यालय
7	नामांकन पत्रों की वापसी	22-10-2022	10.20 AM से 1.00 PM	समिति मुख्यालय
8	नामांकन वापसी के पश्चात्, नामांकन की सूची का प्रदर्शन	22-10-2022	2.00 PM के उपरान्त	समिति मुख्यालय
9	चिन्हों का आवंटन	22-10-2022	2.30 PM से 3.30 PM	समिति मुख्यालय
10	मतदान कार्य निर्वाचन/विशेष आम सभा	05-11-2022	10.30 AM से 2.00 PM मतगणना के पश्चात विशेष आमसभा	समिति मुख्यालय

निर्वाचन पदा०/अनु० निर्वाचन पदा० उपर्युक्त नियमावली के नियम– 21 के अन्तर्गत किये जाने वाले कार्यों यथा– मतदाता सूची का प्रकाशन, उस पर आपत्तिया प्राप्त करना, उसका निष्पादन तथा अन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन आदि कार्यों का निष्पादन अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के पूर्व इस प्रकार से निश्पादित करेंगे ताकि नामांकन के लिए समिति के वैद्य सदस्यों की सूचना निर्गत की जा सके। निर्वाचन/विशेष आमसभा वर्तमान कोविड–19 वैश्विक महामारी को देखते हुए प्रत्येक कार्यक्रम में सदस्यों को मास्क एवं सेनेटाईजर का प्रयोग करना सुनिश्चित करेंगे।

सहायक निबंधक, सहयोग समितियां
–सह–संचालन पदाधिकारी
लोहरदगा अंचल, लोहरदगा

PR 278682 Lohardaga (22-23)_D

Office of the Executive Engineer
Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA

e-Procurement Tender Notice (SBD)

Tender Reference No. DWSD/CLTR/SVS/CTR/28/2022-23 (5th Call)

Date : 27.09.2022

Sl. No.	Particular	Details					
1	Name of Work	Detailed survey, designing and drawing, Construction of 4412 Nos. FHTC in Different Block of Chatra District comprising of suitable R.C.C/Frame Structure ESR, Distribution Lines, Source (as required) & 05 Years Operation and Maintenance all complete job "On Turnkey Basis" under D.W. & S. Division, Chatra for the Year 202 2-23 under (JJM)					
	Group No.	No. of Panchayat	No. of FHTC	Estimated Cost (In Lac)	E.M Required (In Lac)	Cost of BOQ (In Rs.)	Time of Completion
	SMR/SVS/CLTR/02(B-1)	1	2210	704.17	7.04	10,000/-	09 Months
	KND/SVS/CLTR/04(C)	2	2202	697.38	6.97	10,000/-	09 Months
2	Date of Tender Uploading in Website	29.09.2022 at 5:00 PM					
3	Last date receipt of Bid	06.10.2022 upto 5:00 PM					
4	Last Date Submission Cost of BOQ and EMD (Hard Copy)	07.10.2022 upto 3:00 PM In the Office of - 1. Executive Engineer, D.W.&S. Division, Chatra and 2. Superintending Engineer, D.W&S. Circle, Hazaribagh. 3. Regional Chief Engineer, D.W&S. Department Ranchi Zone, Ranchi.					
5	Date of Opening Tender	07.10.2022 at 05:00 PM					
6	Name & Address of Opening Officer	Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA (Jharkhand)					
7	Name & Address of Tender Inviting Authority	Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA (Jharkhand)					
8	Contact No. of Procurement Office	+91-7544099310, +91-9931972161 or 06541-253273					
9	Helpline No. of e-Procurement Cell	0651-2480345					

- Further details can be seen on & official website http://jharkhandtenders.gov.in.
- Estimated cost may increase or decrease.
- Undersign reserves the right to amend or withdraw any of the terms & conditions contained in the tender document or to accept or reject any or all the tenders without assigning any notice or reason thereof. The decision of the undersigned in this regard shall be find & binding on all.

Executive Engineer
D.W.&S. Division, CHATRA

PR.NO.278644 Drinking Water and Sanitation(22-23):D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।

संविदा पर नियुक्ति संबंधित सूचना

(विज्ञापन संख्या – 03/2022–23) दिनांक 24.09.2022

जिला जल एवं स्वच्छता समिति, गढ़वा अंतर्गत पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा केन्द्र सम्पोशित स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा०) हेतु जारी दिशा–निर्देश के आलोक में निरूपित योजना के कार्यान्वयन के लिए जिला स्तर पर सृजित पदों के विरूद्ध संविदा के आधार पर झारखंड सरकार पेयजल एवं स्वच्छता विभाग रॉची के आदेश संख्या 12/SWSM दिनांक 01.04.2021 नियुक्ति हेतु आवेदन की विवरणी निम्नवत है :–

1.स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0), गढ़वा अंतर्गत जिला स्तरीय– Block Wash Coordinator

क्र0. सं0	पद	पदों की कुल संख्या	अनिवार्य योग्यता	कार्य अनुभव	मसिक मानदेय
1	Block Wash Coordinator	02 (01अनारक्षित एवं 01 अ0ज0)	किसी भी प्रतिष्ठित और मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से 55 प्रतिशत अंक के साथ किसी Stream में स्नातक।	3 years of experience in the development sector/water, sanitation & Hygiene additionally experience in handling android based mobile application or digital tab will be an advantage. एवं Computer Knowledge experience - Knowledge of MS office (Word, Excel, Power Point) का होना आवश्यक है। संबंधित क्षेत्र में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड अंतर्गत वर्तमान में कार्यरत कर्मियों को प्रति वर्ष के दर से अधिकतम 05 वर्षो के लिए प्रति वर्ष 02 अंक के अनुसार अधिकतम 10 अंक अतिरिक्त कार्यानुभव के रूप में दी जाएगी।	12000/– (बारह हजार रूपये प्रतिमाह)

अन्य शर्ते:–

1. स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा०) के अंतर्गत जिला स्तर पर कार्य करने वाली संस्थागत संरचना DWSC के कार्य हेतु आदेश संख्या - 12/SWSM दिनांक 01.04.2021 के आधार पर होंगे।
2. आयु सीमा–आवेदकों के लिए दिनांक 01.09.2022 तक न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं अधिकतम आयु सीमा कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राज्य विभाग द्वारा निर्धारित आयु सीमा के अनुसार होगी परन्तु वर्तमान में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड अन्तर्गत कार्यरत्त कर्मियों के लिए अधिकतम उम्र 55 वर्ष होगी ।
3. राष्ट्रीयता–आवेदक भारत का नागरिक हो।
4. स्थानीय नीति का अनुपालन कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाशा विभाग के द्वारा इस संबंध में निर्गत प्रपत्र के अनुसार अनुपालन किया जाएगा।
5. सभी पदों पर चयन पूर्णतः संविदा के आधार पर प्रारंभिक चरण में अनुबंध एक वर्ष के लिए किया जाएगा। कार्य संतोशप्रद पाये जाने पर अगले वर्ष हेतु अनुबंध का नवीनीकरण किया जा सकेगा। चयनित व्यक्ति को नियमित रूप से नियुक्त करने का सरकार पर कोई दायित्व नही होगा।
6. आवेदन प्राप्ति की तिथि–दिनांक 07.10.2022 तक इच्छुक उम्मीदवार सभी वांछित शैक्षणिक प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र एवं आवासीय प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति के साथ विहित प्रपत्र में भरकर email id :- recruitment garhwa2022@gmail.com पर केवल Online द्वारा PDF File में ही स्वीकार किया जायगा।
7. प्रारंभिक मेधा सूची एवं आपति का आमंत्रण दिनांक 13.10.2022 को प्रारंभिक मेधा सूची का प्रकाशन garhwa.nic.in पर कर दिया जायेगा एवं तैयार प्रारभिक मेधा सूची के आधार पर अभ्यार्थियों द्वारा दिनांक 17.10.2022 तक आपति आमंत्रित किये जायेंगे।
8. लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार–सभी श्रेणी के पदों की रिक्तियों की प्रारंभिक मेधा सूची से अभ्यथियों को नियुक्ति पदाधिकारी के द्वारा लिखित परीक्षा एवं दक्षता मुल्यांकन हेतु आमंत्रित किया जाएगा, जिसकी सूचना garhwa.nic.in पर अपलोड कर दी जायेगी।
9. प्रत्येक पद के अंतर्गत मार्किग हेतु अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता का Weightage मापांक 40 प्रतिशत, लिखित परीक्षा का Weightage मापांक 20 प्रतिशत, संबंधित क्षेत्र मे कार्य अनुभव का Weightage मापांक 15 प्रतिशत, DWSC में वर्तमान कार्य अनुभव का Weightage मापांक 10 प्रतिशत एवं दक्षता मुल्यांकन का Weightage मापांक 15 प्रतिशत।
10. आवेदन पत्र का प्रारूप की विस्तृत विवरणी garhwa.nic.in पर देखा जा सकता है।
11. लिखित परीक्षा एवं दक्षता मुल्यांकन में भाग लेने हेतु कोई यात्रा भता/दैनिक भता देय नहीं होगा।
12. वांछित सभी प्रमाण पत्रों की जॉच की जायेगी, गलत पाये जाने पर नियमसंगत कानूनी कार्रवाई की जायेगी।
13. चयन समिति को किसी भी उम्मीदवार की पात्रता को स्वीकार एवं निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा

PR 278655 Drinking Water and Sanitation(22-23)#D

न्यूज गैलरी

विश्व चैम्पियन मेगनस कार्लसन ने जीता जनरेशन कप शतरंज

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारत के अर्जुन एरिगासी को जूलियस बेर जनरेशन कप शतरंज टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में दूसरे दिन भी विश्व चैम्पियन नॉर्वे के मेगनस कार्लसन के हाथों हार का सामना करना पड़ा और इसके साथ ही कार्लसन विजेता बन गये हैं। जोरदार लय में नजर आये कार्लसन नें बेस्ट ऑफ 2 फाइनल के पहले दिन अर्जुन को 2.5-0.5 से मात देते हुए 1-0 की बढ़त हासिल कर ली थी और दूसरे दिन जीत के लिए जरूरी दो अंक कार्लसन नें पहले दो मुकाबलों मे ही हासिल करते हुए खिताब जीत लिये। दूसरे दिन सफेद मोहरो से खेल रहे अर्जुन ने पहले मुकाबले में पिर्क ओपनिंग में वापसी की कोशिश की पर कार्लसन ने शानदार एंडगेम में उन्हे 43 चालों में पराजित कर दिया दूसरे मुकाबले में अर्जुन के पास जीतने के अलावा कोई विकल्प नहीं था पर कार्लसन नें सफेद मोहरो से मोर्डन बेनोनी के खिलाफ कोई मौका ना देते हुए 52 चालों में बाजी अपने नाम कर ली और खिताब भी जीत लिया।

सोशल मीडिया पर छाया मनिंदर..मनिंदर..का शोर

कोलकाता (एजेंसी)। प्रो कबड्डी लीग के सीजन सात की विजेता बंगाल वरियर्स ने सीजन 9 के ऑक्शन के साथ ही मजबूत टीम को तैयार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। वहीं, बंगाल वॉरियर्स को अपनी कप्तानी में चैम्पियन का खिताब दिलाने वाले मनिंदर सिंह ने भी टीम का साथ नहीं छोड़ा है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि मनिंदर पिछले सीजन में अकेले ही सब पर भारी थे। इस सीजन में भी फैंस उनसे काफी उम्मीद लिए बैठे हैं। देश के अपने सोशल मीडिया कू ऐप पर स्टार स्पोर्ट्स इंडिया ने डिफेंडर्स के लिए मनिंदर सिंह को कड़ी चुनौती करार देते हुए लिखा, इस शेर के पंजे से बचना डिफेंडर्स के लिए मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है! क्या मनिंदर सिंह की कप्तानी बंगाल वरियर्स को एक और प्रो कबड्डी खिताब की ओर ले जाएगी? मनिंदर सिंह की कप्तानी की बदौलत ही सातवें सीजन में बंगाल वॉरियर्स ने खिताब जीता था। आठवें सीजन में भी मनिंदर ने धुआंधार प्रदर्शन किया था। 262 प्वाइंट्स लेकर मनिंदर इस सीजन के तीसरे बेस्ट रेडर रहे थे। सुपर मन्नी का प्रदर्शन हर सीजन में बेहतर होता जा रहा है। बंगाल वरियर्स के सबसे भरोसेमंद रेडर्स में शुमार मनिंदर सिंह ने सीजन 8 में कुल 22 मैच खेले, जिसमें उनका रेड स्ट्राइक रेट 65 का रहा। उन्होंने कुल 262 रेड प्वाइंट्स और 2 टैकल पॉइंट्स अपने नाम किए। इसमें 16 सुपर 10 और 11 सुपर रेड शामिल हैं।

बंगाल वरियर्स : – कप्तान मनिंदर सिंह, आकाश पिकलमुंडे, मनोज गौड़ा, प्रशांत कुमार, आर गुहान, सुयोग बबन, वैभव गर्जे, विनोद कुमार, सुरेंद्र नाडा, सोलेमन पहलवानी, शुभम शिंदे, श्रीकांत जाधव, सकथीवेल आर, रोहित, परवीन सतपाल, गिरीश मारूती एर्नाक, दीपक निवास हूडा, बालाजी डी, असलम थंबी, आशीष सांगवान, अमित शेरॉन और अजिंक्य कापरे।

कोलकाता पहुंचने पर झूलन गोस्वामी का भव्य स्वागत

कोलकाता (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम की पूर्व तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी का इंग्लैंड से आगमन के दौरान जोरदार स्वागत किया गया। कोलकाता हवाई अड्डे से बाहर निकलने के दौरान वरिष्ठ महिला तेज गेंदबाज का युवा क्रिकेटरों द्वारा फूलों से स्वागत किया गया। झूलन ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स लंदन में खेला था। दाएं हाथ की तेज गेंदबाज ने अपने अंतिम मैच में एक शानदार स्पेल फेंका, क्योंकि उन्होंने अपनी टीम के लिए दो महत्वपूर्ण विकेट झटके और अपने दस ओवर के कोटे में सिर्फ 30 रन दिये। 19 साल की उम्र में अपनी शुरूआत करते हुए झूलन ने 20 से अधिक वर्षों तक भारत का प्रतिनिधित्व किया। 39 वर्षीय ने 2002 में चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ पदार्पण किया और लॉर्ड्स लंदन में इंग्लैंड के खिलाफ ही अपना आखिरी मैच भी खेला। अपने आखिरी मैच के बाद दाएं हाथ की तेज गेंदबाज ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को उनके निरंतर समर्थन और प्रेरणा के लिए धन्यवाद दिया। भारत वापसी पर झूलन ने मीडियाकर्मियों से बात की और इस तथ्य पर जोर दिया कि महिला क्रिकेटरों को बेहतर बुनियादी ढांचे और जोखिम की आवश्यकता है ताकि वे अंतर्राष्ट्रीय मैचों में अधिक दक्षता से प्रतिस्पर्धा कर सकें। झूलन ने कहा कि भारत में महिला क्रिकेट को बुनियादी ढांचे के समर्थन और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के लिए अधिक जोखिम के मामले में एक छोटे से धक्का की जरूरत है। अनुभवी तेज गेंदबाज ने यह भी कहा कि अगले साल से शुरू होने वाला महिला आईपीएल महिला क्रिकेटरों के लिए दुनिया भर के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ खेलने और एक आदर्श मंच होगा। हालांकि, उन्होंने टूर्नामेंट में भाग लेने पर कोई टिप्पणी नहीं की। पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने कहा, महिला आईपीएल भारतीय क्रिकेटरों को बहुत जरूरी एक्सपोजर और बढ़ावा देगा। मैंने अभी तक यह तय नहीं किया है कि मुझे महिला आईपीएल खेलना है या नहीं। मैंने अभी तक अपने करियर में अपने अगले कदम के बारे में फैसला नहीं किया है। मुझे एक ब्रेक की जरूरत है, मैं इसका आनंद लेना चाहती हूं।

महिला आईपीएल को लेकर बताया अपना प्लान

■ झूलन ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स लंदन में खेला था

पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 : भारत का स्पेन से होगा पहला मुकाबला

लुसाने/स्विट्जरलैंड (एजेंसी)। हॉकी पुरुष विश्व कप ओडिशा 2023 में भारत का पहला मैच 13 जनवरी 2023 को स्पेन के खिलाफ होगा। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एफआईएच ने बताया कि यह मैच राउरकेला के नवनिर्मित बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा। टूर्नामेंट की शुरूआत 13 जनवरी को ही ओलंपिक 2016 की स्वर्ण पदक विजेता अर्जेंटीना और अफ्रीका की सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम दक्षिण अफ्रीका के बीच उद्घाटन मैच के साथ होगी, जो भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में खेला जाएगा।

टी-20 क्रिकेट : भारत की बादशाहत बरकरार

दुबई (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया को तीन मैच की टी-20 सीरीज में भारत ने 2-1 से हराकर आईसीसी रैंकिंग में अपनी बादशाहत को बरकरार रखा है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया अब 268 प्वाइंट्स के साथ पहले पायदान पर है, भारत ने दूसरे स्थान पर मौजूद इंग्लैंड पर सात अंकों की बढ़त बना ली है। इंग्लैंड को हार ही में पाकिस्तान के खिलाफ चौथे टी-20 मैच में हार का सामना करना पड़ा था। इंग्लिश टीम 261 प्वाइंट्स के साथ दूसरे पायदान पर है। वहीं, बात ऑस्ट्रेलियाई टीम की करें तो भारत के खिलाफ सीरीज गंवाने के बाद टीम को एक ही प्वाइंट का नुकसान हुआ है और वह 250 अंकों के साथ 6ठे पायदान पर है। आईसीसी रैंकिंग में इंग्लैंड के पास वर्ल्ड कप से पहले भारत के करीब पहुंचने का शानदार मौका है। पाकिस्तान के खिलाफ जारी सात मैचों की सीरीज अभी 2-2 की बराबरी पर है, सीरीज के अलगे तीन मैच लाहौर में खेला जाने हैं और इंग्लिश टीम सीरीज जीतने के साथ भारत के करीब पहुंचना चाहेगी। पाकिस्तान इस समय दक्षिण अफ्रीका के साथ टीम रैंकिंग में 258 अंकों के साथ तीसरे स्थान के लिए बराबरी पर है, लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ शेष तीन मैच जीतकर वह दूसरे स्थान पर पहुंच सकता है। वहीं, इंग्लैंड अगर इनमें से एक भी मैच में जीत हासिल करता है तो वह रैंकिंग में दूसरे स्थान पर बना रहेगा, जबकि दक्षिण अफ्रीका को बुधवार से शुरू होनेवाली तीन मैचों की सीरीज में भारत के खिलाफ अपना दावा पेश करने का मौका मिलेगा। बात अन्य टीमों की करें तो केन विलियमसन की अगुवाई वाली न्यूजीलैंड टीम 5वें पायदान पर है, जबकि वेस्टइंडीज, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान क्रमशः 7वें, 8वें, 9वें और 10वें स्थान पर हैं।

रोहित ने शुरू की नयी प्रथा, अब तक धोनी के नक्शेकदम पर चल रही थी टीम इंडिया

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय टीम के कप्तान के तौर पर एमएस धोनी ने एक प्रथा चलायी थी कि जब भी टीम इंडिया कोई ट्रॉफी जीतती थी, तो उस ट्रॉफी को टीम के सबसे युवा और सबसे नये खिलाड़ी को सौंपा जाता है। इसके बाद टीम इंडिया अपना फोटो सेशन ट्रॉफी के साथ कराती थी। इस प्रथा को कप्तान विराट कोहली के बाद रोहित शर्मा ने भी जारी रखा था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज जीतने का बाद कुछ अलग दिखा। दरअसल, टीम इंडिया हैदराबाद में ऑस्ट्रेलिया को हराकर टी-20 सीरीज जीती। कप्तान रोहित शर्मा ने ट्रॉफी को कलेक्ट किया और उसे टीम के सबसे सीनियर और उम्रदराज खिलाड़ी दिनेश कार्तिक को सौंप दिया। इस तरह रोहित ने एक नयी प्रथा को शुरू किया है। विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे पहले भारत के लिए डेब्यू करनेवाले खिलाड़ी हैं, जो इस समय टीम इंडिया का हिस्सा हैं। कार्तिक इस समय भारतीय टीम के सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी हैं। उनकी उम्र इस समय 37 साल है। इसके अलावा वे साल 2006 में पहला टी-20 इंटरनेशनल मैच खेलने उतरे थे। उस टीम की प्लेइंग इलेवन का जो हिस्सा थे, उनमें से दिनेश कार्तिक ही एकमात्र खिलाड़ी हैं, जो अभी इंटरनेशनल क्रिकेट खेल रहे हैं।

ऑस्ट्रेलिया को रौंदने के बाद बोले रोहित -

इस जीत का स्वाद ही अलग पर एक कमी अभी भी बाकी

हैदराबाद (एजेंसी)। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने रविवार को तीसरे और अंतिम टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में ऑस्ट्रेलिया को हराकर श्रृंखला 2-1 से जीतने के बाद कहा कि सीरीज के दौरान गेंद और बल्ले से अलग-अलग खिलाड़ियों का योगदान सकारात्मक पक्ष रहा। रोहित ने तीसरे और अंतिम मैच में छह विकेट की जीत दर्ज करने के बाद कहा, यह शानदार लम्हा था। हम अच्छा प्रदर्शन करना चाहते थे और हमने ऐसा किया। सबसे बड़ी सकारात्मक बात यह थी कि अलग-अलग खिलाड़ियों ने गेंद और बल्ले के साथ योगदान दिया। जब आप बैठकर यह सब होते हुए देख रहे होते हैं तो आप टीम प्रबंधन के रूप में अच्छा महसूस करते हैं। रोहित ने कहा कि कभी कभी आप गलती भी करते हैं, लेकिन टी-20 क्रिकेट में ऐसा होता है क्योंकि गलती की गुंजाइश काफी कम होती है। उन्होंने कहा, कई बार आप बहुत कुछ करने में गलती करते हैं। यह टी-20 क्रिकेट है और इसमें गलती की गुंजाइश बहुत कम होती है। मुझे लगा कि हमने मौके का फायदा उठाया। कभी-कभी ऐसा नहीं होता लेकिन यह एक सीख है जिसे हम अपनायेंगे। रोहित ने कहा कि कई विभागों में सुधार की गुंजाइश है विशेषकर डेथ ओवरों की गेंदबाजी में। भारतीय कप्तान ने कहा, बहुत सारे विभाग हैं (जिनमें सुधार की गुंजाइश है), खासकर हमारी डेथ ओवरों की गेंदबाजी। वे दोनों (हर्षल और बुमराह) काफी समय बाद खेल रहे हैं। उनके (ऑस्ट्रेलिया के) मध्य और निचले क्रम को गेंदबाजी करना काफी मुश्किल है। इस पर ध्यान नहीं देना चाहते। वे ब्रेक के बाद आ रहे हैं और उन्हें लय में आने में समय लगेगा।

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान आरोन फिंच ने कहा कि उन्होंने अच्छा स्कोर खड़ा किया था, लेकिन विकेट नहीं चटका पाने के कारण हार का सामना करना पड़ा। फिंच ने कहा, यह काफी अच्छी श्रृंखला रही। हमारे लिए इस श्रृंखला की खोज कैमरन ग्रीन रहा। हमने सोचा था कि हमने ठीक-ठाक स्कोर खड़ा किया है। थोड़ी ओस थी और हमें पता था कि हमें विकेट हासिल करने होंगे। आप भारतीय बल्लेबाजों को रन बनाने से रोककर जीत दर्ज नहीं कर सकते।

इटली नेशंस लीग फाइनल्स में पहुंचा, इंग्लैंड-जर्मनी ने ड्रॉ खेला

लंदन (एजेंसी)। लगातार दूसरी बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकी इटली फुटबॉल टीम ने हंगरी को 2.0 से हराकर नेशंस लीग फाइनल्स में जगह बना ली है। इटली के लिए जियाकोमो रासपाडोरी और फेडरिको डिमार्को ने गोल दागे। इटली, नीदरलैंड और क्रोएशिया ने अगले साल जून में नीदरलैंड में होनेवाले फाइनल्स के लिए अंतिम चार में जगह बना ली है। पुर्तगाल और स्पेन में से भी एक टीम इसमें शामिल होगी जिन्हें मंगलवार को आपस में खेलना है। इंग्लैंड और जर्मनी ने वेंबले स्टेडियम पर 3.3 से ड्रॉ खेला। इंग्लैंड पिछले छह मैचों में से एक भी जीत नहीं सका है और नेशंस लीग में निचले चरण में खिसक गया। वहीं, जर्मनी ने सात में से एक ही मैच जीता है। इटली ग्रुप ए3 में 11 अंक लेकर शीर्ष पर रहा।

दुर्गा पूजा की बधाई पर भड़के कट्टरपंथी

बांग्लादेश में हिंदू क्रिकेटर लिटन दास को धर्म परिवर्तन को कहा

ढाका (एजेंसी)। नवरात्रि का पर्व शुरू हो चुका है। दुनियाभर में हिंदू धर्म के लोगों में ये नौ दिन और दशहरा काफी मायने रखता है। स्पोर्ट्स स्टार्स भी सोशल मीडिया पर अपने चाहनेवालों के लिए शुभकामनाएं लिखीं। इस क्रम में बांग्लादेश में हिंदू क्रिकेटर लिटन दास ने भी फेसबुक पर दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दीं, लेकिन यह कट्टरपंथियों को पसंद नहीं आया। उनकी पोस्ट पर ढेरों लोगों ने कॉमेंट करते हुए धर्म परिवर्तन करने को कहा। दरअसल, नवरात्रि के पहले महालया पर क्रिकेटर लिटन दास ने फेसबुक पोस्ट कर नवरात्रि की बधाई दी थी। उनकी पोस्ट पर कई लोगों के कॉमेंट तो धमकी देने की तरह हैं। कई लोगों ने क्रिकेटर के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया है। लिटन की पोस्ट पर हालांकि बधाई देने वालों में कई मुस्लिम भी हैं। ऐसा नहीं है कि यह पहली बार हुआ है। उन्होंने इससे पहले कृष्ण जन्माष्टमी पर भी बधाई दी थी, तब भी उन्हें ट्रोल किया गया था और धमकी दी गई थी। उनके पोस्ट पर उल-जुलूल लिखे गये थे। यहां तक कि एक बच्चे का वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें उससे पूछा गया फेवरिट खिलाड़ी तो उसने कहा कि सौम्य सरकार को पसंद नहीं करता, क्योंकि वह हिंदू क्रिकेटर है। दूसरी ओर, बांग्लोदश में हिंदूओं के साथ ज्यादती की खबरें अक्सर आया करती हैं। कभी घर जला दिये जाते हैं तो कभी खिलाड़ी के साथ इस तरह का व्यवहार होता है। उल्लेखनीय है कि लिटन दास और सौम्य सरकार बांग्लादेश की इंटरनेशनल क्रिकेट टीम में खेलने वाले नियमित प्लेयर्स में शामिल हैं।

अफ्रीका के खिलाफ सीरीज से पहले टीम इंडिया को लगा तगड़ा झटका

नयी दिल्ली (एजेंसी)। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज से पहले भारतीय टीम को बड़ा झटका लगा है। पीटीआई के मुताबिक टीम के दो स्टार प्लेयर्स दीपक हुड्डा और मोहम्मद शमी इंजरी के चलते इस सीरीज से बाहर हुए हैं। इसके साथ ही हार्दिक पंड्या को बीसीसीआई ने रेस्ट दिया था। इन तीन खिलाडियों के ना होने से भारत के लिए सीरीज में मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं।

इन तीन खिलाडियों को मिला मौका : अब हार्दिक पंड्या की जगह स्पिन ऑलराउंडर शाहबाज अहमद को टीम में जगह मिली है। वहीं, दीपक हुड्डा की जगह श्रेयस अय्यर और मोहम्मद शमी की जगह उमेश यादव को शामिल किया गया है। उमेश यादव तो टीम के साथ तिरूवनंतपुरम पहुंच चुके हैं। गौरतलब है कि शमी की जगह उमेश यादव को ऑस्ट्रेलिया सीरीज में मौका मिला था। साउथ अफ्रीकी टीम रविवार से ही केरल की राजधानी में है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक वरिष्ठ सूत्र ने बताया, शमी कोविड-19 से उबर नहीं पाये हैं। उन्हें और समय की जरूरत है और इसलिए वह दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला से बाहर हो जायेंगे। उमेश यादव साउथ अफ्रीका सीरीज के लिए शमी के विकल्प के तौर पर टीम में बने रहेंगे। हालांकि, यह पूछे जाने पर कि हार्दिक पंड्या के स्थान पर शाहबाज को क्यों चुना गया है, सूत्र ने कहा, क्या कोई तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर है जो हार्दिक की जगह ले सकता है। राज बावा को बहुत कम अनुभव है और इसलिए हमने उन्हें अनुभव दिलाने के लिए भारत ए टीम में रखा। उसे निखरने के लिए समय की जरूत है।

बीसीसीआई ने दिया था हुड्डा को लेकर अपडेट : दीपक हुड्डा को पीठ में चोट लग गयी थी, जिसे लेकर बीसीसीआई ने रविवार को बयान जारी किया था। बीसीसीआई ने कहा था, दीपक हुड्डा पीठ की चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टी-20 में चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे। अब यह पता चला है कि दीपक हुड्डा को एनसीए में रिहैब करना पड़ सकता है।

टीम इंडिया का कार्यक्रम

- पहला टी-20- 28 सितंबर (तिरूवनंतपुरम)
- दूसरा टी-20- 2 अक्टूबर (गुवाहाटी)
- तीसरा टी-20- 4 अक्टूबर (इंदौर)
- पहला वनडे- 6 अक्टूबर (लखनऊ)
- दूसरा वनडे- 9 अक्टूबर (रांची)
- तीसरा वनडे- 11 अक्टूबर (दिल्ली)

भारतीय टीम : रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उप-कप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), आर अश्विन, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, अर्शदीप सिंह, हर्षल पटेल, दीपक चाहर, जसप्रीत बुमराह, उमेश यादव, श्रेयस अय्यर।

विराट कर रहे थे आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी फिर डगआउट से रोहित-द्रविड़ ने भेजा मैसेज

हैदराबाद (एजेंसी)। रविवार रात भारत ने ऑस्ट्रेलिया को तीसरे और निर्णायक मुकाबले में पांच विकेट से धूल चटाकर 2-1 से सीरीज अपने नाम की। भारत की इस जीत के हीरो सूर्यकुमार यादव और विराट कोहली रहे जिन्होंने अर्धशतक जड़े। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदरी भी हुई थी। फॉर्म में लौट चुके किंग कोहली ने अपनी पारी का आगाज आक्रामक अंदाज में किया था। वह शुरुआती कुछ गेंदों से ही बाउंड्री बटोर रहे थे, लेकिन जब सूर्यकुमार यादव ने तेजी से खेलने शुरू किया तो कोहली रूक कर खेलने लगे, क्योंकि कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ ने उन्हें डगआउट से यह मैसेज भेजा था। जी हां, मैच के बाद खुद विराट कोहली ने इसके बारे में बताया। किंग कोहली ने मैच के बाद कहा, जब सूर्या ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करना शुरू किया तो मैंने भी डगआउट की तरफ देखा। रोहित और राहुल भाई दोनों ने मुझसे कहा, आप बस बल्लेबाजी करते रहें क्योंकि सूर्या इसे अच्छी तरह से मार रहा था। यह सिर्फ एक साझेदारी बनाने के बारे में था। मैंने अभी अपने अनुभव का थोड़ा सा उपयोग किया है।